# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


नर्मदापुरम में तवा डेम नौ गेट खोले गए



## 72 घंटे से प्रदेश में लगातार बारिश, कई जिलों में बिगड़े हालात, स्कूलों में आज छुट्टी, कल से मिलेगी राहत

# अखंड 'धारा'

### भोपाल में महीने का कोटा पूरा, सीजन में अब 30 फीसदी की और जरूरत, प्रदेश में 54 फीसदी अधिक, गुना में 235 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के कई जिलों में बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अलग-अलग क्षेत्रों में करीब 90 से ज्यादा लोग फंस गए थे। एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीम ने 50 से अधिक लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। अशोकनगर में 67 लोगों का रेस्क्यू किया गया। शिवपुरी के बदरवास में सीएम राइज स्कूल में फंसे 20 बच्चों को बचाया गया। रायसेन के परवरिया माता मंदिर के पास 40 से ज्यादा मजदूर फंसे थे। इन्हें बोट के सहारे पानी से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। शिवपुरी जिले में बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं।

### राजधानी में 48 घंटे में 126 मिमी बारिश, एक जुलाई से मंगलवार तक हुई 366.2 मिमी बारिश



भोपाल प्रशासन अकादमी के सामने

**यह हैं हालात**

- गुना, विदिशा, रायसेन में बाढ़ के हालात, गांवों घुस रहा पानी कई मार्ग बंद
- अशोकनगर में 67 और रायसेन में 50 से अधिक लोगों का रेस्क्यू
- जबलपुर-नरसिंहपुर स्टेट हाईवे-22, सीहोर में चरनाल कुरावर रोड बंद

1 गुना



2 रायसेन



3 विदिशा



**भोपाल में करीब 100 घरों में जलभराव**

भोपाल की ईको ग्रीन पार्क अयोध्या बाइपास में बाढ़ जैसे हालात है। यहां घरों में पानी भर रहा है। करीब 100 घर हैं। सड़क पर दो फीट तक पानी है। कलेक्टर के निर्देश के बाद नगर निगम और एसडीएम की टीम यहां पहुंची हैं। बीती रात में स्थिति ज्यादा बिगड़ गई थी।



**नरसिंहपुर: अनेकों मार्ग हुए ठप**

जबलपुर-नरसिंहपुर स्टेट हाईवे-22 पर स्थित मानेगांव के पास बाण गंगा नदी पर बना पुल लगातार हो रही भारी बारिश के कारण पूरी तरह जलमग्न हो गया है। यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है। पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। गोटेगांव की ओर स्थित ऊमर नदी पर कमती इमलिया गांव के बीच बना पुल भी पानी में डूब गया।

**दमोह:** दमोह के बम्होरी गांव से सोमवार शाम एक गर्भवती महिला विनीता रैकवार को रेस्क्यू कर तेंदूखेड़ा अस्पताल लाया गया था। मंगलवार सुबह उसने शिशु को जन्म दिया है।


**गुना:** बमोरी में कलोरा डैम की वेस्ट बीयर टूट गई। ये बांध करीब 70 साल पुराना है जो 1956 में बना था। तहसीलदार देवदत्त गोलिया ने बताया कि ऐहतियातन कुछ गांवों से ग्रामीणों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

---

**खबर संक्षेप**

### गोल्डन टेंपल को उड़ाने की फिर मिली धमकी

**अमृतसर।** अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल को आरडीएक्स से उड़ाने की एक बार फिर धमकी मिली है। यह धमकी एसजीपीसी की ई-मेल पर भेजी गई है। ई-मेल में लिखे संदेश की शैली वही है, जो इससे पहले दी गई 13 धमकियों में लिखी गई है। हैरानी की बात तो यह कि अभी तक पुलिस आरोपी का पता नहीं लगा सकी है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ई-मेल भेजने वाले की लोकेशंस बार-बार बदली जा रही हैं। उसका आइपी एड्रेस कभी देश के राज्यों में तो कभी विदेश में ट्रेस किया रहा है।

### बंगाल, असम व बिहार के 94 लोग रडार पर

**ग्वालियर।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई तेज हो चुकी है।



मध्यप्रदेश के छह जिलों ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, कटनी और शाजापुर में 386 संदिग्धों की पहचान की जा चुकी है। अकेले ग्वालियर जिले में 94 संदेही चिन्हित किए गए हैं।

---

## 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद में 16 घंटे की बहस

### राहुल गांधी के सवाल पर पीएम मोदी का जवाब- दुनिया के किसी भी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा

# पाक गिड़गिड़ाया था-बस करो, बहुत मारे...अब और मार झेलने की ताकत नहीं, हमला 'रोक' दो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चल रही चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी भी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा। अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने मुझे फोन पर बताया कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है और मेरा जवाब था कि अगर पाकिस्तान का ये ईरादा है, तो उनको बहुत महंगा पड़ेगा। हम बड़ा हमला करके जवाब देंगे।

मैंने कहा था कि हम गोली का जवाब गोले से देंगे। ये 9 तारीख की बात है। और 9 तारीख रात और 10 तारीख सुबह हमने पाकिस्तान की सैन्य शक्ति को तहस-नहस कर दिया था। यही हमारा जवाब था और यही हमारा जज्बा था। उन्होंने आगे कहा कि नौ मई की मध्य रात्रि और दस मई की सुबह हमारी मिसाइलों ने पाकिस्तान के कोनों में प्रहार किया और पाकिस्तान को घुटनों पर आने के लिए मजबूर किया। पीएम मोदी ने कहा कि जब पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार हुआ, तो पाकिस्तान ने फोन करके डीजीएमओ के सामने फोन करके गुहार लगाई कि बस करो बहुत मारे।

> अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने कहा था- पाक बड़ा हमला करने वाला है, मैंने कहा था-उसे बहुत महंगा पड़ेगा

### पीएम ने कहा कि देश देख रहा है कि भारत आत्मनिर्भर बनता जा रहा है। लेकिन देश ये भी देख रहा है कि कांग्रेस मुद्दों के लिए पाकिस्तान पर निर्भर होती जा रही है

» *पाकिस्तान ने दुस्साहस की अगर कल्पना की, तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा*

» *लोकतंत्र के इस मंदिर में मैं दोहराना चाहता हूं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' जारी है*



**और क्या बोले पीएम**

**1 कांग्रेस ने पाकिस्तान को मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा दिया**

*देश पर पाकिस्तान समर्थित बड़े-बड़े आतंकी हमले होते रहे, लेकिन कांग्रेस ने पाकिस्तान को मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा दे रखा था। वह कभी वापस नहीं लिया। पाकिस्तान वहां से खून की होली खेलने वाले आतंकियों को भेजता रहा और कांग्रेस यहां अमन की आस के मुशायरे किया करती थी। हमने आतंकवाद और अमन की आस का ये वन वे ट्रैफिक बंद कर दिया। पीएम ने कहा कि हमने पाकिस्तान का एमएफएन का दर्जा रद्द किया, वीजा बंद किया। अटारी-वाघा बॉर्डर बंद कर दिया।*

**2 पाकिस्तान की 1000 मिसाइलें हवा में चूर-चूर**

पाकिस्तान ने 1000 मिसाइलों से हमला किया। ये अगर गिरती तो बहुत तबाही मच जाती, लेकिन एयर डिफेंस ने ये मिसाइलें आसमान में ही चूर-चूर कर दीं। हर देशवासी को गर्व है। लेकिन जैसे कांग्रेस इंतजार कर रही थी कि अब मोदी कहीं तो फंसेगा, मरेगा। आदमपुर को लेकर झूठ फैलाने की कोशिश की। अगले ही दिन मैं आदमपुर एयरबेस गया और उनका झूठ सामने ला दिया। छोटी पार्टियां जो बोलती हैं, उनका समझ में आता है, लेकिन कांग्रेस पार्टी को शासन की पूरी समझ है। देश की बड़ी पार्टी है। देश का विदेश मंत्रालय, गृहमंत्री, रक्षामंत्री कुछ बोले, उस पर विश्वास नहीं। जब उनको व्यवस्थाओं पर भरोसा नहीं तो शक होता है कि क्या हालत हो गई है इनकी।

> कांग्रेस इंतजार कर रही थी कि अब मोदी कहीं तो फंसेगा, मरेगा। आदमपुर को लेकर झूठ फैलाने की कोशिश की। अगले ही दिन मैं आदमपुर एयरबेस गया और उनका झूठ सामने ला दिया।

### राहुल गांधी का पीएम को सीधा चैलेंज

## इंदिरा गांधी जैसी हिम्मत है तो बोल दें ट्रंप झूठे हैं



लोकसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने पायलटों के हाथ बांधकर उन्हें जंग लड़ने भेजा था और सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है।

**जंग पाकिस्तान से नहीं चीन से**

उन्होंने कहा कि सरकार की विदेश नीति के लिए पाकिस्तान और चीन बहुत बड़ी चुनौती हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भी सरकार को बाद में पता चला कि जंग पाकिस्तान से नहीं चीन के खिलाफ थी। राहुल गांधी ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तानी सेना और वायुसेना चीन के साथ मिल गई थीं। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी वायुसेना की थ्योरी भी पूरी तरह बदल गई थी।

◆ गृहमंत्री शाह ने संसद को बताया कि पहलगाम के आतंकियों का कैसे हुआ सफाया?

### तब हमले में दागी गई वही गोलियां आतंकियों की बुलेट शेल्स से मिलीं




जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के दोषियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन महादेव' के तहत सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तीन खतरनाक आतंकियों को ढेर कर दिया। इनमें से एक लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर था।

---

**झारखंड के देवघर में सुबह 5.30 बजे बड़ा हादसा**

# कांवड़ियों की बस ट्रक से जा टकराई, 18 की मौत

- जल चढ़ाने आए थे श्रद्धालु
- बस के परखच्चे उड़ गए



एजेंसी ▶▶ देवघर

झारखंड के देवघर जिले में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां बस और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में 18 कांवड़ियों की मौत हो गई। जबकि 20 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य किया। यह हादसा गोड्डा-देवघर मुख्य मार्ग पर मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया मोड़ के पास हुआ।

घटना मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे की है। सूचना मिलने पर मोहनपुर थाना प्रभारी प्रियरंजन समेत पुलिस टीम पहुंची और राहत-बचाव किया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए मोहनपुर सीएचसी भेजा गया। स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि हादसे में 20 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए हैं। हादसा इतना जबरदस्त था कि बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे पर स्थानीय भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दुख जाताया है। उन्होंने कहा कि मेरे लोकसभा के देवघर में श्रावण मास में कांवर यात्रा के दौरान बस और ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण 18 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है।

बाबा बैद्यनाथ उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। हादसे पर सीएम हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार सुबह देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस दुर्घटना में बस सवार श्रद्धालुओं की मृत्यु की अत्यंत दुःखद सूचना मिली है। जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य के साथ घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।

**उज्जैन में दर्शन के लिए भक्तों की लगी रहीं लंबी कतारें**

# सात लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

नागपंचमी के मौके पर मध्यप्रदेश के शिवालयों और नाग मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर की तीसरी मंजिल पर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट रात 12 बजे खोले गए। महानिर्वाणी अखाड़ा के महंत श्री विनीत गिरी महाराज ने त्रिकाल पूजन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ। उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर में



रात आठ बजे तक 7 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं। बारिश के बावजूद गेट नंबर 4 पर भक्तों की 2 किमी लंबी लाइन लगी है। श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट हर साल सिर्फ एक बार नागपंचमी के दिन 24 घंटे के लिए खोले जाते हैं। क्राउड मैनेजमेंट और सिक्योरिटी के लिए 200 सीनियर अफसर, 2500 कर्मचारी, 1800 पुलिसकर्मी और 560 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

### राजस्थान का हेरोइन तस्कर उज्जैन से गिरफ्तार, धार्मिक स्थलों के आसपास फरारी काटी

बनारस, असम, प. बंगाल को ठिकाना बनाया

# शवों के साथ तंत्र साधना करता रहा तस्कर उज्जैन में 'अघोरी' बनकर छिपा था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

राजस्थान का हेरोइन (चिट्टा) तस्कर उज्जैन में अघोरी बनकर रह रहा था। हुलिए के साथ ही उसने नाम भी बदल लिया था। पिछले ढाई साल से राजस्थान पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। सोमवार को पुलिस ने उसे उज्जैन से गिरफ्तार किया। पुलिस उसे हनुमानगढ़ (राजस्थान) लेकर आई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि सिद्धि प्राप्ति के लिए उसने बनारस, उज्जैन (महाकाल मंदिर), कामख्या मंदिर (असम), वीरभूम (पश्चिम बंगाल) के तारापीठ मंदिर इलाके में 100 से ज्यादों शवों के साथ तंत्र साधना की। हनुमानगढ़ के पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि 14 मार्च 2023 को हनुमानगढ़ टाउन पुलिस ने नवीन कुमार निवासी चोहिलावाली (हनुमानगढ़), ताराचंद और सुरेंद्र कुमार उर्फ छिंदा (हनुमानगढ़) को गिरफ्तार किया था। इनके पास से 115 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) मिला था।

**100 से ज्यादों शवों के साथ की तंत्र साधना**





**देश के प्रसिद्ध मंदिरों को बनाया ठिकाना**

टाउन (हनुमानगढ़) थानाधिकारी सुभाषचंद्र के अनुसार फरारी के बाद पूर्णराम ने अपनी पहचान बदल ली। वह अघोरी वेश धारण कर विभिन्न तीर्थ स्थलों पर रहने लगा। सबसे पहले उज्जैन के महाकाल मंदिर इलाके को भी उसने ठिकाना बनाया। वह 'पूर्णराम अघोरी' के नाम से तंत्र साधना करता रहा। यहां उसने चेले बनाने भी शुरू कर दिए थे। इसके बाद वह पश्चिम बंगाल के तारापीठ वीरभूमि, कामाख्या, गुवाहाटी (असम) के नीलांचल पर्वत और काशी (वाराणसी) स्थित काल भैरव मंदिर इलाके में भी साधना करता रहा। बाद में वह दोबारा उज्जैन आकर रहने लगा था।

## सजा काटने के बाद भी दोषी की रिहाई रोकने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

# इस तरह के रवैए से तो हर दोषी जेल में मर जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नीतीश कटारा मर्डर के एक मामले में सजा समीक्षा बोर्ड को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने मार्च में 20 साल की सजा पूरी कर लेने के बाद भी एक दोषी को रिहा नहीं करने पर कोर्ट नाराज दिखा। कहा कि अगर यही हाल रहा तो हर दोषी जेल में ही मरेगा। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान को रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने माना कि इस साल मार्च में उसने अपनी 20 साल की सजा पूरी कर ली है। सजा समीक्षा बोर्ड ने यादव के आचरण का हवाला देते हुए उसकी माफी की याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत ने एसआरबी की कार्रवाई पर आश्चर्य व्यक्त किया। कहा कि वह कोर्ट द्वारा पारित आदेश पर कैसे रोक लगा सकता है।

**नीतीश कटारा मर्डर के एक मामले में सजा पर की सुनवाई**

**कोर्ट ने माना वह 20 साल की सजा पूरी कर चुका**



### न्यायिक प्राधिकारी के आदेश को नहीं रोक सकते

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि सजा समीक्षा बोर्ड न्यायिक प्राधिकारी के आदेश को कैसे दबा सकता है? अगर यही रवैया रहा तो हर दोषी जेल में ही मरेगा। क्या यही कार्यपालिका का आचरण है? शीर्ष कोर्ट ने कहा कि यादव को 20 साल की सजा पूरी होने के बाद रिहा कर दिया जाना चाहिए था।

**एएसजी ने आजीवन कारावास की व्याख्या की**

*दिल्ली सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे ने तर्क दिया कि 20 साल की सजा के बाद स्वतः रिहाई नहीं हो सकती। आजीवन कारावास का अर्थ है जीवन शेष रहने तक जेल में रहना। हालांकि, यादव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ मृदुल ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने 9 मार्च 2025 को अपनी सजा पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि यादव को 9 मार्च के बाद हिरासत में रखने का कोई वैध कारण नहीं है। दिल्ली सरकार ने सजा की गलत व्याख्या की है।*

### कानूनी सलाह देने वकीलों को समन जारी नहीं कर सकती जांच एजेंसी

*सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अगर कोई व्यक्ति सिर्फ वकील के तौर पर काम करते हुए आपराधिक मामलों के जांच का सामना करने वाले अपने मुवक्किलों को कानूनी सलाह देता है या उनका प्रतिनिधित्व करता तो जांच एजेंसी उन्हें समन जारी कर नहीं बुला सकता है। हालांकि शीर्ष अदालत ने यह साफ कर दिया है कि कोई अधिवक्ता अपराध करने में अपने मुवक्किल का मदद कर रहा है तो जांच एजेंसी द्वारा समन जारी कर उन्हें बुलाया जा सकता है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ईडी सारी हदें पार कर रही है।*






### बालाजी मामले में तमिलनाडु सरकार को लगाई फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार द्वारा पूर्व राज्य मंत्री वी. सेंथिल बालाजी से जुड़े मामलों में 2000 से अधिक लोगों को कथित 'नकदी के बदले नौकरी' घोटाले में आरोपी बनाकर मुकदमे में देरी करने के प्रयास पर नाराजगी जताई।न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इसेन्यायिक व्यवस्था के साथ पूर्ण धोखाधड़ी बताया। और बालाजी से जुड़े सभी लंबित मामलों को शीर्ष अदालत में सूचीबद्ध करने का आदेश दिया और मामले की सुनवाई बुधवार के लिए स्थगित कर दी।

## खबर संक्षेप

### बांके बिहारी मामला: 10 दिन में होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के आस-पास रहने वाले मूल निवासियों के प्रार्थना पत्रों पर अधिवक्ता एपी सिंह की याचिका पर मंगलवार को जजों की डबल बेंच ने सुनवाई की। इसके बाद प्रकरण को सुनवाई के लिए चीफ जस्टिस की अदालत में अग्रेषित कर दिया। चीफ जस्टिस द्वारा 10 दिन के भीतर मामलों की सुनवाई की जाएगी।

### 80 से अधिक विद्यार्थियों की हालत बिगड़ी




**बुलंदशहर।** स्याना तहसील क्षेत्र के ग्राम कनौना स्थित इंटर कालेज में मच्छरों को मारने के लिए की गई फागिंग के बाद 80 से अधिक विद्यार्थियों की हालत बिगड़ गई थी। इसमें से 45 विद्यार्थियों को सीएचसी स्याना भर्ती कराया गया था। देर रात 3 विद्यार्थियों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। 42 मेरठ मेडिकल रेफर किया।

### सीए ने शरीर में जहरीली गैस भरकर दी जान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाराखंभा इलाके में एक होटल के कमरे में चार्टर्ड अकाउंटेंट धीरज कंसल की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। आत्महत्या के इसतरीके ने सबको चौंका दिया है। 25 साल के धीरज ने अपनी जान लेने के लिए हीलियम गैस का इस्तेमाल किया है। उसने पाइप के जरिए मुंह में हीलियम गैस भरी और मौत हो गई।

### फोटो भेज कटवाएं चालान जीतें 50 हजार इनाम



**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस आप और मेरे जैसे लोगों को दिल्ली पुलिस के ट्रैफिक प्रहरी ऐप की मदद से मौके पर ही ट्रैफिक उल्लंघन की रिपोर्ट करने का अधिकार दिया है। नागरिक कर्तव्य निभाने के अलावा, अधिकारी ज़िम्मेदार नागरिकों को नकद पुरस्कार भी दे रहे हैं, जिसमें शीर्ष योगदानकर्ता को 50,000 तक का नकद पुरस्कार मिलेगा।

### बुजुर्ग को थार ने जान बूझकर मारी टक्कर



**गांधीनगर।** पॉश इलाका गांधीनगर में थार से बुजुर्ग को जानबूझकर थार को रिवर्स कर टक्कर मारने के सामने आए सीसीटीवी फुटेज ने पूरे शहर को हैरान कर दिया है। यह वारदात रविवार दोपहर डेढ़ बजे की है।तेज रफ्तार थार से गांधीनगर निवासी बुजुर्ग कमल कांत दत्ता लड़खड़ाकर स्कूटी लेकर गिर जाते हैं। वाहन को रिवर्स टक्कर मार दी।

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान 'माननीयों' के बीच गरमा-गरमी

# नड्डा और खरगे में दिखी तू-तू मैं-मैं, फिर केंद्रीय मंत्री ने शब्द लिए वापस, मांगी क्षमा

### प्रधानमंत्री मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्द बोलने पर भड़के नड्डा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में चर्चा के दौरान सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। सरकार की आलोचना करते हुए खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्द का इस इस्तेमाल किया। इस पर सदन के नेता जेपी नड्डा भड़क गए और खरगे के लिए भी आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया। दोनों नेताओं के बीच सदन में तू-तू-मैं-मैं देखने को मिला।

ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में सदन के नेता नड्डा ने कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे बहुत वरिष्ठ नेता हैं लेकिन जिस तरह से उन्होंने प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की.। मैं उनकी तकलीफ समझ सकता हूं। वह (प्रधानमंत्री मोदी) 11 साल से वहां हैं। वह दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। नड्डा ने कहा कि खरगे अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इस बयान के बाद कांग्रेस के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया।

**खरगे के लिए भी आपत्तिजनक शब्द कहे**

**बोले-गलती की हो तो शब्दों को वापस लेता हूं**



### नड्डा ने खरगे से मांफी मांगी

*राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने खरगे पर दिए गए अपने बयान के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा कि हम विपक्ष के नेता का सम्मान करते हैं। मैंने अपने शब्द वापस लेता हूं। अगर आपको ठेस पहुंची हो तो मैं क्षमा भी मांगता हूं। लेकिन आप भी भावनाओं में बह गए थे। आप इतने बह गए थे कि आपको प्रधानमंत्री की गरिमा का भी ध्यान नहीं रहा, यह दुखद है।*

### खरगे ने पीएम मोदी को कही ये बात

ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि हम बैठक (सर्वदलीय) में शामिल हुए लेकिन आप चुनाव प्रचार के लिए बिहार गए। क्या यही आपकी देशभक्ति है?...उन्हें आज सदन में होना चाहिए था और हमारी बात सुननी चाहिए थी। अगर आपमें सुनने की क्षमता नहीं है, तो आप उस पद पर रहने के लायक नहीं हैं। खरगे ने पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक शब्द का भी इस्तेमाल किया। जिसका भाजपा के सदस्यों ने जमकर विरोध किया।

### फिर खरगे ने सम्मान जताया



राज्यसभा में सदन के नड्डा द्वारा उन पर की गई टिप्पणी को वापस लेने पर सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस सदन में कुछ नेता हैं जिनके प्रति मेरे मन में अपार सम्मान है। नड्डा भी उनमें से एक हैं। राजनाथ सिंह और वह ऐसे मंत्री हैं जो बिना अपना संतुलन खोए बोलते हैं। वे आज मुझे बता रहे हैं। यह शर्म की बात है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए, मैं इसे ऐसे ही नहीं छोड़ने वाला।

### आप बिना बुलाए पाक के गले मिले

*खरगे ने 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की औचक पाकिस्तान यात्रा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान की निंदा करते रहे हैं, लेकिन हम इधर निंदा करते हैं और आप जाकर उनकी दावत में उन्हें गले लगा लेते हैं। आप खुद ही गलती करते हैं और दूसरों को पाठ पढ़ाते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। हमारी पार्टी का देश के विकास में बड़ा योगदान है, लेकिन आपके पास एक भी ऐसी उपलब्धि नहीं है। आप पंडित नेहरू को बहुत कोसते हैं। पहलगाम में आतंकी कहां से आए? उन्होंने कहा कि हमले से सिर्फ तीन दिन पहले प्रधानमंत्री ने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। मैंने पहले भी पूछा था, लेकिन जवाब नहीं मिला कि क्या आपके पास आतंकी हमले की सूचना थी?पहलगाम में हमला हुआ, लेकिन सरकार कह रही है कि जो कुछ हमने किया, वो सही किया। राहुल गांधी ने पहलगाम हमले को लेकर विशेष सत्र बुलाने की मांग की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।*

**प्रियंका बोलीं नेहरू इंदिरा और मां के आंसुओं पर बात की पर युद्ध क्यों रोका?**



लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने अपने भाषण में नेहरू, इंदिरा गांधी और मेरी मां सोनिया गांधी के आंसुओं की बात की, लेकिन ये नहीं बताया कि संघर्ष के बीच अचानक ऑपरेशन क्यों रोका गया? प्रियंका ने सवाल उठाया कि दुश्मन पीछे हट रहा था, तब सरकार ने सीजफायर का फैसला क्यों लिया और देश को इसकी वजह क्यों नहीं बताई गई। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री की गंभीर गैर-जिम्मेदारी बताया।

## भाजपा सांसद निशिकांत का पलटवार

# कांग्रेस के 40 सांसद रूस के लिए मुखबिरी करते थे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद निशिकांत ने कहा कि कांग्रेस आर्मी चीफ की इज्जत नहीं करती है। 1962 में कांग्रेस ने नेहरू के चचेरे भाई कौल को असम नेपा का हेड बनाया। जब हम हार गए तो कौल भाग आया। नेहरू ने उस युद्ध में वायुसेना का उपयोग नहीं करने दिया। कांग्रेस ने 1962,1965 और 1971 में कितने एयरक्राफ्ट गिरे यह कभी नहीं बताया। दुबे ने कहा कि पाकिस्तान को जिन्ना और लियाकत अली ने बनाया। जब लियाकत अली जब देश का कट्टर नागरिक होना चाहता था तो नेहरू ने अपनी बहन विजय लक्ष्मी पंडित को मॉस्को राजदूत बनाया तो लियाकत अली दुखी हुआ और उसने भारत को बांट दिया। यही परिवारवाद कांग्रेस को यहां तक ले आया। कांग्रेस के 40 सांसद रूस के लिए मुखबिरी करते थे।

### तिवारी का थरूर पर तंज, भारत की बात सुनाता हूं...'

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने शशि थरूर का जिक्र कर लिखा। ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में जारी चर्चा के दौरान जहां एक ओर कांग्रेस सरकार को घेरने की कोशिश कर रही है, वहीं पार्टी के भीतर असंतोष के सुर भी उभरकर सामने आ रहे हैं। वरिष्ठ नेता शशि थरूर के चर्चा में शामिल न होने पर पहले से सवाल उठ रहे थे और अब तिवारी की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने इस बहस को और रोमांचक बना दिया है। तिवारी ने एक्स पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें बताया गया कि उन्हें और थरूर को संसद बहस से दूर रखा गया है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ 1970 की फिल्म 'पूरब और पश्चिम' के देशभक्ति गीत की पंक्तियां लिखीं कि भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं।

### विश्वगुरू ने देश को निराश किया: कनिमोझी

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान डीएमके सांसद कनिमोझी ने पीएम मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'विश्वगुरु' ने अपने ही देश के लोगों को निराश किया है। यदि भारत वास्तव में विश्वगुरु है तो आतंकवादी हमले क्यों होते रहते हैं। डीएमके सांसद ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का पर्दाफाश करने के लिए विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया।

**ईडी ने पूछे सवाल तो लड़खड़ाने लगी छांगुर की जुबान, जवाब देने में बाबा करने लगा इधर-उधर**

# धर्म परिवर्तन क्यों करवाते थे? किसी 'राजनेता' से मिलीभगत तो नहीं?




एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में जबरन धर्मांतरण कराने के आरोप में गिरफ्तार छांगुर बाबा की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। लखनऊ में उसे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी की टीम उसे कस्टडी रिमांड पर लेकर चली गई थी। ईडी ने उससे अवैध धर्मांतरण और देश विरोधी गतिविधियों को लेकर कई सवाल किए गए। छांगुर का ईडी के सवालों से सामना हुआ तो उसकी जुबान लड़खड़ाने लग गई।सूत्रों के अनुसार छांगुर ईडी के सवालों का जवाब नहीं दे पा रहा।

### ईडी ने पूछे ये सवाल

**सवाल:** तुम्हारे पास इतने पैसे विदेशों से क्यों भेजे जाते थे, इन पैसों का क्या करते हो?
**जवाब:** दीन और इस्लाम प्रचार में बहुत पैसे खर्च होते हैं साहब, बाकि मेरे पैसे जो भी आए वो इस्लाम और इसके प्रचार-प्रसार के लिए ही चंदे के तौर पर आए हैं।
**सवाल:** धर्म परिवर्तन क्यों करवाते थे? इसके पीछे क्या मकसद था?
**जवाब:** कोई मकसद नहीं था मेरा, मैंने सिर्फ इस्लाम के प्रचार-प्रसार का काम किया है। कोई अपने मन से ही धर्म परिवर्तन करना चाहता है तो मेरी कोई गलती नहीं है, मैंने कभी ये सब काम पैसो के लिए नहीं किया न ही कभी किसी का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया।
**सवाल:** क्या दूसरे देशों से भी तुम्हे इंस्ट्रक्शन मिलता था इस्लाम के प्रचार के लिए?
**जवाब:** मैं निर्दोष हूं, मैं जो करता था सिर्फ अल्लाह के दिखाए मार्ग पर काम करता था।
**सवाल:** क्या जो तुमने संपत्ति बनाई है क्या उसकी इनकम टैक्स को जानकारी दी है?
**जवाब:** ये मेरी संपत्ति है, मैंने किसी की संपत्ति नहीं हड़पी। लोगो ने दीन के प्रचार के लिए दिया है इस पर सरकार और इनकम टैक्स का कोई हक नहीं है।
**सवाल:** देश विरोधी गतिविधियों में भी इन पैसों का उपयोग किया है तुमने?
**जवाब:** मैं निर्दोष हूं, मैंने कोई गलत काम कभी नहीं किया है।
**सवाल:** तुमने ये पैसा कहां कहां खर्च किया? इस सवाल पर छांगुर कुछ नहीं बोला। ईडी ने बैंक स्टेटमेंट की पूरी फाइल रखी और एक-एक रुपएके बारे में पूछा। छांगुर इन पैसों के बारे में नहीं बता पाया।
**सवाल:** क्या तुमने विदेश में भी कोई संपत्ति खरीदी है या पैसा भेजा है?
**जवाब:** इसका कोई माकूल जवाब नहीं दिया है।
**सवाल:** क्या किसी राजनेता, सरकारी अफसर या व्यापारी से मिलीभगत है तुम्हारी?
**जवाब:** छांगुर ने कुछ लोगों का नाम बताए जो छांगूर के अच्छे संपर्क में थे। दरख्वास्त करता था।
**सवाल:** नेपाल में तुम्हारा नेटवर्क क्या है?
**जवाब:** मुझे नहीं पता हवाला के पैसों के बारे में, रकम सिर्फ चंदे के तौर पर ली जाती थी।
**सवाल:** तुम भारत में मुस्लिम राष्ट्र स्थापित करना क्यों चाहते थे?
**जवाब:** मैं सिर्फ दीन और अल्लाह की बात करता हूं, उनके दिखाए मार्ग पर चलता हूं। मैं बेकसूर हूं।


**केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने बाघ दिवस पर कहा**

# भारत आईबीसीए के माध्यम से वैश्विक बाघ संरक्षण में अग्रणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, नई दिल्ली में आयोजित वैश्विक बाघ दिवस समारोह की अध्यक्षता की। वन्यजीव संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए भ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत में बाघ अभयारण्यों की संख्या वर्ष 2014 में 46 से बढ़कर आज तक 58 हो गई है। यह वृद्धि हमारे राष्ट्रीय पशु की सुरक्षा के प्रति प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### सात बड़ी बिल्लियों का संरक्षण करेंगे



केंद्रीय पर्यावरण मंत्रीयादव ने भारत द्वारा शुरू किए गए अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में पाई जाने वाली सात बड़ी बिल्लियों का संरक्षण करना है। उन्होंने बताया कि 24 देश पहले ही इस वैश्विक प्रयास में शामिल होने के लिए सहमत हो चुके हैं और इसका मुख्यालय भारत में होगा। यह देश के लिए अच्छा है।

**राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान जल्द होगा शुरू**

इस दौरान यादव ने राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान शुभारंभ करने की घोषणा की, जिसके अंतर्गत सभी 58 बाघ अभयारण्यों में 1 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इससे यह दुनिया में इस तरह के सबसे बड़े अभियानों में से एक बन जाएगा।

## हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश ने फिर मचाई तबाही

# मंडी में बादल फटने से 3 की मौत, कई गाड़ियां दबीं

एजेंसी ▶▶ मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भारी बारिश ने फिर तबाही मचाई है। बादल फटने से इस बार मंडी शहर के विभिन्न स्थानों पर कहर बरपा है। मंडी शहर के जेल रोड़ में अभी तक तीन लोगों की पानी के बहाव में बहने से मौत की पुष्टि हुई है। एक महिला का शव मलबे में दबी गाड़ियों के बीच में फंसा हुआ था, जिसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकला गया।

### खास बातें

- बाढ़ में दर्जनों छोटे-बड़े वाहन मलबे में दब गए
- सेना तैनात

### लोगों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला



*मलबे में फंसे कई लोगों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया। मंडी सदर क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थान आज बंद रखने का फैसला लिया गया। बादल फटने के बाद आई बाढ़ में दर्जनों छोटे-बड़े वाहन मलबे में दब गए हैं और कुछ बह गए हैं। पैलेस कॉलोनी, जोनल अस्पताल और अन्य स्थानों पर बारिश ने कहर बरपाया है। पुलिस विभाग, एनडीआरएफ, होमगार्ड और अग्निशमन विभाग की टीमों की ओर से बचाव एवं राहत कार्य चलाया जा रहा है।*

**पाली में फिर बरसे बादल, कई कॉलोनियों में पानी भरा**

पाली। पाली की सुबह अचानक जब आसमान में काली घटाएं छा गईं तो शहरवासियों की चिंता एक बार फिर गहरा गई। भारी बारिश के बाद अब भी कई कॉलोनियों में पानी जमा है। हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं और ऐसे में जब बादल फिर से बरसने को तैयार हैं। जैसे ही बारिश शुरू हुई, उन मोहल्लों में रहने वाले लोग फिर सहम गए, जहाँ अब तक पानी निकासी नहीं हो पाई है।कई कॉलोनियों में लोग जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं।

### देशभर में बारिश से परेशानी

### मुंबई में जाम, उत्तर प्रदेश में सड़कें जलमग्न

*देश के कई हिस्सों में मानसून की बारिश ने एक बार फिर कहर बरपाना शुरू कर दिया है।। दिल्ली, गाजियाबाद, फरीदाबाद और ग्रेटर नोएडा में भारी बारिश के चलते सड़कों में जलजमाव हो गया है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई में भी भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित है। शहर के कई हिस्सों में जलभराव और ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है। हाई टाइड को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है।*

## डिंपल पर टिप्पणी से बढ़ी नाराजगी

# सही से इलाज कर दिया, रशीदी को सपा कार्यकर्ताओं ने मारा थप्पड़!

एजेंसी ▶▶ नोएडा

यहां सेक्टर 126 थाना क्षेत्र में एक निजी न्यूज चैनल के स्टूडियो में उस समय हंगामा मच गया, जब सपा के कार्यकर्ताओं ने ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी को थप्पड़ मार दिया। यह घटना मौलाना द्वारा सपा सांसद डिंपल यादव पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा रशीदी एक डिबेट में शामिल होने पहुंचे थे। डिबेट मसपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव कुलदीप भाटी अपने साथियों संग पहुंचे थे। डिबेट खत्म होने के बाद कुलदीप अपने साथियों संग मौलाना के करीब जाते हैं और उन्हें थप्पड़ मार देते हैं। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच जाती है। वारदात के बाद भाटी का एक एक्स पर पोस्ट आता है जिसमें वे कहते हैं यादव के खिलाफ एक मौलाना ने अभद्र टिप्पणी की है। आज मौलाना का सही से इलाज कर दिया गया है और आगे भी करेंगे।



जबलपुर

बुधवार, 30 जुलाई 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष-6

वर्ष : 20, अंक : 91

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


मौसम

अधि. 26

न्यून. 23


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




8 सब भाषाओं को पढ़कर जुड़ेगा भारत





मैट्रो

14 गैर जिम्मेदाराना कार्यवाही के जरिए..

## मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# जबलपुर-उज्जैन में जू व वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर बनाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र को टाइगर स्टेट का गौरव प्राप्त है, हमारे राज्य में 9 टाइगर रिजर्व हैं। बाघ सहित सभी वन्यजीवों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और इनके संरक्षण और उनके बेहतर प्रबंधन के आदर्श केंद्र के रूप में मप्र की पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण के लिए स्थानीय समुदाय की सहभागिता को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर भोपाल में 'अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस' के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**बाघ सहित सभी वन्यजीवों के बेहतर संरक्षण और प्रबंधन का आदर्श केंद्र बना मप्र**

**मुख्यमंत्री ने वन्यजीवों के परिवहन के लिए किया वाहनों का लोकार्पण**

**हाथी-मानव संघर्ष को कम करने के लिए विकसित एप 'गजरक्षक' किया लांच**



### पेंच-बाघ और तितलियां सहित कई पुस्तकों का विमोचन किया

मुख्यमंत्री ने राज्य वन्यजीव योजना 2023-2043 के हिंदी संस्करण, चीता निश्चेतन तथा प्रबंधन पर विकसित मैन्युअल, भविष्य में वन्य जीव प्रबंधन संबंधी कार्यशाला के निष्कर्षों पर विकसित रिपोर्ट, पेंच टाइगर रिजर्व द्वारा विकसित पुस्तक तथा गिद्ध गणना रिपोर्ट का विमोचन भी किया।

### चीता पुनर्वास पर केंद्रित वृत्तचित्रों के टीजर रिलीज

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में विभिन्न वृत्तचित्रों के टीजर जारी किए गए। इसके तहत पेंच टाइगर रिजर्व द्वारा स्थानीय समुदाय की सहभागिता से बाघ प्रबंधन पर विकसित फिल्म, कान्हा टाइगर रिजर्व द्वारा विकसित फिल्म मृत्युंजय, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पर केंद्रित फिल्म सतपुड़ा कल आज और कल तथा चीता पुनर्वास पर केंद्रित फिल्म अबोड़ ऑफ चीताज के टीजर रिलीज किए गए।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### शैलेश जेजुरिकर बने पीएंडजी के नए सीईओ



**नई दिल्ली।** डेली यूज की घरेलू चीजें बनाने वाली अमेरिकी प्रॉक्टर एंड गैंबल (पीएंडजी) ने भारत में जन्मे शैलेश जेजुरिकर को अपना अगला सीईओ नियुक्त किया है। जेजुरिकर एक जनवरी 2026 से कंज्यूमर प्रोडक्ट्स बनाने वाली इस मल्टीनेशनल कंपनी को लीड करेंगे। बता दें कि पीएंडजी भारतीय बाजार में भी एक लीडिंग एफएमसीजी कंपनी है।

### स्मृति मंधाना से इंग्लिश कप्तान ने छीना 'ताज'



**नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड विमेंस के बीच खेली गई वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शतक (102) लगाया था। इंग्लैंड की कप्तान नेटली स्किवर-ब्रंट आईसीसी विमेंस रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गई हैं। उन्होंने भारत की स्मृति मंधाना को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया है।

### बाइक से टकराई बोलेरो बेटे, पिता व दादा की मौत



**खंडवा।** एक बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां खत्म हो गई। मृतकों ग्राम चिचगोहन निवासी अंशु रायकवार(13), उसके पिता विनोद रायकवार(35) और दादा लक्ष्मण रायकवार (60) शामिल है। बाइक पर सवार अंशु की दादी घायल है। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने स्थिति को संभाला।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- ओबीसी आरक्षण के मामले में बिना तथ्य के बात कर रही कांग्रेस

# डंके की चोट पर कह रहे हैं ओबीसी को हम 27 प्रतिशत आरक्षण देंगे



कमलनाथ ने सीएम और अध्यक्ष तोमर से भेंट की।

*सीएम ने कहा कि हमारे कई विभागों के अंदर जहां स्टे नहीं था, वहां 27 प्रतिशत आरक्षण दे दिया है लेकिन जहां जो कोर्ट में मामला अटका पड़ा है तो उसके लिए हम सरकार का पक्ष रख रहे हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस अलग-अलग समाज को भड़काने का काम करती है जबकि सारी समस्याओं की जड़ कांग्रेस ही है। ओबीसी की जनगणना को बंद करने का पाप कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर जाता है। बाद में इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और उनके बाद लगातार कांग्रेस की सरकार रही लेकिन जातिगत जनगणना नहीं कराई। यह हमला विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो जनगणना अंग्रेजों के समय चलती थी, वह भी बंद कर दी।

कांग्रेस ने वर्ष 2011 में जनगणना की जोर-जोर से बात की लेकिन उसका रिकॉर्ड आज तक सामने नहीं लाई। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुलेआम कहा है कि हम जाति जनगणना करेंगे और समय सीमा में उसके आंकड़े जनता के सामने लाएंगे।

**पीएम ने कहा है कि जाति जनगणना कराएंगे और समय सीमा में उसके आंकड़े जनता के सामने लाएंगे**



**ओबीसी की जनगणना को बंद करने का पाप कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर**

**कांग्रेस हमेशा दो रंग के चरित्र से जीती है तो वह अपने चरित्र को सामने क्यों बता रही है?**

### गिरगिट और भैंस बनकर प्रदर्शन करना मर्यादा के खिलाफ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस द्वारा विधानसभा में किए गए विरोध प्रदर्शनों पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष मर्यादा छोड़कर गिरगिट और भैंस का रूप धरकर प्रदर्शन कर रहा है। कांग्रेस पर दया आती है वह कभी गिरगिट तो कभी भैंस बनकर अपनी बात रखते हैं। यह कांग्रेस का रंग बदलने का चरित्र आजादी के बाद से दुनिया ने देखा है। कांग्रेस हमेशा दो रंग के चरित्र से जीती है।

### सामान्य वर्ग को भी 10 प्रतिशत आरक्षण

मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार न केवल ओबीसी वर्ग बल्कि सामान्य वर्ग के लिए भी 10 प्रतिशत आरक्षण के प्रति समान रूप से संवेदनशील है और सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम कर रही है। जो 13 प्रतिशत ओबीसी का आरक्षण का मामला कोर्ट में भी लंबित है। हम जल्दी से जल्दी कोशिश करेंगे कि वह 13 प्रतिशत आरक्षण जिन्हें मिला है उन अभ्यार्थियों को हक के आधार पर नौकरी मिले और उनकी अपनी योग्यता के आधार पर उनका चयन हो।

### कांग्रेस के दो विधायक बन गए 'भैंस', दूसरे साथियों ने बजाई बीन

मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भी कांग्रेस विधायकों ने प्रदर्शन किया। दो विधायकों को सांकेतिक रूप से भैंस बनाकर उनके सामने अन्य विधायकों ने बीन बजाई। विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार भैंस की तरह व्यवहार कर रही है। किसानों की समस्या हो, खाद-बीज की कमी, घोटाले, रोजगार सहित जनहित के मुद्दों पर सरकार चुप्पी साधे बैठी है। प्रदर्शन के दौरान भैंस की प्रतिकृति के साथ कांग्रेस विधायक विधानसभा परिसर पहुंचे। पृथ्वीपुर से कांग्रेस विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि यह सरकार अब बिल्कुल भैंस की तरह हो चुकी है न सुनती है, न समझती है, न प्रतिक्रिया देती है। विपक्ष चाहे कितनी भी बार जनहित के सवाल उठाए, सरकार टस से मस नहीं होती। सरकार को न युवाओं के रोजगार की चिंता है, न किसानों की हालत की फिक्र।

## एसबीआई बैंक में बड़ी वारदात

# 10 किलोग्राम सोना और 38 लाख रुपए की चोरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आंध्र प्रदेश में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा से 10 किलोग्राम सोना और 38 लाख रुपए नकद लेकर बदमाश फरार हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जब वारदात हुई तो बैंक में सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं था। अधिकारी ने आगे बताया कि यह घटना श्री सत्य साईं जिले के थुमकुंटा गांव में हुई।

हिंदूपुर उपसंभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) के वी महेश ने बताया कि शनिवार देर रात करीब दो बजे हुई वारदात की इस घटना के बारे में पुलिस को सोमवार को जानकारी मिली। महेश ने बताया कि हिंदूपुर मंडल की थुमकुंटा एसबीआई शाखा से 38 लाख रुपए नकद और 10 किलोग्राम सोना चोरी हो गया। अधिकारी के अनुसार, संदेह है कि चोर बैंक में करीब दो घंटे रहे। महेश के अनुसार बैंक की सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति बैंक में आता दिख रहा है। बाद में किसी ने निगरानी फुटेज प्रणाली को तोड़ दिया और पुलिस को संदेह है कि अन्य लोग बाद में आए होंगे।

- सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति बैंक में आता दिखा
- संदेह है कि चोर बैंक में करीब दो घंटे रहे
- पिछले चार साल से वहां कोई चौकीदार नहीं

## निमिषा प्रिया की फांसी पर आया ट्विस्ट

# भारत के ग्रैंड मुफ्ती के दफ्तर ने किया दावा- उसकी फांसी रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



यमन में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही भारत की निमिषा प्रिया के बारे में कई सारी गलत जानकारियां फैलाई जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार निमिषा की फांसी रद नहीं हुई है। केरल की नर्स निमिषा प्रिया को मर्डर केस के मामले में यमन की अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। हालांकि, आखिरी समय पर फांसी को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था। भारत के ग्रैंड मुफ्ती कंथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार ने दावा किया था कि निमिषा की फांसी पहले रोकी गई थी, लेकिन अब इसे रद कर दिया गया है।

**सूत्रों का दावा**

**जीवनदान मिलने की खबरें फर्जी**

**विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?**

**सरकार बचाने की हर मुमकिन कोशिश कर रही**

17 जुलाई को मीडिया ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मामले को संवेदनशील बताते हुए कहा था कि भारत ने निमिषा को बचाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। उनके अनुसार यह मामला बेहद संवेदनशील है और सरकार हर मुमकिन कोशिश कर रही है। हमने परिवार के लिए वकील नियुक्त किया है। हम स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हैं। पिछले दिनों भारत सरकार ने थोड़ा और समय मांगा था।

## 13 महिलाओं को एंबुलेंस से अगवा किया!

# पुलिस ने रोका, सेवादार बोले महोबा स्टेशन छोड़ा जाना था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर



■ सेवादार का दावा-ये संदिग्ध महिलाएं

जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात डायल-100 पर एक सूचना मिली। बताया गया कि 13 महिलाओं का अपहरण कर उन्हें एक एंबुलेंस से उत्तरप्रदेश ले जाया जा रहा है। पुलिस ने बताए गए रास्ते पर एंबुलेंस का पीछा किया। कुछ देर बात एंबुलेंस को पठा चौकी के पास रोक लिया गया। उसमें सभी महिलाओं को लवकुशनगर थाने लाया गया। इस दौरान पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि सभी महिलाएं बागेश्वरधाम में संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त थीं।

## कीटनाशक से जहरीली गैस बनने की आशंका

# शिवपुरी में दो बच्चों की संदिग्ध मौत, माता-पिता की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



■ पोस्टमार्टम से मौत के कारणों का पता चलेगा

शिवपुरी के मालबर्वे गांव में सोमवार रात एक ही परिवार के चार सदस्य जहरीली गैस की चपेट में आ गए, जिसमें दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। वहीं दंपती की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना पोहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत भटनावर चौकी में हुई है। जानकारी के अनुसार, मालबर्वे निवासी गिर्राज धाकड़ (30) ने तीन दिन पहले घर के एक कमरे में रखे गेहूं में कीटनाशक दवा रखी थी।

## अवैध कॉलोनी की शिकायत लेकर पहुंचा था

# जनसुनवाई में शिकायतकर्ता से ही भिड़े गए तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



■ अफसरों को पसंद नहीं आई तेज आवाज

ग्वालियर कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एक शिकायतकर्ता और तहसीलदार आपस में भिड़ गए। बहस इतनी बढ़ी कि दोनों के बीच झूमाझटकी हो गई। तहसीलदार ने पुलिस बुला ली, जो शिकायतकर्ता को थाने ले गई। दरअसल, मिथुन परिहार अवैध कॉलोनी की शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचा था। मुरार तहसीलदार मधुलिका सिंह ने मामला सुना और आश्वासन दिया कि जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। मिथुन इससे नाराज हो गया।

**मुख्य न्यायाधीश सचदेवा शपथ ग्रहण कराएंगे**

## अब कार्यरत जजों की संख्या 45

# हाई कोर्ट में 10 नए जज आज ग्रहण करेंगे पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर




हाई कोर्ट में नव नियुक्त 11 में से 10 न्यायाधीश बुधवार को पदभार ग्रहण करेंगे। 11वें अतिरिक्त न्यायाधीश प्रदीप मित्तल का शपथ ग्रहण व पदभार बाद में होगा। मुख्य न्यायाधीश संजीव कुमार सचदेवा बुधवार को 10 नव नियुक्त न्यायाधीशों को शपथ ग्रहण कराएंगे। सात पूर्णकालिक और चार अतिरिक्त न्यायाधीश बनाए गए हैं। राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद केंद्रीय कानून विभाग ने नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी थी। अधिवक्ता कोटे से पुष्पेंद्र यादव (जबलपुर), जय कुमार पिल्लई (जबलपुर), आनंद सिंह बहरावत (इंदौर), हिमांशु जोशी (इंदौर), अजय कुमार निरंकारी (ग्वालियर) को न्यायाधीश बनाया गया है। वहीं, न्यायिक कोटे से रामकुमार चौबे, राजेश कुमार गुप्ता, आलोक अवस्थी, रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन, भगवती प्रसाद शर्मा और प्रदीप मित्तल को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वर्तमान में हाई कोर्ट में न्यायाधीशों के कुल स्वीकृत पद 53 हैं, अभी 34 जज कार्यरत हैं। 11 नए न्यायाधीशों के साथ अब कार्यरत जजों की संख्या बढ़कर 45 हो गई है। अभी भी जजों के आठ पद रिक्त हैं।

## 'सर' पर विवाद : आयोग की मसौदा सूची से 65 लाख लोग बाहर... सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

# अगर बड़े पैमाने पर बहिष्करण हुआ, तो हम हस्तक्षेप करेंगे

*एडीआर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कोर्ट को चुनाव आयोग के इस कथन के बारे में बताया कि 65 लाख लोगों ने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान गणना फॉर्म जमा नहीं किए हैं, क्योंकि वे या तो मर चुके हैं या स्थायी रूप से कहीं और चले गए हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सुनवाई हुई। इस दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि बड़े पैमाने पर बहिष्करण होता है, तो कोर्ट हस्तक्षेप करेगा। कोर्ट ने यह टिप्पणी बिहार एसआईआर प्रक्रिया में भारत के चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली मसौदा सूची से 65 लाख मतदाताओं के बाहर होने की आशंकाओं के बीच की।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 12 और 13 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि भारत का चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था होने के नाते, कानून के अनुसार कार्य करने वाला माना जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोर्ट आपकी चिंताओं पर सुनवाई करेगा। जस्टिस सूर्यकांत ने आश्वासन दिया कि हम यहां हैं और हम आपकी बात सुनेंगे। जस्टिस बागची ने कहा कि यदि कोई एसआईआर नहीं था, तो जनवरी 2025 की सूची शुरुआती बिंदु है।




भारत को रक्षा क्षेत्र में मिली बड़ी कामयाबी

# आवाज की गति से तेजी से चली मिसाइल दुश्मनों के लिए लाएगी 'प्रलय'

*'प्रलय' मिसाइलों की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक है। यह दुश्मन के हर तरह के सैन्य ठिकानों जैसे कि उनके कमांड सेंटर और एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम हैं। यानी यह कम दूरी पर दुश्मन के बंकर, रडार या हथियारों को तबाह कर सकती है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को रक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी मिली है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने जानकारी दी है कि। ओडिशा के अब्दुल कलाम द्वीप से 'प्रलय' मिसाइल के दो सफल परीक्षण किए गए हैं। यह परीक्षण 28 और 29 जुलाई को किए गए हैं। ये परीक्षण सेना की जरूरतों के मुताबिक किए गए थे ताकि यह देखा जा सके कि मिसाइल कम और ज्यादा दूरी तक कितनी सटीकता से मार कर सकती है। डीआरडीओ की ओर से बयान में बताया गया है कि दोनों दिनों में मिसाइल ने तय दिशा में उड़ान भरी और अपने लक्ष्य को बिल्कुल सही तरीके से भेदा। डीआरडीओ ने बताया कि यह परीक्षण सभी तय मानकों और उद्देश्यों पर खरा उतरा है। यानी मिसाइल ने जैसा उससे उम्मीद की गई थी, ठीक वैसा ही प्रदर्शन किया।

**350 से 700 किलो तक के हथियार ले जाने में सक्षम**

**दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा देने की है खासियत**



### मारक क्षमता 500 किलोमीटर तक

'प्रलय' कम दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल है। भारत में विकसित यह मिसाइल ठोस ईंधन पर आधारित है और यह 350 से 700 किलोग्राम तक के अलग-अलग तरह के हथियार ले जाने में सक्षम हैं। 'प्रलय' मिसाइलों की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक है। यह दुश्मन के हर तरह के सैन्य ठिकानों जैसे कि उनके कमांड सेंटर और एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम हैं। यानी यह कम दूरी पर दुश्मन के बंकर, रडार या हथियारों को तबाह कर सकती है। यह मिसाइल सुपरसोनिक गति से उड़ान भरती है, यानी यह आवाज की गति से भी तेज चलती है।

### रक्षा मंत्री ने दी टीम को बधाई

*परीक्षणों के दौरान डीआरडीओ के वैज्ञानिक और भारतीय सेना, वायु सेना और रक्षा उद्योग से जुड़े अहम लोग मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण के लिए इससे जुड़ी टीमों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि इस मिसाइल की सफलता से हमारी सेना को नई तकनीक मिलेगी। इससे वे खतरों का सामना बेहतर तरीके से कर पाएंगे। यह सफलता सशस्त्र बलों को 'उभरते खतरों का मुकाबला करने में एक महत्वपूर्ण तकनीकी सहायता' देगी।*

***सेना में शामिल होगा 'प्रलय':*** *डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ समीर वी कामत ने भी इस सफलता के लिए टीमों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इन परीक्षणों के साथ ही पहले चरण का काम पूरा हो गया है। अब इस मिसाइल को सेना में शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है।*

### इसे जल्दी-जल्दी लॉन्च किया जा सकता

*'प्रलय' मिसाइल चीन और पाकिस्तान जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। यह मिसाइल दुश्मन के रडार, एयरबेस और सैन्य ठिकानों को कुछ ही मिनटों में तबाह कर सकती है। यह खासकर सीमावर्ती इलाकों में बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। इसके लिए सॉलिड प्रोपेलेंट रॉकेट मोटर का इस्तेमाल किया गया है। इससे इसे जल्दी-जल्दी लॉन्च किया जा सकता है और यह बहुत ही सटीक निशाना लगाने में सक्षम है।*

### बीच रास्ते में दिशा बदलने में माहिर

*'प्रलय' जीपीएस और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम का इस्तेमाल करती है, जिससे यह अपने लक्ष्य को बिल्कुल सही जगह पर मार सकती है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सके। इसलिए, दुश्मनों की ओर से इसे हवा में मार गिराना मुश्किल है। इससे यह बीच रास्ते में भी कमांड के अनुसार अपनी दिशा बदलने में माहिर हैं।*

---

## खबर संक्षेप

### नीदरलैंड ने इजराइल के 2 कट्टर मंत्रियों पर बैन लगाया



**एम्सटर्डम।** नीदरलैंड ने इजराइल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच और सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्विर के देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। इन पर गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने के आरोप हैं। नीदरलैंड से पहले 6 देश इन दोनों नेताओं के अपने देश में आने पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। डच विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने सोमवार को कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि इन मंत्रियों ने बार-बार फिलिस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दिया है।

### बच्चा पैदा करने पर 1.32 लाख रुपए देगी सरकार



**बीजिंग।** चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.32 लाख रुपए देने का फैसला किया है। बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को 3600 युआन (करीब 44,000 रुपए) देगी। सरकार ने यह कदम लगातार जन्मदर में हो रही कमी को लेकर उठाया है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पॉलिसी' खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है। दुनिया में चीन की जन्म दर सबसे कम है।

### यौन शोषण आरोप में पायलट गिरफ्तार



**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को एयरपोर्ट पर शनिवार रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई जब डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट लैंड होते ही पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया। 34 वर्षीय पायलट रुस्तम भगवागर को बच्चों के यौन शोषण के गंभीर आरोपों के चलते गिरफ्तार किया गया है। मामले में कॉन्ट्रा कोस्टा काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, भगवागर पर दस साल से कम उम्र के बच्चे के साथ शारिरिक शोषण के पांच मामलों में आरोप लगाए गए हैं।

---

ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# दुनिया को बता दिया: आतंकवाद की 'नर्सरी' बन गया पाकिस्तान

**पाकिस्तान में नौ आतंकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया**


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम जानते हैं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कौन सा देश क्या कर रहा था। हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान को शह देने वाली ताकतों को भी संदेश दे दिया है। ऑपरेशन सिंदूर को फिलहाल रोका गया गया है। अगर पाकिस्तान ने कोई और दुस्साहस किया तो इसे फिर से शुरू करने में संकोच नहीं किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' पर राज्यसभा में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी है। उसको खाद-पानी नहीं मिलनी चाहिए। पाकिस्तान हर बार आतंकवाद को सही ठहराने की कोशिश में लगा रहता है। इसलिए जरूरी है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में, हम सिर्फ आतंकवादियों को ही नहीं, बल्कि उन्हें मदद करने वाले पूरे टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी खत्म करें। इसलिए ही हमारे पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आज भी जारी है।

पाकिस्तान एक जिद्दी बच्चे की तरह मानता ही नहीं है। हमने हमेशा देखा है कि पाकिस्तान जैसे देश लगातार आतंकवाद को समर्थन देते आए हैं। इसलिए पूरी दुनिया के लिए यह जरूरी है कि पाकिस्तान पर आतंकवाद को लेकर हर तरह का रणनीतिक, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव बनाया जाए। पाकिस्तान वही देश है, जहां हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे घोषित आतंकवादी खुलेआम घूमते हैं और जहर उगलते हैं। जहां आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान आर्मी के बड़े अफसर फातिहा पढ़ते नजर आते हैं।

***100 से अधिक आतंकवादी, उनके आका और समर्थक मारे गए***



### ...तो हम मदद के लिए तैयार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहा है तो भारत उसकी मदद करने के लिए तैयार है। भारतीय सेना सीमा के दूसरी ओर भी आतंकवाद से लड़ने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया से आतंकवाद खत्म हो। मैं पाकिस्तान को सलाह दूंगा कि अगर आप आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं तो भारत से मदद लें। हम मदद के लिए तैयार हैं। हमारी सेनाएं सीमा के इस पार और उस पार भी आतंकवाद से लड़ने में सक्षम हैं, यह ऑपरेशन सिंदूर से साबित हो चुका है।

### पाक को विदेशी फंडिंग बंद करें

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को जो आर्थिक सहायता मिलती है, उसका बड़ा हिस्सा आतंकवाद के कारखाने में खर्च किया जाता है। पाकिस्तान को फंडिंग का मतलब है, आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को फंडिंग। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस विदेशी फंडिंग को बंद करना होगा।

### सेनाओं में हर हालात से निपटने की ताकत

*राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की तरफ टेढ़ी निगाह से देखने वाले हर देश को यह समझ लेना चाहिए कि भारत की सेनाओं में हर हालात से निपटने की ताकत और कूबत है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक में नौ आतंकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। 100 से अधिक आतंकवादी, उनके आका और समर्थक मारे गए।*

### पाकिस्तान फादर ऑफ ग्लोबल टेररिज्म बनकर उभरा

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और पाक दोनों एक ही समय आजाद हुए, लेकिन आज भारत को पूरी दुनिया में जहां मदर ऑफ डेमोक्रेसी की पहचान मिली है। वहीं पाकिस्तान फादर ऑफ ग्लोबल टेररिज्म बनकर उभरा है।

---

न्यूयॉर्क: ऑफिस बिल्डिंग में गोलीबारी

# चार पुलिसकर्मियों की हत्या कर खुद भी मर गया 'हमलावर'



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क में सोमवार को मिडटाउन मैनहट्टन की एक ऑफिस बिल्डिंग में हुई फायरिंग में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक ऑफ-ड्यूटी पुलिस अधिकारी भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक, हमलावर की पहचान 27 वर्षीय शेन तामुरा के रूप में हुई है, जो लास वेगास के नेवादा का रहने वाला था। उसने पहले बिल्डिंग की लॉबी में पुलिस अफसर पर गोली चलाई और फिर 345 पार्क एवेन्यू की 33वीं मंजिल तक चला गया। वहां वह एक ऑफिस में छिप गया।

### हाई-प्रोफाइल लोकेशन पर हुआ हमला

यह घटना शाम 6:30 बजे के करीब न्यूयॉर्क की व्यस्त जगह पार्क एवेन्यू स्थित एक हाई-प्रोफाइल ऑफिस बिल्डिंग में हुई, जहां ब्लैकस्टोन, केपीएमजी और नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) जैसे बड़े संस्थान के ऑफिस और आयरलैंड का दूतावास भी स्थित है। वहीं पास की एक बिल्डिंग के कर्मचारी जब खाने के लिए निकले तो गोलियों की आवाज और अफरा-तफरी देख वापस ऑफिस में चले गए और करीब दो घंटे तक वहीं बंद रहे।

### पीड़ितों से मुलाकात करेंगे न्यूयॉर्क मेयर

वहीं इस मामले में न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि कुछ लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे अस्पताल जाकर पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। इस घटना पर न्यूयॉर्क सिटी में डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट मेयर पद के उम्मीदवार जोहरान ममदानी ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि मिडटाउन में हुई भयावह गोलीबारी की खबर से दिल टूट गया है।

---

रूस ने यूक्रेन की जेल पर दागीं मिसाइलें

# 17 कैदियों समेत 22 की मौत 80 से अधिक लोग हुए घायल



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने सोमवार रात यूक्रेन की एक जेल और एक चिकित्सा सुविधा पर ग्लाइड बमों और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। रूस ने यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी जापोरिजिया क्षेत्र में जेल को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। हमले के दौरान जेल को टारगेट करते हुए चार बम गिरा गए। हमले में में कम से कम 17 कैदियों की मौत हो गई और 80 से अधिक घायल हो गए। हालांकि जेल की परिधि की बाड़ को कोई नुकसान नहीं हुआ और कोई कैदी फरार नहीं हुआ।

### 73 शहरों, कस्बों और गांवों को बनाया निशाना

केंद्रीय यूक्रेन के डनीप्रो क्षेत्र में रूसी मिसाइलों ने एक तीन मंजिला इमारत को निशाना बनाया और पास के चिकित्सा संस्थानों को नुकसान पहुंचाया है। रूसी हमलों में एक प्रसूति अस्पताल और शहर का एक अस्पताल वार्ड सहित आस-पास की कई चिकित्सा सुविधाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस हमले में कम से कम चार लोग मारे गए और आठ घायल हो गए। जिनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल है। जिसकी हालत गंभीर है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि देश भर में 73 शहरों, कस्बों और गांवों को रूस ने निशाना बनाया है।

---

सिखों की वीरता को मिलेगा सम्मान

# ब्रिटेन में जल्द बनेगी सिख रेजिमेंट रक्षा मंत्री बोले- हम विचार कर रहे

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन में एक खास सिख रेजिमेंट बनाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। पीएम कीर स्टार्मर की सरकार ने कहा है कि वह इस प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार है। ब्रिटिश सेना में नेपाल के गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर हो सकती है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री वर्नोन रॉडनी कोकर ने सोमवार को कहा कि वे इस मामले में लेबर पार्टी के सिख सांसद कुलदीप सिंह सहोता के साथ चर्चा करेंगे। सहोता ने 7 जुलाई को संसद में इसे लेकर सवाल पूछा था। उन्होंने दोनों विश्व युद्धों में सिख सैनिकों के योगदान और वीरता को याद करते हुए सवाल पूछा कि सिखों की एक अलग रेजीमेंट की पुरानी मांग पर अब तक क्या प्रगति हुई है। इसके जवाब में रक्षा मंत्री कोकर ने कहा कि मैं लॉर्ड सहोता से मिलने को तैयार हूं।



### अभी ब्रिटिश सेना में 160 सिख सैनिक काम कर रहे

कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही। यूके डिफेंस जर्नल ने उनके हवाले से कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण में दुनिया भर के सिखों का भी योगदान था, जिन्होंने वीरतापूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में ब्रिटिश सेना में 130 सिख सैनिक थे और अन्य 70 रक्षा बलों में सेवारत थे। 2024 में ब्रिटिश सेना में सिख सैनिकों की संख्या बढ़कर लगभग 160 हो गई।

---

अमेरिका-ईयू ट्रेड डील से फ्रांस और जर्मनी नाराज

# फ्रेंच पीएम बोले- ये डील यूरोप के लिए काला दिन, ट्रंप के टैरिफ दबाव में घुटने टेकना दुखद

एजेंसी ▶▶ पेरिस

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपियन यूनियन (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के बीच रविवार को स्कॉटलैंड के टर्नबेरी में हुई ट्रेड डील की फ्रांस ने आलोचना की है। फ्रांस के पीएम फ्रांस्वा बेरो ने इसे ईयू के लिए काला दिन बताया है। बेरो ने कहा कि ईयू ने राष्ट्रपति ट्रंप के बढ़ते टैरिफ दबाव के आगे घुटने टेक दिए। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि यह दुखद है जब स्वतंत्र देशों का गठबंधन, जो अपने साझा मूल्यों और हितों की रक्षा के लिए बना था, दबाव में झुक जाता है। वहीं, फ्रांस के यूरोपीय मामलों के मंत्री बेंजामिन हदद ने कहा कि यह हालात ठीक नहीं है और ईयू को जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए। फ्रांस के व्यापार मंत्री लॉरेंट सेंट-मार्टिन ने कहा कि ट्रंप सिर्फ ताकत की भाषा समझते हैं।



### इटली ने किया स्वागत

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने इस समझौते का स्वागत किया। यूरोपीय ट्रेड कमीश्नर मारोश सेफचोविच ने इसे बड़ा कदम बताया, क्योंकि इससे अमेरिका और यूरोप के बीच ट्रेड वॉर टल गया। इस समझौते के तहत यूरोप से अमेरिका जाने वाले ज्यादातर सामानों पर 15% टैरिफ लगेगा, जो मौजूदा 4.8% से तीन गुना ज्यादा है।

### जर्मनी को होगा नुकसान: चांसलर मर्ज

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि वह अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के नतीजों से संतुष्ट नहीं हैं। इस समझौते के कारण जर्मन अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान होगा। 15% आयात शुल्क, यूरोप के ऑटो सेक्टर पर मौजूदा टैरिफ दर 27.5% लगभग आधा होने के बावजूद जो टैरिफ हैं, वे जर्मनी की निर्यात उन्मुख अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर बोझ हैं।

---

भविष्य की युद्ध रणनीतियों और आधुनिक प्रणालियों के अनुरूप सेना ने किया शक्ति प्रदर्शन

# एआई और 'सेंसर-टू-शूटर' के साथ 'दिव्य दृष्टि' अभ्यास रहा सफल

**अभ्यास सेना की स्वदेशीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम और 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' जैसे प्रमुख राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भविष्य के युद्ध परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए, भारतीय सेना ने पूर्वी सिक्किम के ऊंचाई वाले क्षेत्र में 'दिव्य दृष्टि' नामक एक उन्नत तकनीकी अभ्यास आयोजित किया। सैन्य अभ्यास में उन्नत तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्रोन और 'सेंसर-टू-शूटर' क्षमताओं का सफल परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि इस अभ्यास के दौरान सेना ने वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में आधुनिक प्रणालियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया।



### 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना साकार

'दिव्य दृष्टि' अभ्यास को 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' जैसे प्रमुख राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप माना जा रहा है। यह अभ्यास भारतीय सेना की स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो तकनीकी आधुनिकीकरण को नई दिशा प्रदान करेगा। यह अभ्यास भारतीय सेना की तकनीकी परिवर्तन और आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना और सेना के 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' रोडमैप के अनुरूप है।

### सूचनाएं तेजी से भेजी गई

इस अभ्यास की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता एआई-सक्षम सेंसरों और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों का प्रयोग था, जिसके चलते कमांड सेंटर्स के बीच सूचनाओं का त्वरित और सुरक्षित आदान-प्रदान संभव हो सका। इससे निर्णय लेने की गति और सटीकता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। 'सेंसर-टू-शूटर' तंत्र को भी इससे काफी मजबूती मिली है।

---

बीजिंग में भारी बारिश और बाढ़ का कहर

# अब तक 30 की मौत, 80 हजार से ज्यादा लोगों को 'सुरक्षित' निकाला

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन की राजधानी बीजिंग इस समय भीषण बाढ़ और बारिश की चपेट में है। बीते कुछ दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बीजिंग के नगर निगम बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय के अनुसार अब तक 30 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 80,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए



राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बीजिंग के जिन इलाकों में सबसे ज़्यादा मौतें हुई हैं, उनमें मियुन जिला सबसे प्रभावित रहा है। यहां 28 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि यानचिंग जिले में दो लोगों की मौत हुई है।

# सावन की झड़ी से शहर तरबतर, जनजीवन प्रभावित

## नर्मदा के सभी घाट डूबे, परियट लबालब, बरगी बांध का जलस्तर भी बढ़ा

जबलपुर।

बंगाल की खाड़ी से चले बादल मध्यप्रदेश में छा गये हैं। वहीं झारखण्ड और उड़ीसा के ऊपर चक्रवात बना हुआ है, जिसके प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। सोमवार की रात शुरु हुआ बारिश का सिलसिला मंगलवार की शाम तक बदस्तूर जारी रहा, कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश के बीच लगभग 2 इंच बारिश दर्ज की गई। शहर में अब तक कुल वर्षा 28.4 इंच दर्ज की जा चुकी है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 घंटों के दौरान भी सावन की रिमझिम वर्षा का दौर जारी रहेगा। कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश से शहर के हाल बेहाल हैं। जगह-जगह सड़कों में पानी भर गया है। कालोनियों में गंदगी पैर पसारे फैली है। जबलपुर सहित संभाग के अन्य जिलों में हो रही बारिश के कारण बरगी बांध और नर्मदा के घाटों का जलस्तर भीर बढ़ गया है। घाट में ऊपर तक पानी आ गया है और मंदिरों में दो-दो तीन-तीन फुट पानी भर गया है। उधर बरगी बांध का जलस्तर भी 420.05 मीटर पर पहुंच गया है। परियट जलाशय लबालब हो गया है, बारिश की वजह से तापमान में गिरावट आई और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आये मानसूनी बादल पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर घने छाये हुये हैं। वहीं उड़ीसा और झारखण्ड के ऊपर चक्रवात बना हुआ है। सोमवार की रात हुई रिमझिम बारिश का सिलसिला मंगलवार की शाम तक जारी रहा और मंगलवार को भी सुबह से रात तक कभी झमाझम तो कभी रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। जिससे लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की और पहली बार एहसास हुआ कि सावन अपने चिर परिचित अंदाज में बरस रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि झारखण्ड के ऊपर बने चक्रवात के प्रभाव से पूरे मध्यप्रदेश में मानसूनी बादल सक्रिय हैं। हवा में नमी बढ़ जाने से बारिश की गुंजाइश भी बढ़ गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम, न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 95 प्रतिशत और सायंकाल भी 93 प्रतिशत आंकी गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 49.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 722.5 मिमी आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.41 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.53 मिनिट पर हुआ। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 4 से 5 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है।



## बारिश में नाले की दीवार ढही

### दीवार किनारे खड़ी कार भी नाले में समाई

उपनगरीय क्षेत्र रांझी के मानेगांव में लगातार बारिश के चलते तीन वर्ष पूर्व बनाई गई नाले की चार दीवारी नाला धसकने से ढह गई। नाले के किनारे खड़ी कार भी नाले में समा गई। इस घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने निर्माणकार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए घटना की जांच की मांग की।प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 3 साल पहले मानेगांव से शुरु होकर परशुराम कुंड तक जाने वाले नाले की चारदीवारी का निर्माण नगर निगम द्वारा कराया गया था।

उक्त दीवार का एक बड़ा हिस्सा नाले की मिट्टी धसकने से धराशाही हो गया। इस हादसे में दीवार के समीप खड़ी क्षेत्रीय नागरिक महेंद्र रजक की कार भी नाले में जा समाई। इस घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र की पार्षद सावित्री शाह नगर निगम के अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण करने पहुंची, उन्होंने कहा कि दीवार गिरने के कारणों की जांच कराई जाएगी।



## भोपाल से आये अधिकारियों ने किया मूंग खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**जबलपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के भोपाल से आये अधिकारियों ने आज मंगलवार को सिहोरा एवं मझौली क्षेत्र के मूंग खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में खरीदी केंद्र प्रभारी एवं सर्वेयर से उपार्जन कार्य संबंधी जानकारी ली गई। निरीक्षण में सर्वेयर के रजिस्टर का अवलोकन किया गया, किसानों से उपार्जित मूंग की बोरियों की तौल कराई गई तथा मानकों के अनुसार ही खरीदी करने के निर्देश दिये गये।

भोपाल से आये अधिकारियों में उप संचालक कृषि श्रीमती रश्मि वर्गीस एवं सहायक संचालक कृष्ण कुमार चौहान शामिल थे। अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा मनीषा पटेल, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जबलपुर प्रतिभा गौर एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे एस राठौर निरीक्षण के दौरान उनके साथ थे। अधिकारियों ने सिहोरा में गोविन्द वेयर हॉउस घुघरी एवं श्री राम वेयर हाउस पहरेवा तथा मझौली में शशि वेयर हाउस दिनारी खमरिया का निरीक्षण किया।

## सावन शिव आराधना




**जबलपुर।** सावन के पावन माह में परंपरानुसार श्री गहोई वैश्य एसोसियेशन ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर अभिषेक व महाआरती का आयोजन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष एडवोकेट अशोक पिपरसानिया, तक्षशिला कालेज चेयरमेन आरएस पहारिया, इं. अरुण खर्द, इं. रामगोपाल-पुष्पा ददरया, इं. अशोक नौगरैया, डॉ नीरज बडेरिया सहित बड़ी संख्या में स्वजातीयजनों ने पूजन अर्चन में भाग लेकर प्रसादी ग्रहण की।

# सड़क हादसों में गिरावट: "गौवंश सुरक्षा अभियान" के दिखने लगे सकारात्मक परिणाम

## कलेक्टर, पुलिस कप्तान के संयुक्त प्रयास से जबलपुर-भोपाल मार्ग पर दिखा असर

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार गौवंश को सड़क हादसों से बचाने और यातायात सुरक्षा बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान के तहत जबलपुर जिले में प्रशासनिक प्रयासों के सकारात्मक नतीजे सामने आने लगे हैं। जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहपुरा जनपद क्षेत्र में अब सड़कों पर गौवंश का विचरण कम हुआ है, जिससे दुर्घटनाओं में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। यह सफलता कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। अधिकारियों ने सामूहिक रूप से रणनीति बनाकर संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपीं और अभियान को धरातल पर सफलतापूर्वक उतारा।

### गौशालाओं में कराया गया स्थानांतरित

कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय की पहल पर गौशालाओं की पहचान की गई और सड़क पर विचरण कर रहे मवेशियों को इन गौशालाओं में स्थानांतरित किया गया। ग्राम पंचायतों द्वारा भूसा-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जबकि जनपद पंचायत शहपुरा स्वास्थ्य देखरेख की जिम्मेदारी निभा रही है।



### नागरिकों और गौवंश दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित

अधिकारियों ने संयुक्त रूप से अभियान की समीक्षा करते हुए इसे सड़क सुरक्षा और पशु कल्याण के क्षेत्र में प्रभावशाली पहल बताया। उनका कहना है कि इससे न केवल दुर्घटनाएं कम हुई हैं, बल्कि नागरिकों और गौवंश दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

### समीक्षा बैठक में हुई समीक्षा

उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई को सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक में 15 जुलाई से अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया था। इस दौरान गौवंश को गौशालाओं या कांजी हाउस में भेजने तथा पशुपालकों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए थे।

# गंदगी में पनप रहे वैक्टीरिया से वायरल फीवर के मरीज बढ़े

**जबलपुर।** बारिश के मौसम में मच्छरों और बैक्टीरिया के पनपने से वायरल फीवर और मलेरिया व डायरिया के मरीज एकाएक बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल विक्टोरिया में नए मरीजों की आमद हो रही है। विक्टोरिया का संक्रामक वार्ड मरीजों से फुल है वहीं वायरल फीवर से पीड़ति मरीजों की ओपीडी में कतार लगी हुई है। बारिश की वजह से शहर में सफाई व्यवस्था चौपट होने से मच्छरों की भरमार पैदाईश हो रही है। नए-नए किस्म के मच्छरों की सेना मानव स्वास्थ्य पर हमला कर रही है। रात में घूमने वाले आवार पशुओं गाय, भैस के अलावा खासकर सूकर और कूकर द्वारा पानी के डबरों के आसपास मलमूत्र का त्याग किये जाने से मच्छरों के साथ-साथ बैक्टीरिया तेजी से फैल रहे है। नगर निगम द्वारा आवार पशुओं की धरपकड़ नहीं किये जाने से रात में जमकर आवार पशु धमाचौकड़ी मचाते हैं, वहीं कीटनाशकों का छिड़काव ओर फागिंग मशीन का चलना लगभग बंद हो गया है जिससे मच्छर चारों तरफ हमला बोल रहे हैं। मौसम की मार के साथ-साथ शहर की अराजक व्यवस्था मानव स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है। एक तरफ जहां गंदगी से मच्छर और बैक्टीरिया पनप रहे हैं वहीं दूसरी ओर नलों से आने वाला पानी और चाय-चाट, चटौनी की दुकानों में खुले में रखा बोरिंग का प्रदूषित पानी भी मानव स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। खानपान में थोड़ी सी गड़बड़ी और प्रदूषित पानी बीमारियों को जन्म दे रहा है। डिहाईड्रेशन कै-दस्त और डायरिया के मरीज दिनो-दिन बढ़ रहे हैं। तमाम प्रायवेट हॉस्पिटल इस तरह के मरीजों से हाउसफुल चल रहे हैं वहीं ओपीडी में मरीजों की लंबी कतारें लगी हुई है। व हीं शा स की य अस्पताल विक्टोरिया और मेडिकल में रोजाना इस तरह के सैकड़ों मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं वहीं दर्जनों मरीज रोज भर्ती हो रहे हैं। शहर की तंग बस्तियों में हैजा, आंत्रशोध और डायरिया के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। मंडी मदार टेकरी, सिद्धबाबा वार्ड, भानतलैया, ठक्कर ग्राम, पसियाना मोहल्ला, नालबंद मोहल्ला, बड़ी ओमती, बेलबाग, फूटाताल, बैदराना मोहल्ला गढ़ा, इंद्रा बस्ती गढ़ा आदि क्षेत्रों में संक्रामक रोग अपने पैर पसार चुके है। अभी स्थिति नियंत्रण में है। लेकिन इन क्षेत्रों में प्रदूषित पानी और लगातार बारिश होने के बाद यदि कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव नहीं किया गया और सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो महामारी फैलने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।



**मच्छरों की सेना फैला रही मलेरिया, सर्दी, जुकाम, बुखार का प्रकोप**

# स्वच्छता में नंबर वन आने की दिशा में कार्य करें : महापौर

## 1 अगस्त को मनाया जायेगा स्वच्छता महोत्सव

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन स्वच्छ जबलपुर के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, कलेक्टर दीपक सक्सेना, नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव, एडीएम सुश्री मिशा सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि मिशन स्वच्छ जबलपुर अंतर्गत यह वर्ष उपलब्धियों से भरा रहा है। बैठक में बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में जबलपुर ने देश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में द्वितीय, सफाई मित्र स्वच्छ शहरों में तृतीय तथा कचरा मुक्त शहर में 7 स्टार रेटिंग प्राप्त है। अतः शहर के सभी नागरिकों की यह जिम्मेदारी है कि वे स्वच्छता में नंबर वन आने की दिशा में कार्य करें। इसके लिए 1 अगस्त को स्वच्छता महोत्सव मनाया जायेगा। स्वच्छता महोत्सव का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, इसके लिए वृहद कार्य योजना तैयार की गई है। कार्ययोजना में बताया गया कि 31 जुलाई को शहर के सभी शासकीय और निजी संस्थानों, बैंक, कार्यालय, स्कूल, कॉलेज, चिकित्सालय, दुकानों, प्रतिष्ठानों व अन्य संस्थाओं में स्वच्छता का मोनो व स्वच्छता बोर्ड लगाये जायेंगें, साथ ही झालर व रंगोलियों से सजावट भी की जायेगी। इस दौरान सभी से लिखित में स्वच्छता शपथ पत्र भी लिया जायेगा कि, वे स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगे, न गंदगी करेंगे न दूसरों को करने देंगे। बैठक में कहा कि स्वच्छता का कार्य सिर्फ सफाई मित्रों पर न छोड़े, आमजन आगे आकर इसमें अपनी सहभागिता निभायें। बैठक में बताया गया कि स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम से सिर्फ स्वच्छता ही नहीं बल्कि आमजनों में शहर को बेहतर बनाने के सिविक सेंस भी जागृत होगा। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि स्वच्छता के इस कार्यक्रम को क्रियानवित करने में जिला प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा।





# प्रकरणों का निराकरण संवेदनशीलता से करें : कलेक्टर

## जनसुनवाई में प्राप्त हुए 96 आवेदन

जबलपुर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना व अन्य अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 96 आवेदन दिये। जिसमें 80 नये आवेदन हैं तथा 16 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। कलेक्टर श्री सक्सेना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता व संवेदनशीलता से करें। जनसुनवाई में ज्यादातर राजस्व संबंधी, लड़ाई-झगड़ा, छात्रवृत्ति भुगतान, पानी, नाली निर्माण, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे।

## पाटन जुए कांड में बढ़ी राजनीतिक गर्मी, होटल संचालक अब भी फरार, छापेमारी जारी

# युवा मोर्चा अध्यक्ष ने झाड़ा पल्ला, जिला अध्यक्ष बोले मुझे कोई जानकारी नहीं

हरिभूमि, जबलपुर।

**पाटन के किंग्सवे होटल स्थित व्यास मैरिज हॉल में पकड़े गए हाई-प्रोफाइल जुए के मामले ने जबलपुर की सियासत में हलचल मचा दी है। इस पूरे घटनाक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेता सीधे सवालों के घेरे में आ गए हैं। मंडल उपाध्यक्ष पंकज विश्वकर्मा की गिरफ्तारी के बाद अब भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी मामले से पल्ला झाड़ते दिख रहे हैं।**

हरिभूमि फॉलोअप

### राजनीतिक बचाव की कवायद शुरू

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पंकज विश्वकर्मा उनकी कार्यकारिणी का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा, "मेरे संगठन की किसी इकाई में पंकज की कोई भूमिका नहीं है। वह हमारी बॉडी में नहीं आते।" हालांकि भाजपा संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने इस पूरे मामले से अनभिज्ञता जताते हुए कहा, "मुझे इस विषय में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। मैं मंडल अध्यक्ष से चर्चा करने के बाद ही कुछ कह पाऊंगा।"

### फरार हो गया होटल संचालक

इस बीच मामले का मुख्य आरोपी और होटल संचालक सौरभ व्यास जो पेशे से वकील और भाजपा से जुड़ा बताया जा रहा है। अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उसके साथ सहयोगी सुमित व्यास की तलाश में भी पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। प्रदेश स्तर पर भी इस मामले की गूंज पहुंच चुकी है और भाजपा के वरिष्ठ नेता इस पर नजर बनाए हुए हैं।

### पार्टी की छवि पर असर

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह की घटनाएं भाजपा की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं, विशेषकर जब संगठन के पदाधिकारियों के नाम इस तरह के अवैध गतिविधियों से जुड़ते हैं। हालांकि पार्टी स्तर पर डैमेज कंट्रोल की कवायद तेज कर दी गई है।

### जांच की आंच में तप रही पाटन पुलिस

वहीं जुए में पाटन पुलिस पर संरक्षण के आरोप लगने के बाद मामला विभागीय तौर पर गर्मा गया है। उच्च अधिकारियों द्वारा जांच जारी है और संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है। प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

## "नशे से दूरी, है जरूरी" अभियान में खिलाड़ियों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

# राइट टाउन स्टेडियम, स्कूलों और मैदानों में चला जनजागरण अभियान



हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश शासन के चलाए जा रहे "नशे से दूरी, है जरूरी" नशा मुक्ति जनजागरण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जबलपुर में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, छात्रों और युवाओं ने भाग लेकर नशे से दूर रहने की शपथ ली। राइट टाउन स्टेडियम में पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणाम बताए गए और उन्हें नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया।

### शरीर के साथ समाज के लिए भी घातक

थाना गढ़ा क्षेत्र के गौतम मढिया स्थित ताईक्वांडो केंद्र और तक्षशिला कॉलेज मैदान में भी युवाओं को बताया गया कि नशा न केवल शरीर के लिए, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी घातक है।

### शपथ लेकर लिया संकल्प

थाना खमरिया के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरिया और थाना कटंगी क्षेत्र में भी इसी कड़ी में कार्यक्रम हुए, जहां छात्रों और युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

## 6वीं बटालियन विसबल ने निकाली रैली

इसी क्रम में 6वीं बटालियन विसबल द्वारा मंगलवार को रांझी क्षेत्र में विशाल जन-जागरूकता रैली निकाली गई। कमांडेंट सिद्धार्थ चौधरी के नेतृत्व में निकली रैली में 400 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। रैली परेड ग्राउंड से शुरू होकर दर्शन तिराहा होते हुए पुनः समाप्त हुई। नारों और पोस्टर-पंपलेट के जरिए लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। डिप्टी कमांडेंट अभिषेक राजन, एमपी सिंह, सुबोध लोखंडे सहित अन्य अधिकारी एवं नव आरक्षक इसमें शामिल रहे।






# एपीएन ग्रुप ने मनाया नागपंचमी महोत्सव, दंगल का हुआ आयोजन

**जबलपुर।** वर्तमान समय में नागपंचमी के अवसर पर दगंल की परम्परा लगभग विलुप्त होती जा रही है, ऐसे समय में भी शहर की प्राचीनतम् एवं ऐतिहासिक शैक्षणिक संस्था ए.पी.एन. ने पिछले 102 वर्षो पुरानी इस परम्परा को कायम रखते हुये 103 वाँ नागपंचमी महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपनी परम्परा के अनुरूप पहलवानों का अभिनन्दन करके न केवल अखाड़ा पद्धति के संबर्धन में सहायक होगा वरन युवा पीढ़ी में भी कुश्ती के प्रति रूझान उत्पन्न करने में मील का पत्थर साबित होगी। उक्त आशय के उद्गार अतिथि वक्ताओ ने ए पी एन नागपंचमी महोत्सव के उदघाट्न अवसर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम जबलपुर के सम्मानीय महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ए.पी.एन.ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इन्स्टीट्यूशन के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, नेशनल जूडो कोच आबिद हसन खान उपस्थित रहें। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा पवनसुत हनुमान जी के पूजन अर्चन के साथ किया गया। तत्पश्चात शाला के छात्र एवं छात्राओं पहलवानों द्वारा कुश्ती कला का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था प्रबंधक तुलसी दास द्रविड, सहप्रबंधक मयंक श्रीवास्तव, ज्ञानचन्द्र गोल्छा, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, एम.पी. बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा सी.बी.इस.ई. बोर्ड प्राचार्य मुकेश चौरसिया, कोर्डिनेटर जतिन कोहली, पार्षद अमरचन्द्र बावरिया, संतोष विनोदिया, नरसिंह पहलवान, गंगा पहलवान, रतन पहलवान, रवि पहलवान, रज्जू रिझावन उपस्थित थे।

## जितेंद्र पचौरी पुनः चुने गए मप्र कैट के उपाध्यक्ष

**जबलपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की उच्च स्तर बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतीया, राष्ट्रीय महामंत्री व चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल , राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन, प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश संगठन मंत्री गोविंद असाठी व अन्य पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से जबलपुर के जितेंद्र पचौरी को पुनः कैट मध्य प्रदेश का उपाध्यक्ष चुना गया।



## योगशाला में मनाई गई हरियाली तीज



**जबलपुर।** पतंजलि योगशाला वर्मा कंपाउंड में हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कीर्ति पाण्डेय, निरीक्षक सतर्कता विभाग एवं विशिष्ट अतिथि राजुल बड़कुर द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर लगभग 60 योग साधिकाओं ने उत्साह पूर्वक कजरी गीतों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओ में भाग लिया। कान्हाजी की झांकी व रैंप वॉक विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का आयोजन सुशीला वर्मा दीदी के निर्देशन में किया गया जिसमें कविता सिंह, प्रिया वर्मा, मीनू राजपूत, वंदना गट्टानी, अनिता पटवा, पूनम माहेश्वरी की भूमिका सराहनीय रही। प्रिया वर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## वार्ड पार्षद बेबी पॉल प्रतिदिन करा रहीं भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक, 2 को होगा भंडारा



**सिहोरा।** श्रावण मास के पावन अवसर पर जहां हर जगह पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ भगवान शिव को प्रसन्न करने धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है वहीं वार्ड क्रमांक 11 निवासी समाजसेवी विनय पाल,पार्षद बेबी पाल द्वारा प्रतिदिन निवास के सामने स्थित शिव मंदिर में पूरे माह भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक अभिषेक किया जा रहा है। समापन पर 2 अगस्त को भंडारे का भी आयोजन किया गया है जिसमें सभी शिवभक्तों से पहुंचने की अपील की गई है।

## चौरसिया दिवस नागपंचमी पर्व मनाया गया



**सिहोरा।** नागपंचमी पर्व के पावन अवसर पर जहां सभी बाबाताल सहित अन्य शिव मंदिरों में जाकर भगवान भोलेनाथ को दूध अर्पित कर पूजा अर्चना की। वहीं चौरसिया समाज द्वारा अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार चौरसिया के साथ खितौला स्थित बरझा तालाब पहुंचे जहां समाज के आराध्य देवता भगवान श्री गणेश, नागदेवता, नागबेल, चौहटिया महाराज, मनिया देव, ब्रह्म, विष्णु, महेश, बरम बाबा, हनुमान जी के पूजन अर्चन के बाद हर महादेव, जय श्री राम, नागपंचमी अमर रहे, चौरसिया दिवस अमर रहे का जयघोष किया इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के लालू, तुलसी, विजय, ओमप्रकाश, हेमंत, दीपक, धर्मेन्द्र, अभिषेक, रज्जू, अंकित, राकेश, संदीप, बबलू, रमेश, संजय, सुदीप, आलोक, नीरज, योगेश, सचिन, शरद, नीरू, हर्ष, प्रशांत, आर्यदीप, गणेश, छोटू, राज चौरसिया सहित अनेक स्वाजातीय बंधुगण उपस्थित रहें।

## शिक्षक तिवारी ने स्वयं के व्यय से बच्चों को वितरित की गणवेश



**सिहोरा।** एकीकृत शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार के प्राथमिक विभाग के सहायक शिक्षक जयप्रकाश तिवारी ने स्वयं के खर्च पर कक्षा 1 से 5 तक के सभी 146 छात्र-छात्राओं को नई गणवेश यूनिफॉर्म वितरित की। इन गणवेशों में लड़कों के लिए पैंट-शर्ट और लड़कियों के लिए स्कर्ट-शर्ट शामिल थे। गणवेश वितरण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में हुआ जिसमें शाला के प्राचार्य जे. एल. खांडे,व्याख्याता अरविंद तिवारी, और शिक्षक एहसानुल अंसारी,बलराम बर्मन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक द्वारा अपनी ओर से गणवेश देना एक सराहनीय और अनुकरणीय पहल है। इससे शासकीय स्कूल के प्रति समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा।

## पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रूद्राभिषेक किया



**मझौली।** गांधी भवन में नाग पंचमी पर सुबह 8 बजे से 12 बजे तक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर रूद्राभिषेक किया गया। सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर पुन्य लाभ अर्जित किया। 3 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 12 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण रूद्राभिषेक किया जाएगा।

## जगह-जगह खोदे गए गड्ढे बन रहे जान लेवा



**मझौली।** इन दिनों नगर परिषद मझौली में नर्मदा जल योजना अंतर्गत पिछले 6 वर्षों अधिक हो चुके हैं अभी तक पूरी नहीं हो पाई है लेकिन इनके द्वारा इस भीषण बारिश में जगह-जगह रोड खोदी जा रही है जिस कारण से आए दिन पानी भर जाने के कारण कोई न कोई गिर कर घायल हो रहा है। अभी दो महीने पहले बनी सड़कें भी खोद दी गई है इसके बाद इनके द्वारा कई दिनों तक इसकी रिपेरिग नहीं कि जाती नगर वासियों ने शासन प्रशासन नगर परिषद मझौली से मांग की है कि अभी सड़क की खुदाई न की जाए और जो रोड खोदी गई है उनकी शीघ्र से शीघ्र रिपेयरिंग की जाए।

**श्रीमती मोनिका बैनर्जी**- बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री राधा नाथ बैनर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती मोनिका बैनर्जी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरपाल लोधी**- वीर सावरकर वार्ड गढ़ा निवासी श्री हरपाल लोधी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अजय रैकवार**- शिवनगर गढ़ा रेलवे क्रासिंग के पास निवासी श्री मुन्ना रैकवार के पुत्र श्री अजय रैकवार (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा देवी सावलानी**- झामनदास चौक के पास द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री सूरतमल सावलानी की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा देवी सावलानी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शारदा राठौर**- कजरवारा राम मंदिर के पास निवासी श्री छोटू राठौर की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा राठौर (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अंकित कुशवाहा**- वल्दी कोरी की दफाई शीतलामाई निवासी श्री मोहन लाल कुशवाहा के पुत्र श्री अंकित कुशवाहा (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री स्वपन कुमार भट्टाचार्य**- साकेत नगर रांझी निवासी श्री स्वपन कुमार भट्टाचार्य (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल कुशवाहा**- गौतम मोहल्ला कटनी चांडक चौक के पास निवासी श्री मोती लाल कुशवाहा के पुत्र श्री अनिल कुशवाहा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।




**श्री जमना प्रसाद मांझी**- शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री जमना प्रसाद मांझी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामू नायडू**- पुल नं. 2 नेहरू नगर निवासी श्री रामू नायडू (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुंदर लाल नागरे**- एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री सुंदर लाल नागरे (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री फतेहचंद्र गौर**- रामकृष्ण कॉलोनी घमापुर निवासी श्री सीताराम गौर के पुत्र श्री फतेहचंद्र गौर (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुन ठाकुर**- ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री राम कुमार ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन ठाकुर (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जया मेश्राम**- रामपुर रामनगर निवासी श्रीमती जया मेश्राम का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती राधा रेड्डी**- पुल नं. 2 के पास नेहरू नगर निवासी श्री राम कुमार रेड्डी की धर्मपत्नी श्रीमती राधा रेड्डी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- ... से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- ... से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज ... से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508295, 9407362160

## कार की टक्कर से 3 मजदूर घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत बरेला तालाब के पास एक कार ने पैदल जा रहे तीन मजदूरों को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ा पत्थर रांझी निवासी 50 वर्षीय मजदूर संतु भगदिया अपने मजदूर साथी भागचंद कुलस्ते, महासिंह उइके और दीपक उइके के साथ काम करने के बाद ग्राम जमुनिया से पैदल लौट रहे थे जैसे ही चारों बरेला के तालाब के पास पहुंचे तभी एक कार क्रमांक एमपी 49 सी 1529 के चालक ने भागचंद कुलस्ते, महासिंह उइके एवं दीपक उइके को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनों रोड़ पर गिर गये और तीनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आ गयीं हैं। संतु भगदिया ने तीनों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## *कीटनाशक पीकर युवक ने की आत्महत्या*

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत ग्राम किसरोद में एक युवक ने कीटनाशक दवाई पीकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम किसरोद निवासी 22 वर्षीय अजय कुशवाहा ने कीटनाशक दवाई पी ली। उसे इलाज के लिए शहपुरा शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## गाड़ी का प्लग निकालकर बदमाश बोला 500 रुपए दो, वर्ना...

**जबलपुर।** ग्राम हिनौतिया में स्कूल के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर हाथ में पहने कड़े से हमला कर घायल कर दिया। गौर चौकी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गौर पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हिनौतिया निवासी 38 वर्षीय बाईक मैकेनिक दशरथ लोधी गत रात लगभग 9 बजे बाईक से अपने घर जा रहा था, जैसे ही स्कूल के पीछे पहुंचा तभी गांव के सौरभ पटैल ने उसे रोका और उसकी बाईक के प्लग का हेडआपटर निकालकर उसकी गाड़ी बंद कर दी और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, पैसे देने से मना करने पर सौरभ पटैल ने गाली गलौज करते हुये हाथ में पहने हुये कड़े से उसके सिर पर हमलाकर कर चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी।

# जियो के ग्राहक टीवी का पीसी की तरह कर पाएगे इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो ने सदस्यता आधारित पर्सनल कंप्यूटर सेवा शुरू की है, जिससे ग्राहक सेट-टॉप बॉक्स की मदद से अपने टेलीविजन का इस्तेमाल पर्सनल कंप्यूटर की तरह कर सकेंगे।

■ ग्राहक सेट-टॉप बॉक्स की मदद से इस्तेमाल कर पाएगे

कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, 'जियोपीसी' सदस्यता 599 रुपये (जीएसटी को छोड़कर) से शुरू होने वाले मासिक प्लान के साथ उपलब्ध है। वार्षिक प्लान 4,599 रुपये (जीएसटी को छोड़कर) का है, जो प्रति माह लगभग 383 रुपये शुल्क है। पीसी सेवा का इस्तेमाल करने के लिए जियोफाइबर और जियो एयरफाइबर उपयोगकर्ताओं को ऐप खंड में जियोपीसी ऐप पर क्लिक करना होगा। इस आठ जीबी रैम और 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज वाले पर्सनल कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए ग्राहक के पास कीबोर्ड और माउस होना जरूरी है। कंपनी के एक सूत्र ने कहा, ''जियोपीसी ने एडोब के साथ साझेदारी की है, जिससे उपयोगकर्ताओं को एडोब एक्सप्रेस तक मुफ्त पहुंच मिलेगी। इस मंच की सदस्यता में सभी प्रमुख एआई टूल्स के साथ ही सभी लोकप्रिय ऐप और 512 जीबी क्लाउड स्टोरेज भी मिलेगा।''

## जियोपीसी डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए

जियोपीसी के एक महीने के मुफ्त परीक्षण में जियो वर्कस्पेस, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस (ब्राउजर) और 512 **GB** क्लाउड स्टोरेज शामिल है। सूत्र ने कहा, ''जियोपीसी भारत की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए बनाया गया है जिसमें उद्यमियों से लेकर स्कूल जाने वाले बच्चों तक सभी शामिल हैं।''

# लेलैंड का वित्तपोषण के लिए बंगाल ग्रामीण बैंक से करार

एजेंसी : नई दिल्ली। वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड ने वाहन वित्तपोषण के लिए पश्चिम बंगाल ग्रामीण बैंक के साथ साझेदारी की मंगलवार को जानकारी दी। शोक लेलैंड ने बयान में कहा कि दोनों भागीदारों ने कंपनी के वाणिज्यिक वाहन खरीदारों को उनकी जरूरतों के अनुरूप वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। अशोक लेलैंड के हल्के वाणिज्यिक वाहन कारोबार के प्रमुख विप्लव शाह ने कहा, '' यह रणनीतिक साझेदारी अशोक लेलैंड की बाजार स्थिति को मजबूत करेगी।'' पश्चिम बंगाल ग्रामीण बैंक के चेयरमैन आलोक के. गोयल ने कहा, '' हमें विश्वास है कि यह सहयोग हमें अपनी पहुंच बढ़ाने और वाणिज्यिक वाहन खंड में व्यवसायों के विकास का समर्थन करने के लिए अनुरूप वित्तपोषण विकल्प प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।''

# सोना 200 रुपए टूटा, चांदी 1.13 लाख रुपए किलो पर स्थिर

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की सतत बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 97,820 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार पांचवें दिन गिरावट जारी रही और मंगलवार को यह 200 रुपये टूटकर 97,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 97,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते की पुष्टि के बाद सोने की कीमतों में गिरावट आई है। इसके अलावा, इस सप्ताह होने वाली एफओएमसी की बैठक में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को स्थिर रखने की उम्मीदों ने भी डॉलर को और मजबूत किया है।'' सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 1,13,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 9.48 डॉलर या 0.29 प्रतिशत बढ़कर 3,324.11 डॉलर प्रति औंस ो गया। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी जिंस शोध कायनात चैनवाला ने कहा, ''सोना 3,315 डॉलर के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा है क्योंकि बाजार रोजगार के आंकड़ों और सीबी उपभोक्ता विश्वास के आंकड़ों सहित प्रमुख अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे है।

## छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कार्यालय - बालोद वनमंडल बालोद

**काष्ठगार डिपो बालोद का ई- ऑक्सन का संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि बालोद वनमण्डल के शासकीय काष्ठागार एवं विभिन्न डिपो में संग्रहित ईमारती, जलाऊ काष्ठ एवं बांस का ई-ऑक्सन व्दारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई - ऑक्सन में भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / वन काष्ठगार डिपो, बालोद से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम तिथि - 18.08.2025 समय - 9:00 बजे से**

**नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| क्र. | प्रजाति | नयी काष्ठ | | | गत अविक्रित काष्ठ | | | कुल योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | सागौन | 176.778 | 350 | 1451 | 271.939 | 1876 | 2679 | 448.717 | 2226 | 4130 |
| 2 | बीजा | 2.783 | 11 | 12 | 89.647 | 0 | 0 | 92.430 | 11 | 12 |
| 3 | साजा | 10.360 | 33 | 16 | 28.897 | 0 | 0 | 39.257 | 33 | 16 |
| 4 | कसही | 6.456 | 3 | 0 | 8.764 | 3 | 0 | 15.220 | 6 | 0 |
| 5 | धावड़ा | 1.572 | 66 | 0 | 19.326 | 0 | 32 | 20.898 | 66 | 32 |
| 6 | मुण्डी | 0.836 | 1 | 0 | 10.496 | 0 | 0 | 11.332 | 1 | 0 |
| 7 | कर्रा | 0.000 | 86 | 5 | 67.516 | 1883 | 0 | 67.516 | 1969 | 5 |
| 8 | अन्य | 56.209 | 212 | 23 | 18.040 | 263 | 42 | 74.249 | 475 | 65 |
| 9 | कहुआ चिरान | 3.359 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 3.359 | 0 | 0 |
| | योग- | 258.353 | 762 | 1507 | 514.625 | 4025 | 2753 | 772.978 | 4787 | 4260 |
| 10 | जलाऊ चट्टा | 134 चट्टा | | | 14.5 चट्टा | | | 148.5 चट्टा | | |
| 11 | व्यापारिक बांस | - | | | 30871 नग = 70.128 नो. टन | | | 30871 नग = 70.128 नो. टन | | |
| 10 | औद्योगिक बांस | 2427 बंडल = 21.474 नो. टन | | | 5478 बंडल = 63.322 नो. टन | | | 7905 बंडल = 84.796 नो. टन | | |

टीप :- 1. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते है ।
4. ई-आक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रताओं द्वारा 30 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

**वनमंडलाधिकारी**
**(बालोद वन मंडल बालोद (छ.ग.)**

जी-25602427/5

## कार्यालय कलेक्टर जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश

//ईश्तेहार प्रकाशन//

प्रकरण क्रमांक / 0122/बी-121/2024-25
मौजा, बालाघाट, तहसील बालाघाट
जिला बालाघाट (म.प्र.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पंजाब नेशनल बैंक तर्फे प्राधिकृत रिकवरी सेन्टर सर्कल आफिस 1227 नेपियर टाउन जबलपुर अधिकारी जिला बालाघाट ने अनावेदक मेसर्स आईलैंड पार्क रिसोर्ट श्रीमति अभिलाषा सेलर पति श्री अनुराग सेलर निवासी वार्ड नं 32 ओम साई निवास निर्मल नगर बालाघाट जिला बालाघाट के विरुद्ध वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। प्रकरण का सूक्ष्म अवलोकन किया गया।

प्रकरण के अवलोकन से पाया गया कि अनावेदक पक्ष ने ऋण सुविधा प्राप्त कर आवेदक बैंक के पक्ष में मौजा नेतरा रा.नि.म. लालबर्रा प.ह.न. 19/45 तहसील लालबर्रा में स्थित भूमि के ऐसे सभी भू-भाग और भू-खड जो खसरा नं. 150/1/2 में शामिल रकबा 0.809 हे. मौजा नेतरा वार्ड नंबर पर निर्मित भवन को सम्पति के रूप में प्रतिभूति हित का सृजन किया गया है। चूंकि अनावेदक पक्ष द्वारा ऋण राशि का भुगतान आवेदक बैंक को नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है तथा सूचित करने पर भी ऋण अदायगी नहीं की गई है। फलस्वरूप आवेदक बैंक द्वारा अधिनियम की धारा 13 (2) के प्रावधानों के तहत् अनावेदक पक्ष को सूचना पत्र प्रेषित कर ऋण अदायगी हेतु 60 दिवस का समय दिया गया। नोटिस तामील होने के बाद भी ऋण अदायगी नहीं किये जाने पर बैंक द्वारा विधि अनुसार बंधक संपत्ति को बैंक के पक्ष में अधिग्रहण का पत्र अनावेदक पक्ष को देकर अधिपत्य प्रदान करने हेतु लिखा गया है।

अतः उक्त के संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार को आपत्ति होने पर स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में सुनवाई 01.08.2025 तक प्रस्तुत करते है बाद समयावधि में कोई विचार नही किया जावेगा।

(जी.एस.धुर्वे )
(आई.ए.एस.)
अपर कलेक्टर
जिला बालाघाट

## कार्यालय कलेक्टर जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश

//ईश्तेहार प्रकाशन//

प्रकरण क्रमांक / 0130/बी-121/2024-25
मौजा, बालाघाट, तहसील बालाघाट
जिला बालाघाट (म.प्र.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पंजाब नेशनल बैंक तर्फे प्राधिकृत रिकवरी सेन्टर सर्कल आफिस 1227 नेपियर टाउन जबलपुर अधिकारी जिला बालाघाट ने अनावेदक श्री अनुराग सेलर पिता प्रताप नारायण सेलर निवासी वार्ड नं 32 ओम साई निवास निर्मल नगर बालाघाट जिला बालाघाट के विरुद्ध वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। प्रकरण का सूक्ष्म अवलोकन किया गया।

प्रकरण के अवलोकन से पाया गया कि अनावेदक पक्ष ने ऋण सुविधा प्राप्त कर आवेदक बैंक के पक्ष में मौजा नेतरा रा.नि.म. लालबर्रा प.ह.न. 19/45 तहसील लालबर्रा में स्थित भूमि के ऐसे सभी भू-भाग और भू-खड जो खसरा नं. 147/2 में शामिल रकबा 2980 वर्गफीट मौजा नेतरा वार्ड नंबर पर निर्मित भवन को सम्पति के रूप में प्रतिभूति हित का सृजन किया गया है। चूंकि अनावेदक पक्ष द्वारा ऋण राशि का भुगतान आवेदक बैंक को नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है तथा सूचित करने पर भी ऋण अदायगी नहीं की गई है। फलस्वरूप आवेदक बैंक द्वारा अधिनियम की धारा 13 (2) के प्रावधानों के तहत् अनावेदक पक्ष को सूचना पत्र प्रेषित कर ऋण अदायगी हेतु 60 दिवस का समय दिया गया। नोटिस तामील होने के बाद भी ऋण अदायगी नहीं किये जाने पर बैंक द्वारा विधि अनुसार बंधक संपत्ति को बैंक के पक्ष में अधिग्रहण का पत्र अनावेदक पक्ष को देकर अधिपत्य प्रदान करने हेतु लिखा गया है।

अतः उक्त के संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार को आपत्ति होने पर स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में सुनवाई 01.08.2025 तक प्रस्तुत करते है बाद समयावधि में कोई विचार नही किया जावेगा।

(जी.एस.धुर्वे )
(आई.ए.एस.)
अपर कलेक्टर
जिला बालाघाट

## कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर

ईमेल-jdesportsjbp@gmail.com फोन-0761-2620744

क्रमांक/क्रीड़ा/निविदा/मेस/2025-26/3538 — **ई निविदा आमंत्रण सूचना** — जबलपुर दिनांक 28-07-25

राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिताओं में जबलपुर संभागीय दल को खेल गणवेश किट (टीशर्ट शासन के पोर्टल ट्रेकसूट) उपलब्ध कराने हेतु कराने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो / संस्थाओं से म.प्र. http://www.mptenders.gov.in पर ई टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है, इस

| क्र. | निविदा का नाम | प्रकाशन की तिथि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारंभिक तिथि | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | सेम्पल जमा जमा करने की अंतिम तिथि | तकनीकि निविदा खोलने की अंतिम तिथि | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिताओं में जबलपुर संभागीय दल को खेल गणवेश (टीशर्ट किट एवं ट्रेकसूट) उपलब्ध कराने हेतु | 28.07.2025 | 28.07.2025 | 29.07.2025 | 06.08.2025 | 07.08.2025 | 08.08.2025 | 11.08.2025 |

विस्तृत विवरण / जानकारी वेबसाइट https:www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

(अरूण कुमार इंगले)
संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर

G-16413/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर

ईमेल-jdesportsjbp@gmail.com फोन-0761-2620744

क्रमांक/क्रीड़ा/निविदा/मेस/2025-26/3458 — **ई निविदा आमंत्रण सूचना** — जबलपुर दिनांक 24-7-25

संभाग/राज्य/राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिताएं, आवासीय प्रशिक्षण एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों पर टेन्ट सामग्री किराए पर प्राप्त करने हेतु वर्ष 2025-26 में प्रतिष्ठित फर्मो / संस्थाओं से म.प्र. शासन के पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर ई टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है, इस हेतु विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | निविदा का नाम | प्रकाशन की तिथि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारंभ तिथि | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | संभाग / राज्य / राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिताएं, आवासीय प्रशिक्षण एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों पर टेन्ट सामग्री किराए पर प्राप्त करने हेतु | 25.07.2025 | 25.07.2025 | 27.07.2025 | 12.08.2025 | 14.08.2025 |

विस्तृत विवरण / जानकारी वेबसाइट https:www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

(अरूण कुमार इंगले)
संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर

G-16443/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर

ईमेल-jdesportsjbp@gmail.com फोन-0761-2620744

क्रमांक/क्रीड़ा/निविदा/मेस/2025-26/3459 — **ई निविदा आमंत्रण सूचना** — जबलपुर दिनांक 24-7-25

राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 में जबलपुर संभागीय खेल दलों को राज्य स्तर पर दलवार मेस व्यवस्था उपलब्ध कराने / राष्ट्रीय शालेय खेल प्रति / आवासीय प्रशिक्षण में मेस व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो / संस्थाओं से म.प्र. शासन के पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर ई टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है, इस हेतु विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | निविदा का नाम | प्रकाशन की तिथि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारंभ तिथि | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु जबलपुर संभागीय दल के साथ खेल आयोजन स्थल पर जाने वाले भोजन मेंस व्यवस्था एवं राष्ट्रीय शालेय खेल हेतु जाने वाले दल, कॉमन मेस /आवासीय प्रशिक्षण हेतु निविदा आमंत्रण | 25.07.2025 | 25.07.2025 | 27.07.2025 | 12.08.2025 | 14.08.2025 |

विस्तृत विवरण / जानकारी वेबसाइट https:www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

(अरूण कुमार इंगले)
संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर

G-16421/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर

ईमेल-jdesportsjbp@gmail.com फोन-0761-2620744

क्रमांक/क्रीड़ा/निविदा/मेस/2025-26/3458 — **ई निविदा आमंत्रण सूचना** — जबलपुर दिनांक 24-7-25

संभाग/राज्य/राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिताएं, आवासीय प्रशिक्षण एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों पर टेन्ट सामग्री किराए पर प्राप्त करने हेतु वर्ष 2025-26 में प्रतिष्ठित फर्मो / संस्थाओं से म.प्र. शासन के पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर ई टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है, इस हेतु विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | निविदा का नाम | प्रकाशन की तिथि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारंभ तिथि | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | संभाग / राज्य / राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिताएं, आवासीय प्रशिक्षण एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों पर टेन्ट सामग्री किराए पर प्राप्त करने हेतु। | 25.07.2025 | 25.07.2025 | 27.07.2025 | 12.08.2025 | 14.08.2025 |

विस्तृत विवरण / जानकारी वेबसाइट https:www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

(अरूण कुमार इंगले)
संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर

G-16426/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

/ / निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्रं. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | पी.आर.ओ.-383 दिनांक 29/07/2025 2025_UAD_439782_1 | संभाग क्रमांक 11 अंतर्गत दादा - ईश्वरदास रोहाणी वार्ड 79 में पिपरिया सोनपुर मार्ग में स्थित खेरमाई मंदिर के पास सार्वजनिक स्थान पर शेड निर्माण कार्य । | 02 माह<br>2.51 | 2000/-<br>2510/- | 15/08/2025 |
| 2. | पी.आर.ओ.-383 दिनांक 29/07/2025 2025_UAD_439782_2 | संभाग क्रमांक 11 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 43 की विभिन्न स्थानों पर पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य। (पार्षद अनुशंसा ) | 03 माह<br>04.92 | 2000/-<br>4920/- | 15/08/2025 |
| 3. | पी.आर.ओ.-383 दिनांक 29/07/2025 2025_UAD_439782_3 | संभाग क्रमांक 11 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 43 के अंतर्गत वार्ड विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण एवं कवर्ड करने का कार्य । (पार्षद अनुशंसा ) | 03 माह<br>04.19 | 2000/-<br>4195/- | 15/08/2025 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

## कार्यालय, शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय शारदानगर रांझी जबलपुर (म. प्र. ) 482009 V.F.J

(केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था) डाइस कोड-23390221124

CBSE AffiliationNo.- 1020169 website-www.grsjabalpur.org E-MailID-prinrsjab@gmail.com Tel-No.0761- 2330176

क्र./प्रवेश विज्ञापन/ज्ञानो/ 2025/259 — **प्रवेश पात्रता परीक्षा हेतु विज्ञापन** — जबलपुर, दिनांक- 29/7/2025

म.प्र. शासन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित संभाग स्तरीय शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय शारदानगर रांझी जबलपुर (म.प्र.) की कक्षा 6वी, 8वी, 9 वी, एवं कक्षा 11वी में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है विद्यालय में प्रवेश हेतु जातिवार, वर्गवार रिक्त सीट संख्या निम्नानुसार है।

| क्र. | कक्षा | अनु. जाति | | अन्य वर्ग के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालक | बालिका | बालक | बालिका | बालक | बालिका |
| 1 | 6 वी | 15 | 01 | 02 | 02 | 17 | 03 |
| 2 | 8 वी | 11 | - | - | - | 11 | - |
| 3 | 9 वी | 03 | 01 | - | - | 03 | 01 |
| 4 | 11 वी | 06 | 02 | - | - | 06 | 02 |

**नोट- उपरोक्त सीट संख्या परिवर्तनीय है।** पात्रता की शर्ते - 1. छात्र - छात्राओं को प्रवेश लेने हेतु पूर्व कक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अथवा समतुल्य ग्रेड होना अनिवार्य है । 2. प्रवेश पात्रता परीक्षा के आधार पर किया जावेगा। 3. प्रवेश पात्रता परीक्षा हेतु आवेदन पत्र नि:शुल्क शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय रांझी जबलपुर में दिनांक 08/08/2025 तक कार्यालयीन समय 11 बजे से 5 बजे तक वितरित एवं जमा किये जा सकते है प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 12/08/2025 एवं परीक्षा समय 12 बजे से 2 बजे तक निर्धारित है !

प्राचार्य
शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय शारदानगर रांझी, जबलपुर

G-16467/25

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला-शहडोल म.प्र.

कार्यालय दूरभाष नं. एवं फैक्स -07652-250318, Email ID-cmodhanpuri@mpurban.gov.in

क्रमांक/ न.पा./लो.नि./2025-26/791 — **निविदा सूचना** — धनपुरी दिनांक :-28/07/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में जेम पोर्टल पर पंजीकृत संविदाकारों से ऑनलाईन ऑनलाईन जेम पोर्टल के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट GEM PORTAL पर निम्नानुसार बिड नं. पर देखा जा सकता है।

| क्र. | जेम बिड क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | लागत | कार्य की समयावधि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | BID NO. GEM/2025/B/6497787 Dt-25.07.2025 | Supply of EV Road Sweeping machine | 63.72 लाख (18 प्रतिशत जी.एस.टी सहित) | कार्यादेश से 15 दिवस | 25.08.2025 तक |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन GEM Portal की वेबसाईट पर ही किया जावेगा,पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् धनपुरी**
**जिला- शहडोल म.प्र.**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मैकेनिकल खण्ड छुई खदान, बेदीनगर जबलपुर

Phone- 0761- 2977337 E-mail-eephmecjb@yahoo.com

निविदा क्र0 08 /2025-26 / तक./का.यं. / लो.स्वा.यां. मैके खण्ड/जबलपुर — जबलपुर दिनांक 24.07.2025

**ऑन लाईन द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑन लाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Sealed ) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मैकेनिकल खण्ड जबलपुर के अंतर्गत जबलपुर जिले में कार्यरत विभागीय रिग मशीन बी.ई.सी. -01 का विशेष सुधार कार्य हेतु स्पेयर पाटर्स उपलब्ध कराने ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | पोर्टल निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रुपए में) | प्रतिभूति राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 08/2025-24 | 2025-PHED-439633-1 | रिग मशीन बी.ई.सी. एन.-01 का विशेष सुधार कार्य हेतु स्पेयर पाटर्स उपलब्ध कराने हेतु | 246141.00 | 4923 | 2000 | 24.07.2025 | 06.08.2025 |

नोट :-निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होता है तो केवल ऑन-लाईन किया जायेगा, समाचार पत्रों मे नही होगा। निविदा की शर्ते एवं अन्य विवरण का अवलोकन www.http://mptenders.gov.in वेबसाईट में किया जा सकता हैं

(एस.के.कुरील)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड, जबलपुर

G-16466/25 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## E Auction Sale Notice under IBC, 2016

M/s M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation
CIN : U13100MH2010PTC263990
Liquidator's Office : 1502, Ved Solitaire, Cement Road, Dharampeth Extension, Shivaji Nagar, Nagpur, 440010

Notice is hereby given to the public at large for inviting bids for sale of following immovable properties forming part of the Liquidation Estate of Corporate Debtor viz M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation ('Corporate Debtor'), through e-auction on "as is where is basis", "as is what is basis", "whatever there is basis" and "without recourse basis". Sale will be done by the undersigned through E-Auction service provider eBKray (website: https://ibbi.baanknet.com).
The bidding shall take place through online e-auction service provider eBKray.

**Amount (in Rs.)**

| Sr. No. | Description | Date and Time of auction | Reserve Price | EMD Amount | Bid Incremental value |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Industrial Land & Building Standing on - Lease hold land at Plot No. 13,14,52,51 and Part of 50 & 15, Industrial Area, Bhurkal Khapa, Mandla Road, Seoni, Madhya Pradesh, India | 20th August 2025. 11.00 A.M. to 01.00 P.M | 1,24,75,115 | 12,47,511 | 50,000 |

**Last date to submit the EOI & all documents as per E-Auction Process document:** 18th August 2025
**Date of Inspection:** Till 15th August 2025 with prior intimation to the liquidator.
**Last date of submission of EMD:** 18th August 2025 till 6.00 P.M.

**Terms & Conditions of the sale is as under:**
(For detail of the assets, refer Annexure-V of the E-auction Process Document).
1. E-auction will be conducted on "AS IS WHEREIS, AS IS WHAT IS, WHATEVER THERE IS BASIS AND WITHOUT RECOURSE BASIS" as such sale is without any kind of warranties and indemnities, through approved service provider eBKray (website: https://ibbi.baanknet.com)
2. Contact person on behalf of Liquidator: Mr. Suparn Naidu, Email: msmining.cirp@gmail.com, Contact no-+91 9922929919
3. The complete and detailed information about the assets of the company, online e-auction Bid Form, Declaration and Undertaking Form, General Terms and Conditions of online auction sale are available in the "E-Auction Process Memorandum" The sale notice must be read along with the E-Auction Process Memorandum which is available at https://ibbi.baanknet.com
4. Prospective bidders shall deposit the Earnest Money Deposit (EMD) through their own e-wallet account on the https://ibbi.baanknet.com portal.
5. Prospective bidders shall submit an undertaking that they do not suffer from any ineligibility u/s 29 A to the extent applicable and if found ineligible at any stage, the earnest money deposited shall be forfeited.
6. Within 3 days of declaring highest bidder, liquidator shall conduct due diligence and verify the eligibility of the highest bidder. In case the highest bidder is found ineligible, the liquidator may, in consultation with SCC, declare next highest bidder as successful bidder.
7. It is clarified that, this invitation purports to invite prospective bidders and does not create any kind of binding obligations on the part of the Liquidator or the Corporate Debtor to effectuate the sale. The Liquidator has the absolute right to accept or reject any or all offer(s) or adjourn/postpone/cancel/modify/terminate the e-auction at any stage without assigning any reason thereof.

**Date: 30/07/2025**
**Place: Nagpur**

**CMA Srigini Rajat Naidu,**
**Liquidator- M.S. Mining and Consultancy Private Limited (under Liquidation)**
**IBBI Regn. No: IBBI/IPA-003/IP-P00137/2017-2018/11513**

## चिंतन

# एसआईआर संबंधी सभी आशंकाएं दूर करे आयोग

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दूसरी बार सुनवाई की है। अब शीर्ष अदालत ने साफ कहा है कि बिहार में यदि मतदाता सूची के एसआईआर में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा। न्यायालय के इस कथन को चुनाव आयोग को गंभीर चेतावनी के रूप में लेना चाहिए। अभी गत 23 जुलाई को बिहार राज्य चुनाव आयोग ने एसआईआर की जारी प्रक्रिया के दौरान एक दिलचस्प आंकड़ा दिया कि बिहार में मतदाता सूची में दर्ज नामों में से 20 लाख की मौत हो चुकी है, 7 लाख मतदाता फर्जी हैं, लगभग 28 लाख अपने पहले पंजीकृत किए गए स्थानीय पते से स्थायी रूप से पलायन कर गए हैं, 1 लाख मतदाता लापता हैं व करीब 15 लाख मतदाता फॉर्म वापस नहीं आए हैं। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग ने कहा है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 65 लाख लोगों ने गणना प्रपत्र जमा नहीं किए हैं, क्योंकि वे या तो मृत हैं या स्थायी रूप से कहीं और स्थानांतरित हो गए हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को आईना भी दिखाया है कि आप ऐसे 15 लोगों को लेकर आइए, जिन्हें मृत बताया गया है, लेकिन वे जीवित हैं। इस आलोक में सर्वोच्च न्यायालय की चेतावनी स्पष्ट है। हालांकि दूसरा अहम पहलू यह भी है कि बिहार में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी व नेपाली प्रवासी मतदाता लिस्टेड हैं। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को दुरुस्त करना, साफ-सुथरा व पारदर्शी बनाना है और अयोग्य, डुप्लिकेट/फर्जी या गैर-मौजूद प्रविष्टियों को हटाया जाना है। पहली सुनवाई 10 जुलाई को हुई थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति देते हुए उससे आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने पर विचार करने को कहा था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 भारत निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और संशोधित करने का अधिकार देती है, जिसमें दर्ज कारणों के साथ किसी भी समय विशेष संशोधन करना भी शामिल है। संविधान के अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने का पर्यवेक्षण तथा नियंत्रण करने की शक्ति प्रदान करता है। मोहिंदर सिंह गिल बनाम मुख्य चुनाव आयुक्त मामले, 1977 में सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 324 के तहत केंद्रीय चुनाव आयोग की व्यापक शक्तियों को बरकरार रखा, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर पुनर्मतदान का आदेश देना भी शामिल है, और इस बात पर जोर दिया कि अनुच्छेद 329(बी) के अनुसार चुनावों के दौरान न्यायिक समीक्षा प्रतिबंधित है। देश के विभिन्न भागों में वर्ष 1952–56, 1957, 1961, 1965, 1966, 1983–84, 1987–89, 1992, 1993, 1995, 2002, 2003 और 2004 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) आयोजित किए गए थे। अनुच्छेद 327 संसद को विधानमंडलों के चुनावों के संबंध में प्रावधान करने का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 328 राज्य की विधानमंडल को उसके अपने चुनावों के संबंध में प्रावधान करने का अधिकार देता है। एसआईआर एक व्यक्ति एक वोट के अधिकार को सशक्त करता है। दरअसल, एसआईआर के दौरान जन्म प्रमाण पत्र या वंशानुगत दस्तावेज़ों की मांग को परोक्ष रूप से नागरिकता परीक्षण के रूप में देखा जा रहा है।



भाषा विवाद
विवेक शुक्ला

# सब भाषाओं को पढ़कर जुड़ेगा भारत

> सच पूछो तो भाषा के मसले पर होने वाले विवादों का एक मात्र हल है कि हम अपनी मातृभाषा के अलावा भी किसी प्रांत की जुबान पढ़ें और सीखें। अगर सारे देश के स्कूलों के बच्चे अपनी मातृभाषा के अलावा किसी अन्य राज्य की भाषा भी पढ़ें और सीखें तो कितना अच्छा हो। मुंबई के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को तमिल, बांग्ला, असमिया आदि जुबानें सीखने का अवसर मिले और तमिलनाडु के बच्चों को पंजाबी, हिन्दी, मलयाली आदि भाषाएं सीखने का विकल्प हो। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहां भाषा और संस्कृति लोगों को जोड़ने के साथ-साथ अलग भी करती है, बहुभाषी शिक्षा एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकती है।

भारत में अपने देश की भाषाओं को लेकर होने वाले विवाद से संबंधित हम सब खबरें पढ़ते रहते हैं। इस मसले पर सियासत भी खूब होती है। तो इस समस्या का हल क्या है? सच पूछो तो भाषा के मसले पर होने वाले विवादों का एक मात्र हल है कि हम अपनी मातृभाषा के अलावा भी किसी प्रांत की जुबान पढ़ें और सीखें। अब एक उदाहरण लीजिए। सुष्मिता बोस और अमना जकी राजधानी के अपने स्कूल की लाइब्रेरी के बाहर धाराप्रवाह पंजाबी में बातचीत कर रही थीं। इनके बीच में हो रहे संवाद को सुनकर कोई नहीं कह सकता था कि इन दोनों की मातृभाषा पंजाबी नहीं है। बांग्ला भाषी सुष्मिता और अमना के घर में उर्दू या कहें हिन्दुस्तानी बोली जाती हैं। इन दोनों ने पंजाबी लिखना और बोलना अपने राजधानी के दशमेश पब्लिक स्कूल, विवेक विहार में सीखा। इधर पंजाबी भाषा सभी बच्चों को आठवीं कक्षा तक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाई जाती है।

अगर सारे देश के स्कूलों के बच्चे अपनी मातृभाषा के अलावा किसी अन्य राज्य की भाषा भी पढ़ें और सीखें तो कितना अच्छा हो। मुंबई के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को तमिल, बांग्ला, असमिया आदि जुबानें सीखने का अवसर मिले और तमिलनाडु के बच्चों को पंजाबी, हिन्दी, मलयाली आदि भाषाएं सीखने का विकल्प हो। दशमेश पब्लिक स्कूल की मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन सरदार बलबीर सिंह कहते हैं कि भारत में 22 आधिकारिक भाषाएं और सैकड़ों बोलियां बोली जाती हैं, जो इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती हैं। लेकिन यह विविधता कभी-कभी क्षेत्रीय और भाषाई दीवारें भी खड़ी कर देती है, जो लोगों के बीच आपसी समझ और एकता को कमजोर कर सकती है। इस संदर्भ में, भारत के स्कूलों में विभिन्न प्रांतों की भाषाओं को पढ़ाने की अवधारणा न केवल एक शैक्षिक सुधार है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी माध्यम भी हो सकता है। भारत में भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह संस्कृति, इतिहास, और पहचान का प्रतीक भी है। प्रत्येक भाषा अपने साथ साहित्य, परंपराएं, और जीवनशैली की एक अनूठी झलक लेकर आती है। उदाहरण के लिए, बांग्ला भाषा रवींद्रनाथ टैगोर और बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जैसे साहित्यकारों की विरासत को समेटे हुए है, तो पंजाबी भाषा गुरबानी और लोक संगीत की जीवंतता को दर्शाती है। इसी तरह, असमिया और मलयालम जैसी भाषाएं अपनी साहित्यिक और सांस्कृतिक गहराई के लिए जानी जाती हैं। आजकल महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध हो रहा है। ये दुखद है। वे इस बाबत महाराष्ट्र के संत नामदेव का उदाहरण देते हैं। वे मूल रूप से महाराष्ट्र से थे। उन्होंने अपने जीवन के करीब दो दशक पंजाब में व्यतीत किए। उनके अनेक दोहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब में हैं। संत नामदेव के नाम पर एक मंदिर भीष्म पितामह मार्ग है। इसे संत नामदेव ट्रस्ट चलाता है। नामदेव ने मराठी के साथ ही साथ हिन्दी में भी रचनाएं लिखीं। आज भी इनके रचित गीत पूरे महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब समेत सारे देश में भक्ति और प्रेम के साथ गाए जाते हैं। संत नामदेव का जन्म सन् 1270 में



महाराष्ट्र के जिला सतारा में हुआ। उनके जीवन के साथ अनेक अलौकिक घटनाएं जुड़ी हुई हैं परंतु उन्होंने कभी भी करामाती होने का दावा नहीं किया। प्रख्यात शिक्षाविद सरिता सक्सेना कहती हैं कि यदि स्कूलों में बच्चों को विभिन्न प्रांतों की भाषाएं पढ़ाई जाएं, तो यह न केवल उनकी भाषाई क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें अन्य क्षेत्रों की संस्कृति, परंपराओं, और जीवनशैली को समझने का अवसर भी देगा। उदाहरण के तौर पर, एक बांग्ला भाषी बच्चा जो पंजाबी सीखता है, वह न केवल भाषा सीखेगा, बल्कि पंजाब के इतिहास, सिख संस्कृति, और वहां के लोकनृत्यों जैसे भांगड़ा को भी समझेगा। इसी तरह, एक हिंदी भाषी बच्चा जो असमिया सीखता है, वह असम के चाय बागानों, बिहू नृत्य, और वहां की प्राकृतिक सुंदरता से परिचित होगा। यह प्रक्रिया बच्चों में एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति और सम्मान विकसित करेगी, जो राष्ट्रीय एकता की नींव बन सकती है। सरिता सक्सेना का कहना है कि जो बच्चे एक से अधिक भाषाएं सीखते हैं, उनकी संज्ञानात्मक लचीलापन, समस्या-समाधान क्षमता और रचनात्मक सोच में वृद्धि होती है। भारत जैसे बहुभाषी देश में, जहां हर कुछ सौ किलोमीटर पर भाषा और बोली बदल जाती है, बच्चों को विभिन्न भाषाएं सिखाने से उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी। उदाहरण के लिए, मलयाली बच्चों को हिंदी पढ़ाने से न केवल उन्हें एक नई भाषा सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि यह उन्हें उत्तर भारत की संस्कृति और साहित्य से जोड़ेगा। हिंदी, जो भारत की राजभाषा है, देश के कई हिस्सों में संवाद का प्रमुख माध्यम है। मलयाली बच्चे जब हिंदी सीखेंगे, तो वे हिंदी साहित्य के महान कवियों जैसे सूरदास, तुलसीदास और प्रेमचंद की रचनाओं से परिचित होंगे। यह उनके लिए एक नई सांस्कृतिक खिड़की खोलेगा। भारत में क्षेत्रीयता और भाषाई पहचान कई बार सामाजिक तनाव का कारण बनती है। सरदार बलबीर सिंह कहते हैं कि विभिन्न भाषाई समूहों के बीच गलतफहमियां और पूर्वाग्रह अक्सर इसलिए उत्पन्न होते हैं, क्योंकि लोग एक-दूसरे की संस्कृति और भाषा से अपरिचित होते हैं। यदि स्कूलों में बच्चों को कम उम्र से ही विभिन्न प्रांतों की भाषाएं सिखाई जाएं, तो यह एक-दूसरे के प्रति समझ और सहानुभूति को बढ़ावा देगा। उदाहरण के तौर पर, जब एक बांग्ला भाषी बच्चा पंजाबी सीखता है, तो वह न केवल भाषा सीखता है, बल्कि पंजाब की संस्कृति, त्योहारों और जीवनशैली को भी समझता है। बहुभाषी शिक्षा के व्यावहारिक लाभ भी कम नहीं हैं। भारत एक तेजी से वैश्विक होने वाला देश है, जहां नौकरी और व्यापार के अवसर अब क्षेत्रीय सीमाओं से परे हैं। विभिन्न भाषाओं का ज्ञान बच्चों को भविष्य में बेहतर अवसर प्रदान कर सकता है। इसके अलावा, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में भी बहुभाषी शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जब लोग एक-दूसरे की भाषा और संस्कृति को समझते हैं, तो वे अधिक आसानी से एक-दूसरे के साथ घुल-मिल सकते हैं। हालांकि विभिन्न प्रांतों की भाषाओं को स्कूलों में पढ़ाने का विचार आकर्षक है।

इसके कार्यान्वयन में कई चुनौतियां भी हैं। सबसे पहले, भारत में शिक्षा का ढांचा पहले से ही जटिल है और कई स्कूलों में संसाधनों की कमी है। विभिन्न भाषाओं को पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की आवश्यकता होगी, जो एक बड़ी चुनौती हो सकती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए कुछ व्यावहारिक कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले, स्कूलों में भाषा शिक्षा को वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू किया जा सकता है, ताकि छात्र अपनी रुचि के अनुसार भाषा चुन सकें। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## असुरक्षा
योगेश कुमार सोनी



# दिल्ली से लोग गायब हो रहे और शासन-प्रशासन मौन

देश की राजधानी दिल्ली से एक चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है जिससे हर कोई हैरान व विचलित सा हो गया है। मामला सीधे मानव जीवन से जुड़ा और यह दिल्ली वालों पर प्रहार भी माना जा रहा है। जोनल इंटीग्रेटेड पुलिस नेटवर्क (जिपनेट) के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लगभग 8000 लोग लापता हो गए हैं जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। लापता लोगों में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। हैरानी की बात ये है कि ये संख्या 1 जनवरी से 23 जुलाई तक की है। यानी 7 महीने में करीब आठ हजार लोगों का अब तक पता नहीं चल सका। देश की सबसे सुरक्षित कहे व समझे जाने वाली दिल्ली की यह स्थिति है तो बाकी राज्यों के विषय में सुरक्षा को लेकर सोचना बेमानी सा लग रहा है। चूंकि कैमरों व सुरक्षा से लैस दिल्ली में अपहरणकर्ताओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि यह बेहद आश्चर्य की बात है। पीड़ा तब हुई जब इतनी बड़ी घटना को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से किसी भी नेता व अधिकारी का बयान नहीं आया और यदि मीडिया ने बात करने की कोशिश भी तो किसी ने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बीते दिनों पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके के अंतर्गत कुछ पत्रकारों ने भिखारियों के एक अड्डे पर रिपोर्टिंग करनी चाही लेकिन भिखारियों ने उन पर हमला कर दिया। पत्रकारों का उद्देश्य यह था कि जिन बच्चों व लोगों से भीख मंगवाई जाती है आखिर वह कौन हैं और उनकी पहचान क्या है? लेकिन वह अपने मिशन में कामयाब न हो सके। पत्रकारों ने इस मामले की पुलिस में शिकायत की लेकिन पत्रकारों के अनुसार वहां पुलिस भी जाने से डरती है और वह न जाने उन पर कार्यवाही करने में असक्षम क्यों है। दरअसल कुछ पत्रकारों को इस बात का शक है कि जो लोग गायब हो जाते हैं उनसे भीख मंगवाई जाती है व अन्य किसी घिनौने काम करने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह मानव तस्करी का सबसे बड़ा उदाहरण भी है। बहरहाल,यह आंकड़े आने के बाद दिल्ली की जनता में एक भय का माहौल है और इसके बाद लोगों ने यही तय किया है कि अपना व अपने बच्चों की सुरक्षा का स्वयं ही ध्यान दिया जाए तो बेहतर है। चूंकि यहां पुलिस बहुत ज्यादा कुछ नहीं कर पा रही। कारण क्या है, यह तो समझ से परे है लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए चूंकि जिन तंत्रों का प्रयोग करके पुलिस काम कर सकती है उतना स्वयं पीड़ित नहीं कर सकता। कूड़ा चुगने वाले, कबाड़ी वाले या सर्वे के नाम पर आपको सुविधा देने या बिना वजह पानी व बिजली या अन्य किसी की जांच करने वाले लोगों से सावधान रहने की जरूरत है चूंकि सबसे ज्यादा ऐसी घटनाओं को इसी तरह के लोग अंजाम देते हैं। इस तरह के लोग पहले रेकी करते हैं फिर उसके बाद शिकार करते हैं। सीसीटीवी में सबकुछ देखने के बाद भी कुछ न होना बहुत सारे सवाल खड़े कर जाता है। क्या यह गैंग इतना पावरफुल है कि इस पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही या कोई अन्य बड़ा कारण? यह तो अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन इन आंकड़ों के आने के बाद सुरक्षा को लेकर कलई खुल गई। महानगरों में जितनी सुविधाएं हैं लेकिन रहने में उससे ज्यादा रिस्क भी बढ़ता जा रहा है। सिर्फ आंकड़ों की बात करें तो यह प्रत्येक दिन औसतन 35 से अधिक लोगों के लापता होने की गंभीर तस्वीर को उजागर करता है। यह न केवल कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाता है, बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी एक बड़ी बहस को जन्म देता है। यदि उत्तर पूर्वी जिले की बात करें तो कुल 730 मामले दर्ज किए गए, जो दूसरे स्थान पर है। इसके बाद दक्षिण पश्चिम जिले में 717 व दक्षिण पूर्व जिले में 689 और बाहरी जिले में 675 मामले दर्ज किए गए। जिपनेट के मुताबिक द्वारका में 644, उत्तर पश्चिम जिले में 636, पूर्वी जिले में 577 और रोहिणी जिले में गुमशुदगी के 452 ऐसे मामले दर्ज किए गए। मध्य जिले में 363 लोगों का सुराग नहीं मिल पाया है, जबकि उत्तर, दक्षिण और शाहदरा जिलों में क्रमशः 348, 215 और 201 लोग अब भी लापता हैं। इन आंकड़ों से यह तो तय हो जाता है कि पूरी दिल्ली में मानव जीवन पर प्रहार हो रहा है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों पर कई तरह के सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। यदि सवाल सुरक्षा का है तो यहां शासन-प्रशासन को बेहद गंभीर होने की जरूरत है, चूंकि बुनियादी जरूरत भी न मिल सके तो बाकी की उम्मीद कैसे की जाए। किसी भी सरकार व प्रशासन का पहला नियम नागरिकों को सुरक्षा देना है और यदि ऐसा नहीं हो पा रहा है तो यह निराशाजनक स्थिति पैदा करता है, इसलिए ऐसे मामलों में सभी को अपने स्तर पर सक्रियता दिखानी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
**दर्शन**

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

# जिसका भी मनोबल जागा



संकलित
**प्रेरणा**

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्घ नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धंस गया और फिर धंसता ही चला गया। हाथी के फंसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्घ की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्घ में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चाइनीज मांझा : खुलेआम बिकती मौत की धार

हर शहर, हर गली, हर मोहल्ले में, जब बच्चे और किशोर पतंग उड़ाने निकलते हैं तो उनका उद्देश्य केवल आसमान छूना होता है। लेकिन दुर्भाग्य से अब पतंग की यह उड़ान कई बार किसी की जान लेकर ही थमती है। इसका कारण कोई आम धागा नहीं, बल्कि एक जानलेवा उत्पाद है– चाइनीज मांझा। यह मांझा अब केवल पतंगों की डोर नहीं रहा, यह सड़क पर चल रहे आम आदमी की ज़िंदगी का दुश्मन बन चुका है। हर दिन अख़बारों में ऐसी खबरें आती हैं कि फलां व्यक्ति की गर्दन मांझे से कट गई, किसी पक्षी के पर मांझे में उलझकर छिल गए, किसी स्कूली बच्चे का गला बुरी तरह घायल हो गया, कोई बाइक सवार अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। आज राह में मौत एक पारदर्शी धागे में लटकी हुई है।

*– विक्रम पटेल, धमतरी*

## ट्रेंड


### कोटि-कोटि नमन



महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और विचारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को उनकी पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन। वे महिलाओं, वंचितों और गरीबों के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत समर्पित रहे। स्वाधीनता के प्रति उनकी अडिग निष्ठा प्रेरणीय है।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### रणनीतिक कौशल



यह सवाल करना कि हमारे लड़ाकू विमानों ने नजदीक से हमला क्यों नहीं किया, लंबी दूरी के सटीक हमलों के रणनीतिक कौशल को नजरअंदाज करना है, जिसने हमारे सैनिकों की रक्षा की और यह सुनिश्चित किया कि मिशन सफल रहे।

**-एन. बीरेन सिंह, पूर्व सीएम, मणिपुर**

### मोदी जी में अंहकार



22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमला हुआ। नेता विपक्ष राहुल गाँधी और मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर विशेष सत्र की मांग की, लेकिन हमें इस पत्र का कोई जवाब नहीं आया। मोदी जी के अंदर इतना अहंकार है कि वह विपक्ष के पत्र का जवाब देना भी जरूरी नहीं समझते।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### राजद की कार्रवाई



क्या राजद अपने विधायक भाई वीरेंद्र पर भी कार्रवाई करेगी, जिन्होंने बाबा साहेब आंबेडकर के आदर्शों के उलट एससी-एसटी समाज के खिलाफ शर्मनाक टिप्पणी की, जान से मारने की धमकी दी।

**-तेज प्रताप यादव, पूर्व मंत्री, बिहार**

## करंट अफेयर


# रूस, यूक्रेन से 10-12 दिन में युद्ध समाप्त करे: अमेरिका



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोकने के लिए अब सिर्फ 10 से 12 दिन का वक्त दे रहे हैं। इससे पहले उन्होंने पुतिन को 50 दिन की समयसीमा दी थी। ट्रंप ने 14 जुलाई को कहा था कि अगर सितंबर की शुरुआत तक शांति समझौता नहीं होता तो वह रूस पर अत्यधिक शुल्क लगाएंगे लेकिन सोमवार को ट्रंप ने कहा कि अब वह पुतिन को सिर्फ 10 से 12 दिन का वक्त दे रहे हैं यानी वह चाहते हैं कि सात से नौ अगस्त तक शांति के प्रयासों में ठोस प्रगति हो। ट्रंप के इस कदम के तहत रूस के व्यापारिक साझेदारों पर भी प्रतिबंध और अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने के आसार हैं। ट्रंप ने कहा कि इसकी औपचारिक घोषणा बाद में की जाएगी। समय सीमा घटाने को लेकर ट्रंप ने कहा, 'इंतजार की कोई ठोस वजह नहीं है। हमें कोई प्रगति होती नहीं दिख रही।' स्कॉटलैंड की यात्रा के दौरान ट्रंप ने कहा कि पुतिन को 'समझौता करना होगा। काफी संख्या में लोग मर रहे हैं।' रूस की ओर से इस मामले में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ट्रंप से एक सम्मेलन में जब रूस के राष्ट्रपति से संभावित मुलाकात के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'अब मुझे बातचीत में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है।'

## ऑफ बीट

# स्वस्थ आहार लेने वाले बुजुर्गों को बीमारियां भी धीमी गति से



कल्पना कीजिए कि 70 वर्षीय दो व्यक्ति हैं, दोनों सक्रिय हैं, स्वतंत्र रूप से जीवन व्यतीत करते हैं और जीवन का आनंद लेते हैं। लेकिन अगले 15 वर्षों में, एक व्यक्ति को हृदय रोग, मधुमेह और अवसाद जैसी दो–तीन बीमारियां हो जाती हैं, जबकि दूसरा व्यक्ति अपेक्षाकृत स्वस्थ रहता है। ऐसा क्यों होता है? एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग निरंतर रूप से स्वस्थ आहार लेते हैं, उनमें दीर्घकालिक बीमारियां धीमी गति से विकसित होती हैं, जबकि प्रसंस्कृत मांस, परिष्कृत अनाज और शर्करा–युक्त पेय जैसे असंयमित आहार लेने वाले लोगों में बीमारियां अधिक तेजी से पनपती हैं। इससे विकलांगता, अस्पताल में भर्ती होने और समय से पहले मृत्यु का खतरा बढ़ता है। अध्ययन में हृदय रोग और अवसाद, डिमेंशिया जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर आहार का सबसे मजबूत प्रभाव दिखा। शोधकर्ताओं का कहना है कि स्वस्थ आहार जलन तथा पेट संबंधी कुछ समस्याओं को नियंत्रित कर सकता है। सब्जियाँ, फल, साबुत अनाज और स्वास्थ्य के लिए उपयोगी वसा इस जलन को कम करते हैं, जबकि अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ इसे बढ़ाते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

## स्थानांतरित शिक्षकों के वेतन पर बड़ा संकट

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** हाल ही में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा थोक के भाव हुए प्रशासनिक और स्वैच्छिक स्थानांतरण ने जिले में शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में गड़बड़ी पैदा कर दी है। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी ने 3 जुलाई 2025 को स्थानांतरण आदेश जारी किया और 4 जुलाई को शिक्षकों को एकतरफा कार्यमुक्त भी कर दिया।नए पदस्थापन आदेशों के तहत कुछ शिक्षक नई शालाओं में रिपोर्ट कर चुके हैं, वहीं बड़ी संख्या में शिक्षकों ने मेडिकल अवकाश लेकर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने कई मामलों में शिक्षकों को राहत देते हुए स्थानांतरण आदेशों को निरस्त कर दिया है, जबकि कुछ मामलों में सहायक आयुक्त एवं कलेक्टर को समस्याओं के समाधान हेतु अधिकृत किया है। विवाद की स्थिति तब और जटिल हो गई जब आदेश में यह उल्लेख किया गया कि स्थानांतरित शिक्षकों की मेडिकल अवकाश पात्रता और अन्य अवकाश स्वीकृति केवल नवीन शाला से ही मानी जाएगी। इस व्यवस्था के कारण शिक्षकों का वेतन आहरण अटक गया है। शिक्षकों को डर है कि यदि माह जुलाई का वेतन नवीन शाला से आहरित हो गया, तो न्यायालय के आदेशों के बावजूद स्थानांतरण आदेश स्वमेव प्रभावी हो जाएगा, जो कि उनके हितों के विरुद्ध होगा। अब सभी की निगाहें जिला अधिकारियों के आगामी निर्णय पर टिकी हैं।

## सरपंचों से छीना आकस्मिक व्यय का अधिकार!

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** ग्राम पंचायतों द्वारा किए जा रहे अन्य व्यय और आकस्मिक व्यय के नाम पर भुगतान को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। प्रशासन द्वारा इन भुगतानों में पारदर्शिता की कमी और नियमों की अनदेखी का हवाला देते हुए, अब बिना पूर्व स्वीकृति के किए गए कार्यों के भुगतान पर रोक लगा दी गई है। इस फैसले से सरपंच संघ में नाराजगी फैल गई है।

**जनपद सीईओ का सख्त आदेश**


डिंडौरी जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि बिना प्रशासनिक स्वीकृति के किए गए खर्चों को अब गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए रोका जाएगा। इसी कड़ी में समनापुर जनपद पंचायत के सीईओ ने 24 जुलाई को समीक्षा बैठक के बाद स्पष्ट आदेश जारी किया कि बिना अनुमति के भुगतान प्रतिबंधित रहेगा। जनपद समनापुर में आकस्मिक व्यय के अधिकार समाप्त करने के विरोध में सरपंच संघ ने कलेक्टर डिंडौरी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि पंचायत राज अधिनियम के तहत सरपंचों को आकस्मिक कार्यों के लिए व्यय करने का कानूनी अधिकार प्राप्त है।

### मेहंदवानी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कुटरई में सचिव ने खरीदा 5 पुड़ा बीड़ी


# पंचायती खजाने से लड्डू, बर्फी और नमकीन का नाश्ता कर बीड़ी फूंक रहे जिम्मेदार, बिल सोशल मीडिया में वायरल

### अमरपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोको में नमकीन, लड्डू और बर्फी के नाम हजारों रुपए का भुगतान

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए जिले में पंचायती खजाने का किस तरह दुरूपयोग किया जा रहा है, इसकी बानगी विगत दिनों उजागर हुआ था। ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष के आगमन पर वाहन भाड़ा के नाम पर हजारों रुपए का भुगतान किया गया था वहीं अंडई पंचायत में बीड़ी खरीदने का मामला उजागर होने पर जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर द्वारा तत्काल पद का दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितता करने वाले दो सचिवों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई थी ।



कुछ ऐसा ही पंचायती खजाने का दुरुपयोग किए जाने का मामला सामने आया है। मेहंदवानी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कूटरई के सरपंच,सचिव द्वारा 16/08/2024 को बगैर जीएसटी बिल, जिसमें दिनांक तक का उल्लेख नहीं है। फर्म लक्ष्य किराना एंड जनरल स्टोर्स एवं ऑनलाइन सेंटर कुटरई को शक्कर, चायपत्ती, लौंग सुपाड़ी , मूंगफली, फूटा, बीड़ी 5 पुडा सहित अन्य पानी पेटी, तेल सब्जी के नाम पर 11505 रु का भुगतान किए जाने का बिल सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जब इस संबंध में सचिव जेहर सिंह परस्ते से जानकारी चाही गई तो उनका कहना है कि किराना सामग्री एवं बीड़ी शासन के नियम अनुसार ही खरीदे गए हैं । इस तरह से गांवों के बुनियादी विकास के नाम पर जिम्मेदार मनमानी तरीके से शासन की राशि का खुलेआम दुरूपयोग कर रहे हैं। जनपद पंचायत सीईओ प्रमोद कुमार ओझा का कहना है कि यदि वित्तीय अनियमितता की गई तो जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



### बर्फी, नमकीन और लड्डू के नाम पर हजारों रुपए उड़ाए

अमरपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोको के सरपंच, सचिव द्वारा 20/02/2024 को ग्राम सभा एवं अन्य कार्य हेतु 30 किलो नमकीन, लड्डू 18 किलो, बर्फी 12 किलो खरीदी के नाम पर 16200 रु का भुगतान किया गया है, ग्राम पंचायत द्वारा साबिर होटल के नाम पर 01/03/2025 को नमकीन 35 किलो, बर्फी 22 किलो, लड्डू 17 किलो, पानी 5 पेटी सहित अन्य सामग्री के नाम पर 1350 रु भुगतान किया गया है । जब इस संबंध में सचिव शिवप्रसाद यादव से जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा कि जो खरीदा गया है उसका ही भुगतान किया गया है, ये खरीदी कार्यक्रमों में उपयोग हेतु की गई है। इस तरह से जिम्मेदार ग्राम विकास की बजाय चाय नाश्ता और लड्डू बर्फी के नाम पर शासन की राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं।

### ग्रामवासियों ने परिजनों सहित सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के बाहर किया मौन धरना प्रदर्शन

# मेडम ने दिव्यांग बच्ची के दागे दोनों हाथ!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

**जिला मुख्यालय में मंगलवार को मानवता को शर्मसार करने वाली एक तस्वीर सामने आई जहां पर एक दिव्यांग मासूम को गरम वस्तु से चटके देने का मामला सामने आया है।**






जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप स्थित सीडब्ल्यूएसएम छात्रावास एक गंभीर विवादों के घेरे में आ गया है। यहां रह रही 10 वर्षीय दिव्यांग बालिका सृष्टि ने छात्रावास की महिला कर्मचारी पर शारीरिक उत्पीड़न का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

बच्ची ने बताया कि एक धार्मिक धागा हाथ में बंधा होने के कारण जब उसने उसे काटने से मना किया, तो छात्रावास में पदस्थ मैडम पाटिल ने गरम वस्तु से उसके दोनों हाथ दाग दिए। परिजनों के अनुसार, यह धागा बच्ची को बीमारी से बचाव के लिए धार्मिक आस्था के तहत बांधा गया था और उसे काटने से मना किया गया था। बच्ची जब इस बात को लेकर मैडम से निवेदन कर रही थी, तभी यह हिंसक कृत्य किया गया। 10 साल की मासूम सृष्टि नेत्रहीन तो है ही साथ ही चार माह पहले ही उसके पिता का देहांत हो चुका है। सृष्टि की मां भी विकलांग है। ऐसे गरीब और मजबूर परिवार पर यह अमानवीय व्यवहार प्रशासन के लिए भी चुनौती बन गया है। आखिरकार किस मकसद से मेडम ने यह कृत्य कर दिया। घटना के बाद परिजन उसे हॉस्टल से वापस चौरई ब्लॉक के लिखड़ी गांव ले गए, जहां बच्ची ने आपबीती बताई। उसके हाथों पर जलने के स्पष्ट निशान देखे गए और परिजनों का कहना है कि घटना से बच्ची का मानसिक संतुलन भी प्रभावित हुआ है।इस गंभीर प्रकरण को लेकर परिजनों और ग्रामवासियों ने सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के बाहर मौन धरना दिया और जिला प्रशासन से सीडब्ल्यूएसएम छात्रावास में दिव्यांग बच्ची के साथ अमानवीयता का आरोप लगाते हुए परिजनों ने विरोध प्रदर्शन कर सख्त कार्रवाई की मांग की। उधर, आरोपी महिला कर्मचारी मैडम पाटिल ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि बच्ची जानबूझकर झूठी कहानी बना रही है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या छात्रावासों में रह रहे बच्चों की सुरक्षा और देखरेख सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। क्या विशेष आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चों के लिए कोई प्रभावी निगरानी प्रणाली मौजूद है। यह मामला ना केवल सीडब्ल्यूएसएम हॉस्टल की कार्यप्रणाली, बल्कि जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग की जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। जांच की मांग के साथ, अब यह देखना अहम होगा कि प्रशासन इस प्रकरण को कितनी संवेदनशीलता और पारदर्शिता से संभालता है।

### पांच लाख से अधिक का लगाया अर्थदंड

# चैक बाउंस के मामले में सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी छिंदवाड़ा श्रीमती नंदिनी उईके द्वारा दिनांक 24 जुलाई को चैक बाउंस के प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए अभियुक्त प्रतीक गायकवाड पिता श्री सुधाकर गायकवाड, निवासी चंदनगांव, नागपुर रोड छिंदवाड़ा को चार लाख रुपए चैक की राशि तथा ब्याज के रूप में अतिरिक्त एक लाख संतानवे हजार चार सौ रुपए ऐसे कुल पांच लाख संतयानवे हजार चार सौ रुपए की राशि परिवादी आवेदक बादल साहू पिता स्व.श्री विनोद साहू ,निवासी पुराना छापाखाना छिंदवाड़ा को भुगतान करने तथा कारावास की सजा से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है।

न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी छिंदवाड़ा श्रीमती नंदिनी उईके द्वारा दिनांक 24 जुलाई को चैक बाउंस के प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए अभियुक्त प्रतीक गायकवाड पिता श्री सुधाकर गायकवाड, निवासी चंदनगांव, नागपुर रोड छिंदवाड़ा को चार लाख रुपए चैक की राशि तथा ब्याज के रूप में अतिरिक्त एक लाख संतानवे हजार चार सौ रुपए ऐसे कुल पांच लाख संतयानवे हजार चार सौ रुपए की राशि परिवादी आवेदक बादल साहू पिता स्व.श्री विनोद साहू ,निवासी पुराना छापाखाना छिंदवाड़ा को भुगतान करने तथा कारावास की सजा से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है। मामला यह है कि अभियुक्त प्रतीक गायकवाड द्वारा मांगे जाने पर परिवादी बादल साहू



द्वारा प्रतीक को माह अगस्त 2019 में नगद हाथ उधार राशि 4 लाख रुपए प्रदान किए गए थे प्रतीक ने राशि एक माह में लौटने का वचन दिया गया था। एक माह में राशि प्रतीक ने नहीं लौटाई तो परिवादी बादल के राशि वापस मांगने पर प्रतीक द्वारा बादल को एक चैक चार लाख रुपए का 11/12/2019 का प्रदान किया । चैक बैंक में प्रस्तुत करने पर बैंक द्वारा खाते में राशि नहीं होने के कारण अनादृत कर दिया गया।

परिवादी द्वारा अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी प्रतीक को नोटिस भेजा गया जो ताला बंद होने से वापिस प्रेषक को लौटा दिया गया। समय सीमा में आवेदक द्वारा प्रतीक के विरुद्ध चैक बाउंस होने के कारण एक परिवाद छिंदवाड़ा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी छिंदवाड़ा द्वारा विचरण उपरांत साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त प्रतीक को दोषी पाया गया। आरोपी को कारावास एवं चैक की राशि मय ब्याज के कुल 5,97,400=00 रुपए अभियुक्त द्वारा परिवादी को प्रदान किए जाने के आदेश पारित किए गए।परिवादी बादल साहू की ओर से अधिवक्ता अजय पालीवाल द्वारा पैरवी की गई।



# जर्जर हालत में रुमाल डेम का गेट प्लेटफॉर्म, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**जगह-जगह गहरे क्रैक्स हैं, जल्द ही मरम्मत नहीं की गई, तो यह प्लेटफॉर्म कभी भी गिर सकता है।**

**सोनखार। उगली।** सिवनी जिले के ग्रामीण अंचल में स्थित रुमाल डेम का गेट प्लेटफॉर्म आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। भ्रमण के दौरान यह सामने आया कि डेम के गेट के पास की सीमेंटेड और पत्थर की संरचना पूरी तरह से दरारों से भरी हुई, जर्जर, और खतरनाक हो चुकी है। जगह-जगह गहरे क्रैक्स हैं, जिनसे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि यदि जल्द ही मरम्मत नहीं की गई, तो यह प्लेटफॉर्म कभी भी गिर सकता है। यह न सिर्फ जल प्रबंधन प्रणाली को प्रभावित करेगा, बल्कि कर्मचारियों और ग्रामीणों की जान को भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। डेम के गेट के चारों ओर लगी लोहे की रैलिंग पूरी तरह से जंग खा चुकी है। कई जगह से यह रैलिंग टूटी हुई है, जिससे कोई भी व्यक्ति जरा सी असावधानी में सीधे जल में गिर सकता है।

**गेट प्लेटफॉर्म का निरीक्षण और मरम्मत करवाई जाए**

तत्काल इंजीनियरिंग टीम भेजकर गेट प्लेटफॉर्म का निरीक्षण और मरम्मत करवाई जाए। सुरक्षा के लिहाज से नई रैलिंग और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। डेम की समग्र स्थिति का सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह डेम किसी दिन जानलेवा हादसे का कारण बन सकता है। जबकि यह विधानसभा कद्दावर नेता स्वर्गीय ठा. हरवंश सिंह का क्षेत्र है जहा से वर्तमान मे उनके पुत्र रजनीश ठाकुर विधायक है क्षेत्रीय जनो की अपेक्षा है वे भी इस और अपना ध्यान देकर माननीय कलेक्टर महोदय को अवगत कराये। जिससे की मरम्मत हो सके ।

### भतीजे की मौत, चाचा के खिलाफ अपराध दर्ज

**कटंगी।** बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति की मौत के मामले की जांच करते हुए 1 माह बाद अपराध पंजीबृद्ध कर लिया है. पुलिस ने पुलपुट्टा निवासी 38 वर्षीय सूरज पिता चैतराम गोपाले की मौत के मामले में चाचा होमराज गोपाले के खिलाफ सोमवार की देर रात अपराध दर्ज किया. होमराज गोपाले के विरुद्ध पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106(1), 238 की कार्रवाई की है. पूरा मामला ग्राम हरदोली में खेत तालाब के पास सूरज गोपाले की करंट की चपेट में आने से मौत होने से जुड़ा हुआ है. घटना 26 जून 2025 की है. मिली जानकारी अनुसार 25 जून की शाम सुरज गोपाले अपनी धर्मपत्नी कविता से मोबाइल लेने के लिए बोनकट्टा जाने की बात कहकर घर से निकला था. जो उस दिन देर रात तक अपने घर वापस नहीं आया।

## महिला के गाल में दांत से काटते हुए खींच ली थी फोटो

**सतना।** जिले की नागौद पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी धीरू पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नागौद के निर्देशन में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा। यह मामला 28 जून 2025 को तब सामने आया,जब ग्राम मझगवां निवासी प्रीतराम दहायत ने नागौद थाने में अपनी पत्नी मंजू दहायत की आत्महत्या की सूचना दी। प्रीतराम ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 26 जून को दोपहर करीब 3 बजे उनकी पत्नी मंजू दहायत कुएं पर पानी भरने गई थीं। उसी दौरान गांव के धीरू पाण्डेय ने उनकी पत्नी के गाल पर दांत से काटते हुए उनके मोबाइल से फोटो खींच ली।आरोपी धीरू पाण्डेय ने मंजू को धमकी दी कि अगर वह उसे जहां बुलाएगा ,वहां नहीं आएगी तो वह उसकी फोटो वायरल कर देगा। इस धमकी और बदनामी के डर के कारण, 28 जून को मंजू दहायत ने खेत वाले घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मर्ग कायम कर जांच शुरू की।मर्ग जांच,पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट,शव पंचनामा और बयानों के आधार पर यह पाया गया कि आरोपी धीरू पाण्डेय ने मृतिका मंजू की आपत्तिजनक फोटो खींची थी और उसे वायरल करने की धमकी दी थी। इसी बदनामी के डर और ग्लानि के कारण मंजू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच में आरोपी धीरू पाण्डेय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएन एस) की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का अपराध प्रमाणित पाया गया। इसके बाद,आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 489/25 धारा 108 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना के बाद से आरोपी धीरू पाण्डेय फरार चल रहा था,जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। नागौद पुलिस ने मुखबिरों और तकनीकी सहायता का उपयोग करते हुए आरोपी की गहनता से तलाश की।

### नाबालिग युवती के अपहरण की शिकायत

**छिंदवाड़ा।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले परिवार ने अपनी 15 साल की नाबालिग बच्ची के अपहरण की शिकायत पुलिस अधीक्षक अजय पांडे से की है। इस मामले में एसपी ने शिकायत के निराकरण का आश्वासन दिया है। बताया जा रहा है कि कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले परिवार ने शिकायत की है कि प्रार्थी ड्राइवर का काम करता है, उनकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया गया है। प्रार्थी ने गोरेगांव निवासी युवक पर अपहरण के गंभीर आरोप लगाए हैं जिसकी शिकायत पूर्व में कोतवाली थाने में भी की गई, लेकिन कोतवाली थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से निराकरण नहीं किया। बच्ची की तलाश को लेकर स्वजन खासे परेशान हैं और कई प्रकार की आशंका व्यक्त कर रहे हैं, बच्ची नाबालिग होने के बाद भी पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक कार्रवाई नहीं करना कई सवाल खड़े कर रहा है।

### भारत में करीब 3682 जिसमें सर्वाधिक 785 बाघ है मध्यप्रदेश में

# बाघ दिवस : पेंच रिजर्व पार्क में बाघ की दहाड़ बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मध्यप्रदेश के लिये विशेष महत्व रखता है। बाघों के अस्तित्व और संरक्षण के लिये प्रदेश में जो कार्य हुए है, उसके परिणाम स्वरूप आज मध्यप्रदेश में बाघ की दहाड़ बरकरार है अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक बाघ मध्यप्रदेश में है, यह न सिर्फ मध्यप्रदेश बल्कि भारत के लिये भी गर्व की बात है।

वर्ष 2022 में हुई बाघ गणना में भारत में करीब 3682 बाघ की पुष्टि हुई, जिसमें सर्वाधिक 785 बाघ मध्यप्रदेश में होना पाये गये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील पहल के परिणाम



स्वरूप बाघों की संख्या में वृद्धि के लिये निरंतर प्रयास हो रहे हैं। बाघ रहवास वाले क्षेत्रों के सक्रिय प्रबंधन के फलस्वरूप बाघों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। मध्यप्रदेश के कॉरिडोर उत्तर एवं दक्षिण भारत के बाघ रिजर्व से आपस में जुड़े हुए हैं। प्रदेश में बाघों की संख्या बढ़ाने में राष्ट्रीय उद्यानों के बेहतर प्रबंधन की मुख्य भूमिका है। राज्य शासन द्वारा जंगल से लगे गांवों का विस्थापन किया जाकर बहुत बड़ा भूभाग जैविक दवाब से मुक्त कराया गया है। संरक्षित क्षेत्रों से गांव के विस्थापन के फलस्वरूप वन्य प्राणियों के रहवास क्षेत्र का विस्तार हुआ है।

कान्हा, पेंच और कूनो पालपुर के कोर क्षेत्र से सभी गांवों को विस्थापित किया जा चुका है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का 90 प्रतिशत से अधिक कोर क्षेत्र भी जैविक दबाव से मुक्त हो चुका है। विस्थापन के बाद घांस विशेषज्ञों की मदद लेकर स्थानीय प्रजातियों के घास के मैदान विकसित किये गये हैं, जिससे शाकाहारी वन्य प्राणियों के लिये वर्षभर चारा उपलब्ध होता है। संरक्षित क्षेत्रों में रहवास विकास कार्यक्रम चलाया जाकर सक्रिय प्रबंधन से विगत वर्षों में अधिक चीतल की संख्या वाले क्षेत्र से कम संख्या वाले चीतल विहीन क्षेत्रों में सफलता से चीतलों को स्थानांतरित किया गया है।

इस पहल से चीतल, जो कि बाघों का मुख्य भोजन है, उनकी संख्या में वृद्धि हुई है और पूरे भूभाग में चीतल की उपस्थिति पहले से अधिक हुई मध्यप्रदेश में बाघ की दहाड़ बरकरार है।राष्ट्रीय उद्यानों के प्रबंधन में मध्यप्रदेश शीर्ष पर मध्यप्रदेश ने टाइगर राज्य का दर्जा हासिल करने के साथ ही राष्ट्रीय उद्यानों और संरक्षित क्षेत्र के प्रभावी प्रबंधन में भी देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को यूनेस्को की विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल किया गया है।

केन्द्र सरकार द्वारा जारी टाइगर रिजर्व के प्रबंधन की प्रभावशीलता मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार पेंच टाइगर रिजर्व ने देश में सर्वोच्च रेंक प्राप्त की है। बांधवगढ़, कान्हा, संजय और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन वाले रिजर्व माना गया है। इन राष्ट्रीय उद्यानों में अनुपम प्रबंधन योजनाओं और नवाचारी तरीकों को अपनाया गया है।बाघों के संरक्षण की पहलराज्य सरकार बाघों के संरक्षण के लिये कई पहल कर रही है।

### लांजी थानांतर्गत ग्राम लाडसा का मामला, नागपुर में इलाज के दौरान हुई मौत

# युवक की संदेहास्पद मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थानांतर्गत ग्राम लाडसा में विगत 22 जून की रात्रि लगभग 9 बजे दो युवकों पवन पिता महेश उरोड़े, केसरी पिता श्रीराम खेरे दोनो निवासी लाडसा के द्वारा रेवेंद्र पिता लोकचंद मंसूरे 35 वर्ष को जबरदस्ती अपने साथ दोपहिया वाहन में लेकर गये थे। और रात्रि में लोकचंद के परिजनों को बाजार चौक लांजी में सड़क दुर्घटना होने की जानकारी दी और सिविल अस्पताल में भर्ती किये जाने की बात ही। घटना की सूचना मिलते ही रेंवेंद्र की पत्नी सलिता लांजी पहुंची तो दोनो ही युवकों द्वारा महाराष्ट्र के गोंदिया स्थित यूनाईटेड हॉस्पिटल ले जाने की बात बताई। उसके बाद परिजनों द्वारा घटना की जानकारी लांजी थाने में दी गई थी। वहीं गोंदिया में एक सप्ताह तक भर्ती रहने के बावजूद युवक रेवेंद्र की हालत में कोई सुधार नहीं होने के कारण चिकित्सकों द्वारा नागपुर मेडिकल कॉलेज रिफर किया परंतु वहां भी लगभग 26 दिन तक युवक लोकचंद जिंदगी और मौत से जंग लड़ता रहा और अंततः 27 जुलाई को अंतिम सांस ली। जिसके बाद पीएम के पश्चात परिजन मृतक को लेकर अपने गृहग्राम पहुंचे और युवक का 29 जुलाई को मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

**बार-बार अपना बयान बदल रहे संदिग्ध युवकः** इस



संबंध में मृतक युवक रेवेंद्र की पत्नी श्रीमती सलिता मंसूरे ने बताया की मेरे द्वारा बार-बार दोनो युवकों पवन उरोड़े और केसरी खेरे से पति के बारे में पूछने पर बार-बार बात बदलकर बताई जा रही थी। उन्होने दोनो युवकों पर अपने पति को मारपीट कर साक्ष्य छिपाने की नीयत से अस्पताल ले जाया गया जिससे वह बचा जा सके। वहीं पुलिस थाने में शिकायत करने के बावजूद दोनो युवकों से पूछताछ भी नहीं की गई। जिससे मेरे पति के हत्यारे दोनो युवक आराम से घूम रहे हैं। वहीं लांजी पुलिस द्वारा अभी भी जांच की बात कह रही है जिससे मुझे न्याय मिलने की आस धुंधली नजर आ रही है। महिला ने रोते हुए बताया की वर्तमान में घर की हालत ऐसी है की चार लोगों के खाने के लिये घर में अनाज तक नहीं है जिससे पति के मरणोपरांत होने वाले कार्यक्रम के खर्च किस तरह होगा यह सोचकर ही रोना आता है। इस मामले में मृतक रेवेंद्र मंसूरे को दोनो युवक पवन उरोड़े और केसरी खेरे द्वारा जबरन अपनी मोटर सायकल में बिठाकर ले जाया जा रहा है यह बात फूलचंद मंसूरे नामक व्यक्ति की लाडसा में स्थित स्वल्पाहार की दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज से साफ समझ आ रहा है।



## घर-घर नागदेवता की पूजा कर दुग्धपान कराया

# श्रद्धा और आस्था से मनाया गया नागपंचमी का त्यौहार

जबलपुर।

नागपंचमी का त्यौहार शहर में हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। सुबह-सुबह लोगों ने स्नान ध्यान किया और नाग देवता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सुबह से ही नाग को दूध पिलाने के लिये इस बार सपेरों को तलाशते नजर आये, जबकि कभी सपेरे आवाज लगाकर गलियों में घूमते थे। वन विभाग द्वारा सांप पकड़ने पर लगाये गये प्रतिबंध के कारण गत वर्षों के मुकाबले इस वर्ष सपेरों की संख्या कम रही। शनैः शनैः त्योहार की रौनक आस्था, श्रद्धा और औपचारिकता तक सिमट गई।

### दंगल परम्परा हो रही है लुप्त

इस वर्ष न तो दंगल के आयोजन देखने को मिले और न बाजी के करतब। चौरसिया समाज द्वारा जरूर नागपंचमी का पर्व चौरसिया दिवस के रूप में मनाया गया। हवन, पूजन और अनुष्ठान किये गये तथा सांस्कृतिक आयोजन भी किये गये। शहर के प्रत्येक अखाड़ों में जरूर पटाबनेटी के प्रदर्शन हुये। नागपंचमी पर पर्व पर एपीएन विद्यालय में जरूर परंपरा का निर्वाह करते हुये दंगल का आयोजन किया गया। नागपंचमी पर होने वाले मल्लयुद्ध और बाजी के करतब देखने के लिये सदर, गोरखपुर, कछियाना,गढ़ाफाटक, बल्देवबाग, पानदरीबा आदि क्षेत्रों में आयोजन होते थे और लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होते थे। विगत कुछ वर्षों से यह सब परंपरागत चीजें विलुप्त हो गई। सपेरे भी नहीं दिखे। पहले एक के बाद एक सपेरों की लाईन लगी रहती थी, लेकिन अब नागदेव को दूध पिलाने के लिये सपेरों को ढूंढ़ना पड़ता है।

### नागमंदिर में अनुष्ठान

नागपंचमी की सर्वाधिक रौनक पुण्य सलिला माँ नर्मदा के पावन तट पर स्थित नागदेव मंदिर में देखने को मिली। जहां मंदिर को आकर्षक विद्युत साज सज्जा से सजाया गया था और सुबह से ही अनुष्ठान, हवन पूजन प्रांरभ हो गये थे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों को पहुंचे। यहां पर भोजन भंडारे का आयोजन भी किया गया था। बरगी बांध के गेट खुले होने के कारण नर्मदा में नाग मंदिर तक जल प्रवाह होने से श्रद्धालुओं को परेशानी भी उठाना पड़ा।





### नर्मदा मार्कंड धाम में कालसर्प दोष की पूजा कराई गई

जबलपुर संस्कारधानी के प्रख्यात काल सर्प योग निवारण स्थली नर्मदा मार्कंडे धाम में नाग पंचमी पर्व के अवसर पर विशेष कालसर्प योग का पूजन कराया गया। बताया गया है कि नर्मदा के तट पर समस्त नव ग्रह दोष की शांति करने से जीवन में सुख शांति समृद्धि विशेष लाभ की प्राप्त होता है।

## चौरसिया समाज ने नागपंचमी पर्व धूमधाम से मनाया

**जबलपुर**। चौरसिया समाज ने नागपंचमी एवं चौरसिया दिवस के अवसर पर भगवान शिव के पूजन के साथ नाग देवता का पूजन भी किया, समाज के मीडिया प्रभारी अनिकेत चौरसिया ने बताया कि नागपंचमी पर्व हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी पर शिव जी के साथ ही नाग देवता की भी विशेष पूजा की जाती है, पावन अवसर पर आज पानदरीबा स्थित भगवान गौरी शंकर मंदिर ट्रस्ट में चौरसिया समाज, नवयुवक मंडल, महिला मंडल एवं पान व्यापारी संघ के सभी सदस्यों ने नाग देवता का पूजन-अर्चन, आरती, ध्वजारोहण के साथ ही प्रसाद वितरण किया, अध्यक्ष प्रमोद चौरसिया कार्यक्रम संयोजक राजेश चौरसिया ने बताया कि परम्परा अनुसार चौरसिया समाज के पान कृषक नागपंचमी पर पान बरेजों में नागबेली अर्थात पान की पूजा विधि विधान से करते है और नाग देवता को अपना आराध्य मानते है, इस अवसर पर मघुसूदन मोदी, प्रकाश चौरसिया, अखिल चौरसिया, राजेश चौरसिया भाजपा, शिव कुमार चौरसिया, प्रकाश चौरसिया, राजू चौरसिया विश्व, जगदीश चौरसिया, भगवान चौरसिया, ऋषि चौरसिया, राजेश चौरसिया, राहुल चौरसिया, रीता चौरसिया, रेखा चौरसिया, मोहनी चौरसिया, आदि उपस्थित थे।



## जनरेटिंग कंपनी ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय से हस्ताक्षरित किया एमओयू

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) ने अपने कार्मिकों के सतत स्व-अध्ययन एवं उन्नयन नीति के अंतर्गत कौशल विकास को प्रोत्साहित करने हेतु सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के साथ एक महत्वपूर्ण मेमोरेण्डम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के अंतर्गत सरदार पटेल विश्वविद्यालय पावर जनरेटिंग कम्पनी के कार्मिकों के लिए विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक पाठ्यक्रम संचालित करेगा। इनमें डिप्लोमा, डिग्री, पार्ट-टाइम कोर्स आदि सम्मिलित हैं। एमओयू पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप और विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति डा. विप्लव पाल ने हस्ताक्षर किए।

## रक्षा सूत्र सैनिकों के नाम सम्मान कार्यक्रम आज



**जबलपुर**। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्या भारती महाकौशल प्रांत की सरस्वती शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर की बहनों के सौजन्य से रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर "रक्षा सूत्र सैनिकों के नाम" कार्यक्रम का आयोजन आज बुधवार 30 जुलाई को प्रातः 11:15 बजे मालवीय चौक, जबलपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक डा सुधीर अग्रवाल ने बताया इस भावनात्मक व प्रेरणादायक आयोजन में बहनें अपने हाथों से बनी हुई स्वदेशी राखियाँ वीर सैनिकों को बांधेंगी, उनका आरती से स्वागत करेंगी एवं फूल वर्षा द्वारा उनके समर्पण और त्याग को नमन करेंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से होगा तथा समापन राष्ट्रगान 'जन गण मन' के साथ किया जाएगा।

## भोलेनाथ की शाही सवारी निकली



**जबलपुर**। मां बड़ी खेरमाई भक्त परिवार के द्वारा भगवान महादेव भोलेनाथ की भव्य शाही सवारी यात्रा परंपरागत मार्ग से निकाली गई जगह-जगह श्रद्धालु जनों ने भगवान भोलेनाथ की आरती पूजन कर पुष्प वर्षा की। इस भव्य शोभायात्रा में मां बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल सत्यम रैकवार विनय केसरवानी लता रैकवार आनंद तिवारी पार्षद कविता गोविंद रैकवार आशीष जायसवाल बालमुकुंद गुप्ता देवी राठौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल रहे।

## धर्म संस्कृति सांस्कृतिक, सामाजिक संगठन ने हरियाली तीज मनाई

जबलपुर।

धर्म संस्कृति सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन के द्वारा हरियाली तीज सेलिब्रेशन का भव्य आयोजन बंशीवाला बारात घर शांतिनगर दमोहनाका में किया गया। हरियाली तीज सेलिब्रेशन का आयोजन संगठन की अध्यक्ष कविता दुबे (राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा) एवं सपना मिश्रा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शोभा तिवारी, रेनबो क्लब अध्यक्ष बिंदु पांडे एवं समाजसेवी प्रीति त्रिपाठी, गीता टंडन, अभिलाषा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जन शिक्षण संस्थान की डायरेक्टर लाली सिंह के द्वारा किया गया जिसमें की बहुत सी महिलाओं ने सज-धजकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। हरियाली तीज सेलिब्रेशन की थीम हरि साड़ी रखी गई थी, मुख्य आकर्षण राधा-कृष्ण की सजीव झांकी एवं उनका नृत्य रहा एवं कई प्रतियोगिता रखी गई। कार्यक्रम के दौरान सबसे अच्छी प्रतियोगी को हरियाली तीज क्वीन चुना गया एवं अन्य प्रतियोगियों को भी उनके प्रदर्शन के अनुसार इनाम दिए गए। संगठन के द्वारा समय-समय पर इस तरह के आयोजन किए जाते हैं, आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी सखियों का विशेष योगदान रहा।





## मेहरा समाज की महिलाओं ने हर्षोल्लास से मनाया हरियाली महोत्सव

**जबलपुर**। उन्नति महिला मेहरा महासंघ समिति जबलपुर द्वारा हरियाली तीज के दिन हरियाली महोत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने ग्रीन थीम के पारंपरिक परिधान में गीत संगीत, नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कमला डेहरिया, मीना मेहरा, अंजू डेहरिया, सुनीता बमानिया, रंजना हनोतिया का सम्मान हुआ। वरिष्ठजनों में श्रीमती तारादास, गायत्री गढ़वाल, कीर्ति झारिया का सम्मान किया गया तथा सदस्य के रूप में उमा झारिया, वर्षा झारिया, मीना डेहरिया, एड. रजनी झारिया, अंजना डेहरिया, मनोरमा मेहरा, अनीता मेहरा, मेनका डेहरिया, ज्ञानवती दास, लता दास, सुनीता दास, पूजा दास एवं छिंदवाड़ा जिले से अन्य महिलाएं शामिल हुईं।



## भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का किया स्वागत

**जबलपुर**। भारतीय जनता पार्टी के झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष का आत्मीय स्वागत कर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अखिलेश खंडेलवाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रदेश सह-संयोजक दीपक नाहर ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में प्रदेश संयोजक डॉ. अखिलेश खंडेलवाल ने सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। उन्होंने प्रकोष्ठ के आगामी कार्ययोजनाओं और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय प्रभारी डॉ. राजकुमार मालवीय, जिला संयोजक जबलपुर ग्रामीण रेवेंद्र सिंह 'बाबू भैया', जिला संयोजक मुरैना गजेन्द्र मावई, सरपंच संघ अध्यक्ष रघुराज सिंह, इंद्रपाल सिंह, यशराज सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधारोपण किया



जबलपुर।

मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि आज शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर में शाला की प्रधान अध्यापिका छाया जैन के मार्गदर्शन में शाला में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत सभी शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण किया जा सके। शाला में पौधा रोपण के पहले बच्चों को पर्यावरण के बारे में जानकारी देने के साथ ही पौधारोपण के महत्व के बारे में बताया गया जिससे बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बनी रहे। इस अवसर पर रॉबर्ट मार्टिन, हरीशचन्द्र वर्मा, मोनिका सोनी, रामशंकर श्रृंगी, पद्मा मालवीय, मंजुलता सोनी, अमिता केसरवानी, पूजा सोनकर, शबनम कुरेशी, अंजुलता सिंग आदि उपस्थित रहे।

## गुंडागर्दी के खिलाफ सराफा व्यापारी सड़क पर उतरे

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, एसपी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर**। गत 21 जुलाई को सुपर मार्केट के सामने स्थित सुहागन आभूषण भंडार में हुई अपराधिक घटना को लेकर स्वर्ण व्यापारियों ने खासा आक्रोश व्याप्त हैं। मंगलवार को सराफा एसोसिएशन के नेतृत्व में करीब 500 व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अपराधियों के शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस घटना से पूरे जिले में ज्वेलर्स व्यापारियों में रोष व भय का माहौल व्याप्त है ज्वेलर्स व्यापारी इसलिए भी भय मे है कि जब शहर के सघन क्षेत्र सुपर मार्केट में अपराधी पूरी गैंग के साथ घुसकर लूट, बलवा और प्राण घातक हमला किया जा सकता है तो जो व्यापारी आउटसाइड और उपनगरीय क्षेत्रों में हैं उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा। पुलिस की ओर से आश्वासन दिया गया है कि आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा। सराफा एसोसिएशन ने मुख्य अपराधियो की जल्दी गिरफ्तारी न होने पर बड़े आंदोलन की भी चेतावनी भी दी है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा सराफ जबलपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बख्तावर उपाध्यक्ष नवीन सराफ, महेंद्र ओसवाल सचिव अमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष ओम सोनी सह सचिव कृष्ण कुमार सुहाने, विवेक अग्रवाल, सुरेश सराफ, पवन समदड़िया, प्रभात जैन, अभिषेक कोठारी, मनोज चौधरी, प्रशांत चतुर्वेदी, संदीप भूरा, अशोक जवेरी, नितिन जैन, सुनील जैन पायल अंकुर रावत, दिलीप अग्रवाल, एडवोकेट सुनील सोनी मिंटू राजपूत, संतोष सोनी, मनोहर सोनी के साथ बड़ी संख्या में जबलपुर नगर एवं उप नगरीय क्षेत्रों के सराफा व्यापारी उपस्थित थे।





**NAME CHANGE**

I, Mohammad Ibraheem S/O Sagir Ahamad R/O OPPOSITE.D.I.G. OFFICE, SHAKTI BHAWAN, ROAD RAMPUR JABALPUR Bandar Kola Jabalpur Madhya Pradesh - 482001, have changed the name of my minor daughter namely Laiba Hayat aged 9 years and she shall hereafter be known as IQRA NAAZ.

**MARKSHEET LOST**

I, **Anurag Rohit Srivastava, S/o Dinesh Chand Srivastava**, Aged About 37 Years, Resident Of Rajul Township Tilhari, Mandla Road, Jabalpur M.P., do hereby Solemnly Affirm And Declare As Under. That I Was A Student Of SCSVMV University Kancheepuram Tamilnadu And I Appeared For The Bachelor Of Engineering (electrical And Electronics) In The Year 2007 To 2011 That I Was Issued A Marksheet Bearing Roll No. 110798009 for the above - mentioned examination that I have lost original marksheet of all semesters, degree certificate, convocation certificate, consolidated marksheet due to misplacement and despite my best efforts, I have been unable to trace or recover the same. That those documents are neither pledged nor in the custody of any other person and is not being used for any fraudulent or unlawful purpose that I require a duplicate copy of all the above documents from the concerned authorities for my Academic/ Employment/promotion/personal records that this affidavit is made to declare the loss of the above documents and to request issuance of a duplicate marksheet and of all semesters, degree certificate, convocation certificate, consolidated marksheet from the concerned university.

# दिन में 50 बार से ज्यादा चेक नहीं कर पाएंगे बैलेंस, 1 अगस्त से यूपीआई बदल रहा नियम

## मर्चेंट्स से लेकर बैंक और यूजर सभी के लिए ये बदलाव वाला नियम लागू होगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यूपीआई यानी यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस का इस्तेमाल देश में तेजी से बढ़ा है। लेकिन एक अगस्त में इसके नियमों में बदलाव होने जा रहा है। दरअसल, एक अगस्त के बाद से एक दिन में यूपीआई ऐप के जरिए पचास बार से ज्यादा आप अपना बैलेंस नहीं चेक कर पाएंगे।

मर्चेंट्स से लेकर बैंक और यूजर्स सभी के लिए ये बदलाव वाला नियम लागू होगा। यूपीआई पर ऑटो-पे ट्रांजेक्शन (जैसे बिल पेमेंट, ईएमआई और सब्सक्रिप्शन) का समय अब निश्चित स्लॉट में ही हो पाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये समय सुबह 10 बजे के पहले या फिर दोपहर एक बजे से लेकर शाम के पांच बजे के बीच रहेगा। इसके अलावा, रात साढ़े नौ बजे के बाद भी स्लॉट फिक्स हो पाएगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि ट्रांजेक्शन तेजी से हो पाएंगे और सिस्टम पर लोड कम पड़ेगा।

### अप्रैल में यूजर्स परेशान हुए थे

यदि कोई ट्रांजेक्शन फेल हो जाता है, तो आप सिर्फ तीन दिन बाद में उसका स्टैटस देख सकते हैं। इसके लिए कम से कम 90 सेकेंड का हर बार गैप होना चाहिए। यूपीआई के सभी यूजर्स पर ये नियम लागू होंगे, वो चाहे गूगल पे, फोन पे या फिर पेटीएम के यूजर्स हों। इस साल मार्च और अप्रैल के महीने में सिस्टम डाउन होने की दो बड़ी घटनाएं हुई थी, जिसकी वजह से लाखों यूजर्स परेशान हुए थे।




### क्या पड़ेगा असर?

दरअसल, यूपीआई के नियमों में बदलाव का आम यूजर्स पर किसी तरह का कोई असर नहीं होने जा रहा है। वे पहले की तरह ही रोजाना का बिल पेमेंट से लेकर अन्य भुगतान या फिर ट्रांसफर करते रहेंगे। पहले की तरह ही वे एक लाख रुपए एक दिन में ट्रांजेक्शन कर पाएंगे। साथ ही, एजुकेशन या फिर हेल्थ केयर से जुड़े भुगतान के लिए पांच लाख रुपए तक लिमिट है। हालांकि, इतना अब जरूर हो जाएगा कि 1 अगस्त के बाद से कोई भी यूपीआई यूजर दिन में पचास बार से ज्यादा बैलेंस चेक नहीं कर पाएंगे।

### फिंगरप्रिंट से भी कर पाएगे पेमेंट

बायोमेट्रिक पेमेंट में पहचान फिंगरप्रिंट, फेस आईडी जैसी अनोखी शारीरिक विशेषताओं से होगी। ये पिन या पासवर्ड से ज्यादा सुरक्षित और आसान है, क्योंकि इसे कॉपी करना मुश्किल है। जैसे आप अपने स्मार्टफोन को फिंगरप्रिंट और फेस आईडी के जरिए अनलॉक कर पाते हैं। पिन की तुलना में बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन से फ्रॉड का खतरा कम रहता है। वहीं ये सिस्टम तेज और ज्यादा आसान होगा।

---

## खबर संक्षेप

### वेलस्पन कॉर्प के लाभ में 41 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) ने मंगलवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग 41 प्रतिशत बढ़कर 349.16 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि मुख्य रूप से इस्पात उत्पादों के बेहतर प्रदर्शन से यह वृद्धि हुई। डब्ल्यूसीएल ने गत वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 247.03 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक पहली तिमाही में आय सालाना आधार पर 3,179.67 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,586.52 करोड़ रुपये हो गई।

### पिरामल फार्मा को 82 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध घाटा

**नई दिल्ली।** पिरामल फार्मा ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 82 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा दर्ज किया। मुंबई स्थित दवा कंपनी ने गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 89 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था। पिरामल फार्मा ने सोमवार को देर रात शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय घटकर 1,934 करोड़ रुपये रह गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,951 करोड़ रुपये थी। पिरामल फार्मा लिमिटेड की चेयरपर्सन नंदिनी पिरामल ने कहा कि .... तिमाही के दौरान मध्य राजस्व वृद्धि दर्ज की।

### रुपया 12 पैसे टूटकर 86.82 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच रुपया मंगलवार को 12 पैसे टूटकर 86.82 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) और आयातकों की ओर से मासान्त की डॉलर मांग ने रुपये पर और दबाव डाला। इसके अलावा, इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीति के फैसले से पहले निवेशक सतर्क हैं।

---

### भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन ने कहा

# प्रतिस्पर्धा के दबाव में अनैतिक तरीके अपना रहे हैं कुछ बैंक : डिप्टी गवर्नर

एजेंसी ⏭ मुंबई

तेज प्रतिस्पर्धा का दबाव और अल्पकालिक सफलता की चाहत कुछ बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अनैतिक तरीके अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर (डीजी) स्वामीनाथन जे ने यह बात कही।

■ एनबीएफसी बैंक अल्पकालिक सफलता चाहते हैं

डिप्टी गवर्नर ने पिछले शुक्रवार को तमिलनाडु के करूर में निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि इस ऋणदाताओं के प्रबंधन को लगता है कि ''साध्य साधन को सही ठहराता है।'' उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की प्रथाओं से बैंकिंग प्रणाली की अखंडता में जनता का भरोसा कम होने का खतरा है।

**खास बातें**

- स्वामीनाथन ने चेतावनी में कहा, इससे बैंकों पर भरोसा होगा कम
- बैंक बोर्ड और प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करे



### प्रतिस्पर्धा का दबाव बढ़ता जा रहा

डिप्टी गवर्नर ने अपने संबोधन में कहा, ''तेज प्रतिस्पर्धा का दबाव और अल्पकालिक सफलता की चाहत से प्रेरित होकर, कुछ बैंकों और एनबीएफसी के प्रबंधन का मानना है कि साध्य साधन को सही ठहराता है।'' केंद्रीय बैंक ने यह भाषण मंगलवार को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किया।

### बैंक कुछ उदार नियमों का सहारा ले रहें

स्वामीनाथन ने कहा कि कुछ ऋणदाता रचनात्मक लेखांकन और नियमों की उदार व्याख्या जैसी प्रथाओं का सहारा ले रहे हैं, और कुछ बोर्डरूम में अपर्याप्त आंतरिक नियंत्रणों को सामान्य बनाया जा रहा है। वाणिज्यिक बैंकर से नियामक बने स्वामीनाथन ने कहा, ''बोर्डरूम से लेकर शाखा तक, नैतिक प्रथाओं से जुड़ी और उनमें निहित प्रणालियों, लोगों और प्रक्रियाओं के साथ वृद्धि महत्वपूर्ण है।''

### प्रबंधन कड़ी मेहनत से भरोसा मजबूत करें

स्वामीनाथन ने कहा कि बैंक बोर्ड और प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वे उत्तरदायी सेवा, विश्वसनीय प्रणालियों और जिम्मेदार नेतृत्व के जरिये कड़ी मेहनत से हासिल भरोसे को और मजबूत करें।

### वैकल्पिक निवेश कोष में बैंक की निवेश सीमा तय

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों और एनबीएफसी सहित किसी एकल विनियमित संस्था (आरई) द्वारा वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) योजना में निवेश की सीमा कोष के 10 प्रतिशत तक तय की। भारतीय रिजर्व बैंक (एआईएफ में निवेश) निर्देश, 2025 के मुताबिक किसी भी एआईएफ योजना में सभी विनियमित संस्थाओं का कुल योगदान उस योजना के कोष के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। आरई से तात्पर्य बैंकों, एनबीएफसी और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों से है।

### 10 फीसदी से अधिक का योगदान नहीं करेगी

परिपत्र में कहा गया, ''कोई भी विनियमित इकाई व्यक्तिगत रूप से किसी एआईएफ योजना के कोष में 10 प्रतिशत से अधिक का योगदान नहीं करेगी।'' परिपत्र में यह भी कहा गया है कि आरबीआई सरकार के परामर्श से कुछ एआईएफ को मौजूदा परिपत्रों और संशोधित निर्देशों के दायरे से छूट दे सकता है।

---



## आलोक त्रिपाठी पूर्वी तट रेलवे के खुर्दा रोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक नियुक्त

**खुर्दा रोड।** भारतीय रेल यातायात सेवा (आईआरटीएस) के 1998 बैच के वरिष्ठ अधिकारी आलोक त्रिपाठी ने पूर्वी तट रेलवे के खुर्दा रोड मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) का कार्यभार संभाल लिया है। श्री त्रिपाठी ने श्री एच. एस. बाजवा से कार्यभार ग्रहण किया है, जिन्होंने खुर्दा रोड मंडल में समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ सेवा की है। पूरा मंडल श्री त्रिपाठी का हार्दिक स्वागत करता है और उनके नेतृत्व में और भी उपलब्धियाँ हासिल करने की आशा करता है। इस नियुक्ति से पहले, श्री त्रिपाठी रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली में कार्यकारी निदेशक (फ्रेट मार्केटिंग) के पद पर कार्यरत थे। दो दशकों से अधिक के विशिष्ट करियर के साथ, वे भारतीय रेलवे में विभिन्न प्रमुख पदों पर व्यापक प्रशासनिक और परिचालन अनुभव लेकर आए हैं।

श्री त्रिपाठी ने राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमिटेड (एनएचएस आरसीएल) में महाप्रबंधक सहित कई उल्लेखनीय पदों पर कार्य किया है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) में प्रतिनियुक्ति पर कार्य किया है। उनकी पूर्व भूमिकाओं में अहमदाबाद में सहायक परिचालन प्रबंधक (एओएम), वडोदरा में मंडल परिचालन प्रबंधक (डीओएम) और पश्चिम रेलवे में क्षेत्रीय रेल प्रबंधक (एआरएम) के पद शामिल हैं। उन्होंने राजकोट में वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) और राजकोट, वडोदरा और रतलाम मंडलों में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सीनियर डीओएम) के पद भी संभाले हैं। ९ दिसंबर, १९७४ को जन्मे श्री त्रिपाठी २० सितंबर, १९९९ को भारतीय रेलवे में शामिल हुए। उन्होंने आईआईटी, कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री प्राप्त की है; जो उनकी प्रशासनिक विशेषज्ञता को एक मजबूत तकनीकी आधार प्रदान करती है। खुर्दा रोड मंडल के नए डीआरएम के रूप में, श्री त्रिपाठी से पूर्वी तट रेलवे के सबसे व्यस्त मंडलों में से एक में परिचालन दक्षता, यात्री सुविधाओं और माल ढुलाई सेवाओं में और सुधार लाने की उम्मीद है।

---

## हैपिएस्ट माइंड्स का पहली तिमाही मुनाफा 11.9% बढ़ा

**नई दिल्ली।** हैपिएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज का चालू वित्त वर्ष (2025-26) की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 11.9 प्रतिशत बढ़कर 57.1 करोड़ रुपये रहा है। बेंगलुरु की इस आईटी कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 51 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी के बयान के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 18.5 प्रतिशत बढ़कर 549.9 करोड़ रुपये हो गई जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 463.8 करोड़ रुपये रही थी। तिमाही आधार पर लाभ में 67.9 प्रतिशत की और राजस्व में 0.9 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। हैपिएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जोसेफ अनंतराजू ने इस गति का श्रेय वित्त वर्ष की शुरुआत से पहले कंपनी द्वारा रेखांकित 10 रणनीतिक बदलावों एवं पहल को दिया।

## एमसीएक्स की इलायची वायदा कारोबार शुरू करने की घोषणा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) ने मंगलवार को इलायची वायदा कारोबार शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य मूल्य निर्धारण में सुधार और बेहतर मूल्य जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

■ उद्देश्य, मूल्य निर्धारण में सुधार लाना

एक्सचेंज शुरुआत में अगस्त, सितंबर, अक्टूबर और नवंबर, 2025 में समाप्ति वाले इलायची वायदा अनुबंधों की पेशकश करेगा, जिनका कारोबार 29 जुलाई से शुरू होगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह एक अनिवार्य डिलिवरी वायदा अनुबंध है जो 100 किलोग्राम इलायची का प्रतिनिधित्व करेगा और कीमतें पूर्व-वंदनमेडु (इडुक्की जिला, केरल) दरों के आधार पर उद्धत की जाएंगी। एमसीएक्स की



प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रवीणा राय ने कहा, /''हम मसाला उत्पादकों और उद्योग की ज़रूरतों को पूरा करने और डिजिटल रूप से सक्षम, किसान-समावेशी कृषि-अर्थव्यवस्था के सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करते हैं।/'' सीईओ ने कहा कि इलायची एक प्रीमियम जिंस है जिसकी वैश्विक मांग है, और यह अनुबंध उत्पादकों, व्यापारियों और निर्यातकों को मूल्य जोखिम से बचाव, आय की निश्चितता बढ़ाने और पारदर्शी मूल्य निर्धारण को बढ़ावा देने के लिए एक विश्वसनीय मंच प्रदान करेगा।

### कुशल जोखिम प्रबंधन माध्यम साबित होगा


*मसाला बोर्ड की अध्यक्ष संगीता विश्वनाथन ने कहा, ''यह अनुबंध मूल्य पारदर्शिता को बढ़ावा देगा और संपूर्ण इलायची मूल्य श्रृंखला के लिए एक कुशल जोखिम प्रबंधन माध्यम साबित होगा।/'' एमसीएक्स कृषि और गैर-कृषि दोनों प्रकार की वस्तुओं में वायदा अनुबंध प्रदान करता है।*

## शेयर बाजार में रंगत लौटी, सेंसेक्स 447 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी के दम पर स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को तीन दिन की गिरावट से उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स में 447 अंक की तेजी रही, जबकि निफ्टी 140 अंक चढ़ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 446.93 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 81,337.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 538.86 अंक चढ़कर 81,429.88 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 140.20 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 24,821.10 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजे को लेकर अनिश्चितता बने रहने के बीच घरेलू बाजार में सुधार देखा गया। हालांकि, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले और एक अगस्त से अमेरिकी शुल्क लागू होने की समयसीमा को देखते हुए निवेशक सतर्क रुख अपनाए हुए हैं।'' एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

■ रिलायंस एचडीएफसी बैंक के शेयरों में रही तेजी



### रिलायंस में रही सर्वाधिक तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज में सर्वाधिक 2.21 प्रतिशत की बढ़त रही। इसके अलावा लार्सन एंड टुब्रो, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, मारुति, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक भी लाभ में रहे।

### टीसीएस में रही गिरावट

हालांकि, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और आईटीसी के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

### एनएसई का लाभ 14 फीसदी बढ़कर 2,924 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 2,924 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया है, जो सालाना आधार पर 14 प्रतिशत अधिक है। देश के बड़े शेयर बाजार ने पिछले साल की समान तिमाही में 2,567 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एनएसई ने मंगलवार को बयान में कहा कि अप्रैल-जून, 2025 की तिमाही में अनुषंगी/ सहयोगी इकाइयों में निवेश की बिक्री, आयकर रिफंड और सेबी निपटान शुल्क से प्राप्त लाभ को छोड़कर उसका सामान्यीकृत एकीकृत शुद्ध लाभ 3,683 करोड़ रुपये रहा।

**आवश्यकता**

सुनहरा अवसर नौकरी-10500, सीटो पर सीधी पक्की भारती परमानेंट बेसिस पर पद-वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, (10ई +12ई) पास लड़के लड़कियां आवेदन कर सकते हैं आवेदन के लिए- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, अस्थाई निवास प्रमाण पत्र, व्हाट्सएप / कॉल करें- 9685327774 (रायपुर /02/अगस्त 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मो. 9340637789**

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 5943



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल,समय,पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु,मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र,बेटा-3
14. क्षार,खारा-2
15. दर,मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा,भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी,सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन,परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त,निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2. सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा,धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. माँ की माँ-2
18. भय,खौफ-2
20. वेग,गति-3
21. मुंह,चेहरा-2
22. पैर,ओहदा-2
23. वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी,कंद-5
25. सभागार,सभाकक्ष-5
26. भयंकर,खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर,डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 5942 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ज | क | पू | र | | अ | च | र | ज |
| ज | य | | रा | | क्षि | ति | ज | | त | ला |
| ना | | अ | मा | न | त | | र | वा | | व |
| न | सी | ह | | | व | ह | | म | का | न |
| खा | | म | | र | न | र | | | ल | |
| ना | म | क | र | ण | | स | ला | ह | का | र |
| | हा | | | वी | रा | ना | | र | | ज |
| का | न | न | | र | ज | | | जा | प्र | त |
| म | | र | ज | | घ | ब | रा | ना | | प |
| का | र | | ग | ज | रा | | ज | | प | ट |
| ज | न | म | त | | ना | ट | क | का | र | |

## सूडोकू नवताल- 5953

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल- 5952 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।

लाइफ Style

# भूमि

## हर किसी की होती है अपनी पसंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।



हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।



# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मावर्ल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें


**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिलटर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

टीवी मसाला



# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन



हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।

# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर :** साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती :** फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।

**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क :** अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।



**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन :** अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉर्ड्स जीतकर बनी कल्ट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

## 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



## फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉर्ड्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी :*** बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

*नई दिल्ली। अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*

### फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकतीः सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

### धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।



**नई फिल्म यानी नया जोखिम :** अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

### सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहींः अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'


### *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

# गिल-विराट सहित इन बल्लेबाजों ने टेस्ट क्रिकेट कप्तानी में डेब्यू करते ही लगाए सर्वाधिक शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तानी का प्रभाव खिलाड़ी पर पड़ता है। कुछ लोग इसके दबाव में बिखर जाते हैं और उन्हें कप्तानी रास नहीं आती। वहीं, कुछ खिलाड़ी अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। शुभमन गिल ने भी अपनी कप्तानी की डेब्यू सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी में कमाल किया है। इस बीच टेस्ट क्रिकेट इतिहास में कप्तानी में डेब्यू करते हुए सीरीज में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।





## शुभमन गिल (4* शतक)

गिल ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में 700 से अधिक रन बनाए हैं। कप्तानी करते हुए उनकी बल्लेबाजी और बेहतर नजर आई है। यही कारण है कि उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर निरंतर रन बनाने में सफलता हासिल की है। लॉर्ड्स टेस्ट को छोड़कर उन्होंने हेडिंग्ले, एजबेस्टन और मैनचेस्टर टेस्ट में शतक जड़े। दिलचस्प रूप से उन्होंने एजबेस्टन में 269 और 161 रन की पारियां खेलते हुए जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

## गिल ने हासिल की ये उपलब्धि

गिल अब किसी एक टेस्ट सीरीज में 700 से अधिक रन बनाने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय कप्तान बने हैं। उनसे पहले सुनील गावस्कर (732 रन बनाम वेस्टइंडीज) ऐसा कर चुके हैं।

## विराट कोहली (3 शतक)

बतौर कप्तान अपनी पहली टेस्ट सीरीज में 3 शतक लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान विराट कोहली हैं। 2014-15 में ऑस्ट्रेलिया में हुई टेस्ट सीरीज में कोहली ने टेस्ट कप्तानी में पदार्पण किया था और इस बल्लेबाज ने 2 शतक (115 और 141) लगाए थे। उस सीरीज में कप्तान के रूप में उनका दूसरा शतक सिडनी टेस्ट की दूसरी पारी में (147) आया था। उन्होंने उस सीरीज में कुल 4 शतक लगाए (1 धोनी की कप्तानी में) थे।



## ऑस्ट्रेलियाई कप्तानों ने लगाए 3 शतक

केवल 4 अन्य ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने कप्तानी करते हुए अपनी पहली टेस्ट सीरीज में 3 शतक बनाए थे। डॉन ब्रैडमैन ने 1936-37 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में 3 शतक बनाए थे। वारविक आर्मस्ट्रांग ने भी 1920-21 में घरेलू एशेज सीरीज में इतने ही शतक बनाए थे। ग्रेग चैपल ने 1975-76 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में यह उपलब्धि हासिल की थी। भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज 2014-15 में स्टीव स्मिथ ने कप्तानी करते हुए 3 शतक जड़े थे।

## खबर संक्षेप



### कारेनो बस्टा ने लियाम ड्राक्सल को हराया


**टोरंटो।** स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस चैम्पियनशिप में कनाडा के वाइल्ड कार्डधारक लियाम ड्राक्सल को 2-6, 6-4, 6-4 से हराकर जीत के साथ आगाज किया। कारेनो बस्टा ने 2022 में यह टूर्नामेंट जीता था। स्पेन के ही जाउमे मुनार ने कनाडा के डान मार्टिन को 6-3, 6-0 से हराया। आस्ट्रेलियाई क्वालीफायर ट्रिस्टन स्कूलकेट ने ब्राजील के जोओ फोंसेका को 7-6, 6-4 से हराया। अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड ने बेल्जियम के डेविड गोफिन को 6-4, 6-4 से मात दी।

### अश्विन ने झूठी खबर फैलाने वालों को लताड़ा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इस साल सितंबर में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ एशिया कप में मुकाबले खेलेगी। इसको लेकर के सोशल मीडिया में एक खबर वायरल हो रही थी, जिसमें रविचंद्रन अश्विन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के इस फैसले की आलोचना कर रहे थे। अब अश्विन ने इसे झूठी खबर करार दिया है। इसके साथ-साथ उन्होंने ऐसी गलत खबर फैलाने वालों को लताड़ लगाई है। अश्विन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस खबर को झूठा करार दे दिया। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा, 'मुझे इस झूठी खबर से मत जोड़िए। शर्म आनी चाहिए उन लोगों पर जो ये सब फैला रहे हैं।' बता दें कि अश्विन क्रिकेट जगत में अपनी मुखर प्रतिक्रियाओं के लिए पहचाने जाते हैं। वह खेल से जुड़े हर बड़े मुद्दे पर अपनी बात को कहने से नहीं चूकते हैं।

### बेन ने कप्तानी करते हुए बनाया ये बड़ा रिकॉर्ड



**मेनचेस्टर।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में बड़ा रिकॉर्ड बनाया। दरअसल, इस ऑलराउंडर ने भारत के विरुद्ध सीरीज में बल्लेबाजी में 300 से अधिक रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में 15 से ज्यादा विकेट हासिल किए। इसके साथ ही वह किसी एक टेस्ट सीरीज में 300+ रन बनाने के साथ-साथ 15+ विकेट हासिल करने वाले पहले इंग्लिश कप्तान बने हैं।भारत के खिलाफ मौजूदा सीरीज में, स्टोक्स ने 7 पारियों में 43.42 की औसत से 304 रन बनाए, जिसमें 1 शतक भी शामिल है। उन्होंने 25.23 की औसत से 17 विकेट भी लिए हैं, जिससे वह अब तक सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 1 पारी में 5 विकेट हॉल भी लिया। बता दें कि सीरीज के तीसरे और चौथे टेस्ट में स्टोक्स को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

इंग्लैंड बनाम भारत का निर्णायक और आखिरी टेस्ट मैच 31 जुलाई से ओवल मैदान में

# मैदान में पिच क्यूरेटर से भिड़े कोच गंभीर बोले-तुम हमें नहीं बताओ कि क्या करना है ?

एजेंसी ▶▶| केनिंग्टन ओवल

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 31 जुलाई से सीरीज का निर्णायक और आखिरी 5वां टेस्ट 'द ओवल' मैदान पर खेला जाना है। फिलहाल सीरीज में 2-1 से पिछड़ रही भारतीय टीम को सीरीज बचाने ओवल टेस्ट जीतना बहुत जरूरी हो गया है। टीम इंडिया जीत का परचम फहराने अपनी





तैयारियों में जुटी है। इस बीच खबर है कि भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर ओवल के मैदान के पिच क्यूरेटर ली फोर्टिस से नाराज दिखे और दोनों के बीच तीखी बहस भी हुई। बता दें कि इस मैदान के इतिहास में भारतीय टीम ने सिर्फ दो टेस्ट मैच ही जीते हैं वहीं इस मैदान में 45 टेस्ट मैच जीतकर इंग्लैंड टॉप पर है।

### पिच क्यूरेटर के सामने आपा खो बैठे गंभीर

रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर अभ्यास के लिए दी गईं सुविधाओं को लेकर नाराज थे। इसी बात को लेकर के फोर्टिस के सामने अपना आपा खो बैठे। दोनों की बातचीत एक बड़े विवाद में बदल गई। गुस्से में गंभीर ने फोर्टिस को उंगली दिखाते हुए कहा, तुम हमें नहीं बता सकते कि क्या करना है। बता दें कि इससे पहले भी भारतीय महिला टीम के एक मैच के दौरान भी फोर्टिस विवाद का हिस्सा रह चुके हैं।

### अभ्यास के लिए दी गई सुविधाओं से नाखुश थे गंभीर

कथित तौर पर गंभीर केनिंग्टन ओवल में भारतीय टीम को अभ्यास के लिए दी गई सुविधाओं से नाखुश थे और क्यूरेटर के व्यवहार से वे बेहद नाराज हो गए थे। बता दें कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब ओवल के पिच क्यूरेटर फोर्टिस का नाम विवाद में आया हो।

### भारत ने ओवल में जीते हैं केवल 2 टेस्ट मैच

1936 से 2023 के बीच भारत ने द ओवल में 15 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से सिर्फ 2 में उन्हें जीत मिली है और 6 में शिकस्त का सामना किया है। इस बीच 7 मैच ड्रॉ भी रहे हैं। भारत ने इस मैदान पर क्रमशः 1971 और 2021 में अजीत वाडेकर और विराट कोहली के नेतृत्व में जीत हासिल की थी। इंग्लैंड और भारत ने 1979 से 2007 के बीच यहां लगातार 5 मैच ड्रॉ खेले हैं।

### इंग्लैंड 45 मैच इस मैदान में जीतकर शीर्ष पर

रिपोर्ट के अनुसार, 1880 से 2024 के बीच, इंग्लैंड ने ओवल के मैदान पर कुल 106 टेस्ट खेले हैं। मेजबान टीम ने यहां पर 45 टेस्ट जीते हैं और 24 मैच हारे हैं, जबकि 37 मैच ड्रॉ रहे हैं। इस मैदान पर सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड भी इंग्लैंड के नाम ही दर्ज है। मेजबान टीम ने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 903/7 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित की थी।

### इन भारतीय खिलाड़ियों का रहा है अच्छा प्रदर्शन

ओवल में राहुल द्रविड़ सर्वाधिक रन वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। उन्होंने 110 की औसत के साथ 443 रन बनाए थे, जिसमें 2 शतक शामिल हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में केएल राहुल ने यहां 62.25 की औसत से 249 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने द ओवल में भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट (15) लिए हैं। इस मामले में किसी अन्य भारतीय के नाम 10 से ज्यादा विकेट नहीं हैं।

### इन इंग्लिश खिलाड़ियों ने ओवल में किया है कमाल

लियोनार्ड हटन टेस्ट क्रिकेट में द ओवल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने यहां 89.47 की औसत से 1,521 रन बनाए हैं। उनके नाम एक तिहरा शतक (364) भी है। इस बीच जो रूट ने इस मैदान पर 11 टेस्ट में 41.73 की औसत से 793 रन (2 शतक) बनाए हैं। इयान बॉथम ने ओवल में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट (52) लिए हैं।

बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सात्विक-चिराग मकाऊ ओपन के दूसरे दौर में



एजेंसी ▶▶| मकाऊ

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां मलेशिया के लो हैंग यी और एनजी इंग चियोंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर से जगह बनाने वाले सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशियाई जोड़ी को केवल 36 मिनट में 21-13, 21-15 से हराया। महिला एकल में अनमोल खरब और तस्नीम मीर अपने-अपने क्वालीफिकेशन मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में पहुंच गईं।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

अनमोल ने अजरबैजान की कीशा फातिमा अजाहरा को 21-11, 21-13 से, जबकि तस्नीम ने थाईलैंड की टिडाप्रोन क्लेबीसुन को 21-14, 13-21, 21-17 से हराया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला युगल जोड़ी चीनी ताइपे की लिन जियाओ मिन और पेंग यू वेई की जोड़ी से हारकर पहले दौर में ही बाहर हो गई। पुरुष युगल में डिंगकू सिंह कोंथौजम और अमान मोहम्मद ने हांगकांग के लॉ चेउक हिम और येउंग शिंग चोई को हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।

### सात्विक- चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बीडब्ल्यूएफ पुरूष युगल विश्व रैंकिंग में फिर शीर्ष दस में पहुंच गए। दोनों पिछले सप्ताह चीन ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे जिससे उन्हें तीन पायदान का फायदा मिला।

**अन्य खिलाड़ियों की ऐसी हैं रैंकिंग :** पुरूष एकल में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन 54442 अंक के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गए जबकि एच एस प्रणय दो पायदान चढकर 33वें स्थान पर हैं। महिला एकल में उन्नति हुड्डा कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 31वीं रैंकिंग पर पहुंच गई। सिंधू 15वें स्थान पर बनी हुई हैं।

# विश्व चैंपियनशिप में भारतीय तैराकों का निराशाजनक प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

भारतीय तैराकों का दोहा में चल रही विश्व तैराकी चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा जब कोई भी तैराक अपनी हीट से आगे नहीं बढ़ पाया। अनुभवी साजन प्रकाश अपने पसंदीदा 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 24वें स्थान पर रहे और सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए। प्रकाश ने 1:59.33 सेकंड का समय लिया। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस परिणाम के साथ ही 31 साल के प्रकाश का मौजूदा चैंपियनशिप में अभियान समाप्त हो गया। वह इससे पहले वह सोमवार को वह 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 43वें स्थान पर रहे थे।



### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

पुरुषों की 800 मीटर फ्रीस्टाइल में आर्यन नेहरा 8:21.30 सेकंड के सामान्य से कम समय के साथ 23वें स्थान पर रहे। फाइनल में केवल शीर्ष आठ तैराक ही आगे बढ़े। नेहरा ने चैंपियनशिप के पिछले सत्र (2023) में 08:00.76 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। उनका अभियान भी समाप्त हो गया। वह 50 मीटर बटरफ्लाई में 91 तैराकों में से 57वें स्थान पर रहे थे।


# मैनचेस्टर टेस्ट के ड्रॉ रहने के बाद ऐसी है डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस मुकाबले के बाद सीरीज में फिलहाल इंग्लिश टीम 2-1 से आगे है। पहली पारी के आधार पर 311 रन से पिछड़ने वाली भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया।

### शीर्ष पर मौजूद है ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलिया ने इस चक्र में अब तक 3 टेस्ट खेले हैं और सभी में जीत दर्ज की हैं। अंक तालिका में इस समय ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर बरकरार है। कंगारू टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने तीनों टेस्ट खेले हैं। श्रीलंका क्रिकेट टीम ने 2 में से 1 मैच जीता है और 1 ड्रॉ खेला है। फिलहाल 66.67 प्रतिशत अंकों के साथ श्रीलंकाई टीम दूसरे स्थान पर मौजूद है।



### चौथे स्थान पर बरकरार है भारतीय टीम

मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में यह भारत का पहला ड्रॉ रहा है। अब भारतीय टीम 33.33 प्रतिशत अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर बरकरार है। भारत ने इस चक्र में सिर्फ 1 टेस्ट (एजबेस्टन टेस्ट) जीता है और 2 में हार झेली है। दूसरी तरफ इंग्लैंड ने डब्ल्यूटीसी 2025-27 में अब तक 4 में से 2 मैच जीते हैं और 1 में हार झेली है। फिलहाल 66.67 प्रतिशत अंक के साथ इंग्लिश टीम तीसरे पायदान पर मौजूद है।

# एशियाई कप : भारत महिला टीम ग्रुप सी में जापान, वियतनाम और चीनी ताइपे के साथ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप सी में जापान, पूर्व चैंपियन चीनी ताइपे और वियतनाम के साथ रखा गया है। एक से 21 मार्च, 2026 तक चलने वाले 12 टीमों के इस टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ मंगलवार को सिडनी टाउन हॉल में आयोजित किये गए, जिसमें भारतीय मिडफील्डर संगीता बासफोर तीन ड्रॉ सहायकों में से एक थीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 12 टीमों को चार-चार टीमों के तीन ग्रुप में बांटा गया है।

### ग्रुप ए और बी में ये टीमें हैं शामिल

ग्रुप ए में मेज़बान ऑस्ट्रेलिया के साथ कोरिया गणराज्य, ईरान और फिलीपींस शामिल हैं। ग्रुप बी में उत्तर कोरिया, चीन, बांग्लादेश और उज़्बेकिस्तान शामिल हैं। चीन गत विजेता है और वह



रिकार्ड 10वां खिताब जीतने की कोशिश करेगा।

**भारतीय टीम का अभियान 4 मार्च से :** भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार मार्च, 2026 को पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में वियतनाम के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद भारत सात मार्च को इसी मैदान पर जापान से और फिर 10 मार्च को वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम में चीनी ताइपे से भिड़ेगा।


टेस्ट क्रिकेट में टूटा 148 साल पुराना रिकॉर्ड

# टीम इंडिया ने रचा इतिहास, एक सीरीज में बनाए 7 बार 350+ रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान ऐसा विश्व रिकॉर्ड बना दिया जो 148 वर्षों तक अटूट रहा। भारतीय टीम अब टेस्ट इतिहास की पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसने एक ही सीरीज में सात बार 350 या उससे अधिक रन बनाए हैं।

इससे पहले यह उपलब्धि (6 बार 350+ रन) अब तक ऑस्ट्रेलिया के नाम तीन बार रही लेकिन भारत ने उसका यह रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में भारत ने आठ पारियों में बल्लेबाजी की है और सिर्फ एक बार 350 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। फिलहाल पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में चार मैचों के बाद इंग्लैंड 2-1 से आगे है, लेकिन बल्लेबाजी के आंकड़ों में भारत पूरी तरह से हावी रहा है।



### नई टीम, नया कप्तान और नया इतिहास

भारतीय टीम की यह सफलता सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह एक संकेत है कि कैसे एक नई पीढ़ी के खिलाड़ी नेतृत्व की भूमिका निभा सकते हैं और दबाव की स्थिति में खुद को साबित कर सकते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी में टीम ने अनुशासित, आक्रामक और रणनीतिक क्रिकेट खेला। इस रिकॉर्ड तक पहुंचने का श्रेय केवल टॉप ऑर्डर को नहीं जाता, बल्कि मिडिल और लोअर ऑर्डर बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिए।

### गिल की कप्तानी में भारत ने दिखाया दम

इंग्लैंड दौरे के लिए पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी शुभमन गिल को सौंपी गई है और वे पहली बार इस भूमिका में हैं। टीम में कई नए चेहरे शामिल हैं क्योंकि अनुभवी खिलाड़ी रिटायर हो चुके हैं। इसके अलावा टीम को कई चोटों का भी सामना करना पड़ा। इन सबके बावजूद भारतीय टीम ने इंग्लैंड की सरजमीं पर दमदार खेल दिखाया और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया।

### गिल ब्रिगेड ने तोड़ा ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड

भारत की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने एक नई मिसाल कायम की है। इससे पहले टेस्ट क्रिकेट में अधिकतम 350+ स्कोर एक सीरीज में छह बार बनाए गए थे और वह भी केवल ऑस्ट्रेलिया द्वारा। सबसे पहले 1920-21 में ऑस्ट्रेलिया ने अपने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ छह बार 350 से अधिक रन बनाए थे। इसके बाद 1948 और 1989 में भी उन्होंने इंग्लैंड में यह कारनामा दोहराया।

### किसी टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक 350+ स्कोर

**7 बार** – भारत बनाम इंग्लैंड, 2025 (अवे)
**6 बार** – ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, 1920/21 (होम)
**6 बार** – ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, 1948 (अवे)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित अभियांत्रिकी कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** सी/20/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) ADEN (ट्रैक), नागपुर के अधिकार क्षेत्र में KAV-KP सेक्शन के बीच कि.मी. 1121/13-15 पर छोटे पुल क्रमांक 16 UP और DN का पुनर्निर्माण। (2) ADEN (ट्रैक), नागपुर के अधिकार क्षेत्र में KAV-KORADI सेक्शन के बीच कि.मी. 1 KORADI/1-2 पर छोटे पुल क्रमांक 02 UP और DN का पुनर्निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 4,62,92,656/-
**बयाना राशि:** ₹ 3,81,500/-

**2. निविदा क्र.:** सी/21/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम: (1)** ADEN (ट्रैक), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत KNHN-SAL सेक्शन के बीच कि.मी. 1110/15-17 पर छोटे पुल क्रमांक 37 UP और DN का पुनर्निर्माण। **(2)** ADEN (ट्रैक), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत RRL-KHAT सेक्शन के बीच कि.मी. 1087/11-14 पर छोटे पुल क्रमांक 71 UP और DN का पुनर्निर्माण। **(3)** ADEN (ट्रैक), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत SAL-CHCR सेक्शन के बीच कि.मी. 1103/29-32 पर छोटे पुल क्रमांक 46 UP और DN का पुनर्निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 5,73,54,301/-
**बयाना राशि:** ₹ 4,36,800/-

**3. निविदा क्र.:** सी/22/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम: (1)** ADEN, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र में कवर शेड और क्रॉस ड्रेनेज के निर्माण के साथ LHS 541 के एप्रोच रोड की मरम्मत। **(2)** ADEN, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र में LHS 525 पर पंप और सम्प के साथ कवर शेड का निर्माण। **(3)** ADEN, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र में कवर शेड और क्रॉस ड्रेनेज के निर्माण के साथ LHS 528 के एप्रोच रोड की मरम्मत।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 4,12,44,639/-
**बयाना राशि:** ₹ 3,56,200/-

**4. निविदा क्र.:** सी/23/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम: (1)** ADEN, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र में LHS 526 पर कवर शेड, ड्रेनेज आदि का निर्माण। **(2)** ADEN, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र में LHS TT-19 पर कवर शेड का निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम में सुधार, क्रॉस ड्रेनेज और कवर शेड के साथ पहुंच मार्ग की मरम्मत। **(3)** ADEN, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र में RUB TT-06 पर पंप और संप के साथ कवर शेड का निर्माण। **(4)** ADEN, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र में LHS TT-10 पर कवर शेड आदि का निर्माण। **(5)** ADEN, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र में LHS TT-10 पर जल भराव के लिए पंप के साथ नाली और संप का निर्माण और नई नालियों की व्यवस्था का निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 6,81,03,246/-
**बयाना राशि:** ₹ 4,90,500/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **14.08.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है।
इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

AIM/16-81

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## हाईकोर्ट ने दैनिक वेतन भोगियों के पक्ष में पारित किया राहतकारी आदेश

# गैर जिम्मेदाराना कार्यवाही के जरिए अधिकारों से वंचित करना लोगों में असंतोष पैदा करना है

हरिभूमि जबलपुर।

स्थाई कर्मी नीति का लाभ नहीं दिये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए अपने आदेष में कहा है कि गैर-जिम्मेदाराना कार्रवाई से अधिकारों से वंचित किया जाना लोगों में असंतोष और आक्रोश पैदा करना है। एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं को दो माह में स्थाई कर्मी नीति 2016 के लाभ प्रदान करने के आदेष जारी किये है।

याचिकाकर्ता नेहरू लाल झारिया सहित अन्य की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि मप्र राज्य वन विकास निगम में दैनिक वेतल भोगी के पद पर दिसम्बर 2005 में पदस्थ है। उन्होंने स्थाई कर्मी नीति 2016 के तहत नियमित किये जाने के आवेदन को अगस्त 2023 को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि उनकी नियुक्ति दिसम्बर 1988 से पहले नहीं हुई थी। इसलिए वह दैनिक वेतन भौगी कर्मचारी की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते है। जिसके कारण उक्त याचिका दायर की गयी है।

एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि स्थाई कर्मी नीति के अनुसार,कर्मचारी ने 10 वर्ष की सेवा पूरी करना आवष्यक हे। कर्मचारी 16.मई.2007 से 01 सितम्बर 2016 तक कार्यरत रहे हो। प्राधिकारी ने अपने आदेश में 2013 के कुछ अन्य नियमों पर भी विचार किया है। यह नियम तक प्रभारी तो जब याचिकाकर्ताओं को उक्त नियम, 2013 के



अनुसार लाभ प्रदान करने पर विचार किया जा रहा हो। जिस नियम के तहत लाभ प्रदान किया जाना है,उसकी नीतियों व आवष्यकताओं को देखा जाना चाहिये।

एक अधिकारी द्वारा पारित आदेष इसका ज्वलंत उदाहरण है कि राज्य की लाभकारी योजना का लाभ लाभार्थी तक न पहुँचे और लाभार्थी को राज्य द्वारा बनाई गई नीति का लाभ न मिलने से कष्ट उठाना पड़े। इसका उद्देश्य न्यायिक प्रणाली पर बोझ बढ़ाना और लाभार्थियों को उनके उचित अधिकारों से वंचित करना है। कार्यपालिका की ऐसी गैर-जिम्मेदाराना कार्रवाई से अपने अधिकारों से वंचित लोगों में असंतोष और आक्रोश पैदा करना है।एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं को स्थाई कर्मी नीति का लाभ दो माह में प्रदान करने के आदेष जारी किये है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता राजेष चंद्र तथा हैरी बामोरिया ने पैरवी की।

**हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 31 जुलाई को**

## ओबीसी वर्ग के बेकलॉग पदों में हेरा-फेरी को चुनौती

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर उच्च शिक्षा विभाग की भर्ती में ओबीसी के बैकलॉग पदों में हेराफेरी का आरोप लगाया गया है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मप्र लोक सेवा आयोग व अन्य से जवाब मांगा है। कोर्ट ने याचिका की एक कॉपी महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को देने के निर्देश भी दिए। मामले पर अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। सागर निवासी लीलाधर लोधी, दीपक सिंह ठाकुर, इंदौर निवासी शुभम चौधरी, प्रेमलता, बालाघाट निवासी खुशबू चौरसिया व अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व हितेंद्र गोहलानी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि आयोग ने 30 दिसंबर 2024 को उच्च शिक्षा विभाग में अंग्रेजी विषय में सहायक प्राध्यापकों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया। इसमें 2019 के पूर्व के अंग्रेजी विषय में ओबीसी वर्ग के कुल 31 बैकलॉग पदों को शामिल किया गया है। दलील दी गई कि आयोग ने 30 दिसंबर 2022 को अंग्रेजी विषय में सहायक प्राध्यापक के कुल 200 पद विज्ञापित किए थे। उसमें ओबीसी के बैकलॉग पद विज्ञापित नहीं किए गए थे। उसकी नियुक्ति प्रक्रिया अभी जारी है। याचिकाकर्ता उक्त 2022 की भर्ती परिक्षा में शामिल हुए थे, लेकिन उनको साक्षात्कार में कम अंक देकर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इसके अलावा कई ओबीसी के अभ्यर्थियों को 13 फीसदी में होल्ड भी कर दिया गया है।

## हाई कोर्ट ने निर्वासन आदेश को अनुचित पाकर किया निरस्त

जबलपुर। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने जिला दंडाधिकारी द्वारा पारित निर्वासन आदेश व संभागायुक्त के अपीलीय आदेश को अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। ये दोनों आदेश कलेक्टर खंडवा व संभागायुक्त इंदौर द्वारा पारित किए गए थे। याचिकाकर्ता अमित जैन उर्फ गोलू की ओर से अधिवक्ता अंचन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि सिमी आतंकी के विरुद्ध एक प्रकरण में याचिकाकर्ता गवाह था। इसीलिए उसे दुर्भावनावश फंसाया गया है। जिस अपराध में वह पूर्व में निर्वासित हो चुका है, उसी को आधार बनाकर नए सिरे से निर्वासन आदेश जारी करा दिया गया। पुलिस अधीक्षक खंडवा के प्रतिवेदन पर ठीक से विचार किए बिना ही जिला दंडाधिकारी कलेक्टर खंडवा ने निर्वासन आदेश पारित कर दिया। जिस अंतिम अपराध को निर्वासन के लिए प्रयुक्त किया गया, उसके अंतर्गत मशाल जुलूस के भभके से जलाने का था। जबकि वस्तुस्थिति यह है कि वह मामूली चोट थी, जो इरादतन नहीं थी, महज दुर्घटना थी। याचिकाकर्ता प्रतिवर्ष कांवड़ यात्रा निकालता है, जिससे उसकी ख्याति फैल गई है। इसीलिए दुर्भावना रखने वाले अधिकारी विरोध में आ गए। पुलिस को झूठी शिकायत कर फंसाया गया है।

## डॉक्टर पति को करंट देकर मारने की आरोपी पत्नी को आजीवन कारावास की सजा बरकरार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने डॉक्टर पति को करंट देकर मारने की आरोपी प्रोफेसर पत्नी ममता पाठक को मिली आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस देवनारायण मिश्रा की युगलपीठ ने कहा कि घटना के दिन कोई अन्य व्यक्ति बाहर से नहीं आया। परिस्थितियों की पूरी कड़ी इस ओर इंगित करती है कि पत्नी ने ही पहले नशीली दवा देकर पति को बेहोश किया और बाद में करंट लगाकर मौत के घाट उतार दिया। कोर्ट ने पूर्व में सजा पर दिया गया अस्थायी निलंबन निरस्त करते हुए आरोपी ममता पाठक को शेष कारावास भुगतने के लिए तत्काल ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करने के निर्देश दिए। इस मामले में हाईकोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 29 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रखा था।



वर्ष 2021 में ग्वालियर में सेवानिवृत्त डॉ नीरज पाठक की रहस्यमय मौत हो गई थी। शुरुआत में पत्नी ममता ने बताया था कि वह बेटे के साथ झांसी गई थी और लौटने पर पति मृत मिले। लेकिन जब जांच शुरू हुई तो कहानी में कई परतें खुलीं। पुलिस ने आरोप लगाया कि एक कॉलेज में केमिस्ट्री की प्रोफेसर ममता पाठक ने अपने पति को पहले नींद की गोलियां दीं और फिर उन्हें इलेक्ट्रिक शॉक देकर मार डाला। ड्राइवर के बयान, नीरज की वायरल हुई एक ऑडियो क्लिप, जिसमें वह कह रहे हैं कि उनकी पत्नी उन्हें प्रताड़ित करती हैं, और ममता की एक पुरानी शिकायत ने इस केस को मजबूत बना दिया। 2022 में सेशन कोर्ट ने ममता को हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। लेकिन इसके बाद उसने हाई कोर्ट में अपील दायर की और कुछ माह पहले जमानत मिल गई थी।

### आरोपी ने दिया था रासायनिक विश्लेषण

दरअसल, जब इस प्रकरण की सुनवाई चल रही थी, तब आरोपी महिला ने हाईकोर्ट में पोस्टमार्टम प्रक्रिया का रसायनिक विश्लेषण कर चौंका दिया था। कोर्ट ने आरोपी महिला से सवाल किया था कि आप पर अपने पति की इलेक्ट्रिक करंट से हत्या का आरोप है, इस पर आपका क्या कहना है। यह सुनते ही ममता ने केमिस्ट्री के ज्ञान के बल पर कहना शुरू कर दिया कि सर, पोस्टमार्टम रूम में थर्मल बर्न और इलेक्ट्रिक बर्न में अंतर कर पाना संभव नहीं है। जब करंट शरीर से गुजरता है, तो मेडिकल मेटल के कण टिशू में जम जाते हैं। बाद में लैब में उसे एचसीएल या नाइट्रिक एसिड में घोलकर परीक्षण किया जाता है। वहां असली पहचान होती है कि बर्न किस कारण से हुआ।

**गोहलपुर थाना क्षेत्र में वारदात से सनसनी**

# दादी की हत्या कर, नातिनों के बांध दिए हाथ पैर

हरिभूमि जबलपुर।

गोहलपुर थाना अतंर्गत जय प्रकाश नारायण वार्ड निवासी एक बुजुर्ग महिला अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी और उसकी नातिन जो उसके पास सो रही थी उसके हाथ पैर बांध दिए थे। बताया गया है कि नातिनों को किसी बेहोशी की दवा सुंघाई गई और उसके बाद उनके हाथ पैर बांध दिए गए। रात में कुछ देर के लिए लाईट भी गोल हुई थी, संभवतः उसी दौरान यह वारदात की गई। बहरहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की विवेचना कर रही है।

इस संबंध में गोहलपुर पुलिस का कहना है कि मृतिका के परिजनों का यह आरोप है कि क्षेत्रीय लोगों से उनका विवाद चल रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में मृतिका के पुत्र अनिल




चौधरी निवासी जय प्रकाश नारायण वार्ड पूजा स्टील के पास ने बताया कि उनकी मां 70 साल की हीरा बाई चौधरी सोमवार की रात करीब 10 बजे अपने कमरे में सोने चली गई थीं। मां के साथ उनकी दोनों नातिन भी सो रही थीं। सुबह मां के न जागने पर दरवाजा खोलकर देखा तो उसकी दोनों बेटियों के हाथ-पैर बंधे हुए थे और मां हीराबाई चौधरी मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। जिनके गले और आंख के पास चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। बेटियों को उठाया तो वह अर्ध बेहाशी की स्थिति में बात कर रही थीं, जैसे किसी ने उन्हें नशा दे दिया हो। दोनों बेटियों का कहना है कि उन्हें कुछ पता ही नहीं चला कि कमरे में कौन आया था। बड़ी बेटी सुनयना का कहना है कि रात में लाइट गोल हुई थी, इसके अलावा मुझे कुछ याद नहीं है।

### दरवाजा खुला मिला

इधर दूसरी और मृतिका की बेटी मीना चौधरी ने पुलिस को बताया कि रात उसकी मां और भाई अनिल की दोनों बेटियां साथ में सोती थीं। बेटियों के कमरे में होने के कारण प्रतिदिन दरवाजा अंदर से बंद रहता था। सुबह दरवाजा अंदर से खुला हुआ था। किसी ने सुनियोजित तरीके से मां हीरा बाई की हत्या की है। क्षेत्र के कुछ लोगों से हमारे परिवार का विवाद भी चल रहा है। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।







## बाईक से बाईक टकराई, 1 की मौत, 2 घायल

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अतंर्गत एनएच 45 जबलपुर भोपाल रोड पर ग्राम जमखार के पास आजू बाजू से चल रही मोटरसायकिलें आपस में टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। घटना के संबंध में बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पौड़ी खुर्द में पाटन निवासी आकाश आदिवासी, देवराज आदिवासी जो आपस में ममेरे, फुफेरे भाई है, मोटरसायकिल से बेलखेड़ा रिश्तेदारी में गंगाजली कार्यक्रम में जा रहे थे। इस दौरान ग्राम जमखार के पास पहुंचे तभी मोटर सायकल के आगे जा रही मोटर सायकल वाले को बाजू से टक्कर मारकर तीनों गिर गए, मोटर सायकल चलाने वाला कूद गया आकाश और देवराज को हाथ पैर, सिर एवं शरीर में चोटें आईं। देवराज की मौके पर मृत्यु हो गयी आकाश को मोटर सायकल चलाने वाला इलाज हेतु अस्पताल लेकर गया है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।











**नागपंचमी में सक्रिय रही वन विभाग की टीम**

## 21 सपेरों से मुक्त कराए गए 58 सर्प

**जबलपुर।** मंगलवार को जिले में नागपंचमी मनाई गई, श्रृध्दालुओं ने पूजन अर्चन किया। वहीं दूसरी तरफ सांपों पर अत्याचार न हो इसके लिये वन विभाग का अमला टीमें बनाकर पूरे जिले में सक्रिय रहा। सबसे अधिक सतर्कता जबलपुर के ग्रामीण इलाकों में बरती गई। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित सिहोरा, कटंगी, मझौली पाटन बरगी में टीमें सक्रिय रहीं। सपेरों को पकड़ने वन विभाग ने रेंज स्तर पर अलग-अलग टीमें बनाई हुई हैं। शाम तक गश्ती





दल ने करीब 21 सपेरों का दबोच लिया था, जिनसे 58 सर्प पकड़े गए और उन्हें मुक्त कराया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी अपूर्व शर्मा ने बताया गया है कि इन सपेरों के पास से 51 कोबरा प्रजाति के और 7 धवन प्रजाति के सर्प पकड़े गए। कुल 58 सर्पों को सपेरों के कब्जे से मुक्त कराया गया। उन्होंने बताया कि वन विभाग की लगातार की जा रही कार्रवाई के चलते सपेरों की संख्या में पिछले वर्षों के मुकाबले कमी आई है। लोगों में भी काफी जागरूकता आयी है। इस वर्ष वन सुरक्षा समिति एवं ग्राम वन समितियों का सहयोग लेकर उडनदस्ता दल को और प्रभावी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान सर्पो को पकड़ना एवं उनका प्रदर्शन भारतीय वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अपराध है। इसकी धाराओं एवं उपधाराओं का उल्लंघन करने पर सख्त सजा का प्रावधान है। सपेरों द्वारा सर्पों को पकडने के दौरान सर्प घायल हो जाते हैं उनका विषदंत तोड़ने से वे अपनी रक्षा नहीं कर पाते है जिसके कारण कई सर्पों की मृत्यु भी हो जाती है। सर्पों को पकडने एवं प्रदर्शन करने लिए किसी व्यक्ति वो उकसाना भी समतुल्य अपराध की श्रेणी में आता है। वन विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा आमजनों को समझाईश दी जा रही है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240